3 राजधानी
पकड़ी गई बीस करोड़ की हेरोइन

6 अभिमत
कार्पोरेट क्षेत्र के मुनाफे में वृद्धि

9 राष्ट्रीय
रक्षामंत्री आज मंगोलिया और जापान यात्रा पर जाएंगे

10 विदेश
वरिष्ठ अमेरिकी राजनयिक इस सप्ताह आएंगे भारत

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 295
नई दिल्ली, सोमवार, 5 सितंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



रफेल नडाल अगले दौर में पहुंचे
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# टाटा संस के पूर्व चेयरमैन साइरस मिस्त्री का सड़क हादसे में निधन

- अहमदाबाद से मुम्बई जाते समय डिवाइडर से टकराई तमाम सुरक्षा फीचर्स वाली मर्सीडीज कार
- पुलिस ने हादसे का कारण तेज रफ्तार बताया, महाराष्ट्र सरकार ने दिए जांच के आदेश

**पायनियर समाचार सेवा**। मुंबई/नई दिल्ली

**देश** के प्रतिष्ठित कारोबार, समूह टाटा संस के पूर्व चेयरमैन और शापूरजी पल्लोनजी ग्रुप के मुखिया साइरस मिस्त्री की रविवार को सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। अहमदाबाद से मुम्बई जाते समय राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर महाराष्ट्र के पालघर जिले में उनकी कार एक संकरे पुल पर डिवाइडर से टकरा गई। पुलिस हादसे का कारण तेज रफ्तार बता रही है।

महाराष्ट्र सरकार ने पूरे मामले की जांच के आदेश दिए हैं। पालघर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) बालासाहेब पाटिल के अनुसार, मिस्त्री अहमदाबाद से मुंबई जा रहे थे। कार में उनके साथ दक्षिण मुंबई स्थित ब्रीच कैंडी अस्पताल की शीर्ष स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अनाहिता पंडोले, उनके पति एवं जेएम फाइनेंशियल प्राइवेट ( शेष पेज 8 )



शापूरजी पल्लोनजी ग्रुप के मुखिया साइरस मिस्त्री (फाइल फोटो) की दुर्घटनाग्रस्त कार

## पीएम मोदी समेत तमाम दिग्गजों ने जताया शोक

**पायनियर समाचार सेवा**। नई दिल्ली

**देश** के जाने माने उद्योगपति और शापूरजी पल्लोनजी ग्रुप के अध्यक्ष ओर टाटा संस के पूर्व प्रमुख साइरस मिस्त्री की सड़क हादसे में मौत से देशभर में शोक का माहौल है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मिस्त्री की मृत्यु को उद्योगजगत के लिए बड़ी क्षति बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि साइरस मिस्त्री का असामयिक निधन चौंकाने वाला है। वह एक होनहार व्यवसायी थे, जो भारत की ( शेष पेज 8 )

# रैली से राहुल के पार्टी अध्यक्ष बनने की संभावना हुई पुख्ता

- कांग्रेस नेता ने भाजपा और आरएसएस पर देश में नफरत का माहौल बनाने का लगाया आरोप

**पायनियर समाचार सेवा**। नई दिल्ली

**पूर्व** कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने रविवार को महंगाई के खिलाफ 'जंग' छेड़ने का ऐलान किया। उन्होंने एनडीए सरकार पर देश में नफरत का माहौल बनाने तथा लोगों में गुस्सा और घृणा फैलाने का आरोप लगाया। राहुल गांधी के रविवार को महंगााई पर हल्ला बोल आह्वान ने भले ही केंद्र की एनडीए सरकार को चेताया हो या न हो लेकिन इस प्रभावशाली प्रदर्शन ने कांग्रेस के आगामी सांगठनिक चुनाव में उनके फिर से पार्टी अध्यक्ष बनने की संभावना को पुख्ता कर दिया है।

एक के बाद एक वक्ताओं ने उन्हें अपना नेता बताया तथा उनसे फिर से पार्टी की कमान संभालने का अनुरोध किया। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुख कमलनाथ ने राहुल गांधी के हाथ को मजबूत करने का आह्वान किया, वहीं कांग्रेस के लोकसभा में नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि हम राहुल गांधी को अध्यक्ष बनाना चाहते हैं। यहां पोस्टरों में भी उन्हें अध्यक्ष बनाने की इच्छा जताई गई है। यहां तक कि तथाकथित जी-23 के भूपेंद्र सिंह हुड्डा जैसे नेता ने भाषण देने से पहले राहुल गांधी जिंदाबाद के नारे लगाए, जबकि मुकुल वासनिक ने सोनिया और राहुल को अपना नेता बताया। राहुल ने कांग्रेस की, महंगाई पर हल्ला-बोल रैली में यह भी कहा कि अब विपक्ष के पास जनता के पास जाने और सीधा संवाद करने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है, इसीलिए कांग्रेस सात सितंबर से भारत जोड़ो यात्रा निकालने जा रही है।

नेशनल हेराल्ड से संबंधित कथित धनशोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की पूछताछ का उल्लेख करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को समझ लेना चाहिए कि वह (राहुल) ईडी से नहीं डरने वाले हैं। राहुल गांधी ने कहा, जबसे भाजपा की सरकार आई है तबसे देश में नफरत और क्रोध बढ़ता जा रहा है। उनके मुताबिक, जिसको डर होता है, उसी के दिल में नफरत पैदा होती है। जिसको डर नहीं होता, उसके दिल में नफरत पैदा नहीं होती। उन्होंने दावा ( शेष पेज 8 )

### कांग्रेस की महंगाई पर हल्ला बोल रैली



नई दिल्ली में रविवार को कांग्रेस की रैली को संबोधित करते राहुल गांधी। फोटोः रंजन डिमरी

### राहुल और जिम्मेदारी कभी एक साथ नहीं चल सकते : भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा**। नई दिल्ली

**भाजपा** ने रविवार को लोकतंत्र के चार स्तंभों पर कथित रूप से हमला करने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी की निंदा की और कहा कि लोगों ने भाजपा को वोट दिया है और कांग्रेस को नकारते हुए उसका सफाया कर दिया है। मतदाताओं को पता है कि काम कौन करता है। रामलीला मैदान में आयोजित कांग्रेस की रैली में राहुल गांधी के संबोधन के तुरंत बाद संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने राहुल के भाषण को अपरिपक्व और दोहराव बताते हुए कहा कि राहुल और जिम्मेदारी कभी एक साथ नहीं चल सकते। कांग्रेस की रैली को परिवार बचाओ रैली करार देते हुए भाजपा नेता ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में जमानत पर चल रहे सोनिया ( शेष पेज 8 )

# आजाद ने शुरू किया नया सियासी सफर

- जम्मू में एक रैली में कहा-जनता नई पार्टी के नाम और झंडे के बारे में करेगी फैसला

**पायनियर समाचार सेवा**। जम्मू

**गुलाम** नबी आजादी ने कांग्रेस पार्टी छोड़ने के बाद रविवार को अपनी पहली रैली में अपनी पार्टी के एजेंडे पर रोशनी डाली जिसमें जम्मू कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल कराना, राज्य के नागरिकों के भूमि और रोजगार के अधिकारों की सुरक्षा तथा कश्मीरी पंडितों की वापसी और पुनर्वास शामिल हैं।

जम्मू के पास सैनिक कॉलोनी में एक बड़ी सभा को संबोधित करते हुए वरिष्ठ नेता ने कहा कि वह जम्मू कश्मीर की जनता और नेताओं से परामर्श करने के बाद अपनी नई पार्टी का नाम घोषित करेंगे। उन्होंने यह भी साफ किया कि पार्टी का नाम न तो मौलाना की उर्दू में होगा और ना ही पंडित की संस्कृत में। जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री आजाद के जम्मू हवाई अड्डे पर पहुंचने पर बड़ी संख्या में उनके समर्थकों ने उनका स्वागत किया और फिर एक जुलूस में उन्हें रैली स्थल तक ले गए।

आजाद के साथ मंच पर पूर्व उप मुख्यमंत्री तारा चंद, कांग्रेस से उनके समर्थन में इस्तीफा देने वाले कई पूर्व मंत्री एवं विधायक, पूर्व पीडीपी विधायक सैयद बशीर तथा अपनी पार्टी के पूर्व विधायक शोएब नबी लोन उपस्थित थे। आजाद ने इस मौके पर कहा कि उनकी नई पार्टी जम्मू कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल किए जाने, उसके नागरिकों के लिए भूमि और नौकरियों के अधिकार सुरक्षित करने तथा कश्मीरी पंडितों की वापसी एवं पुनर्वास पर ध्यान देगी।

अपनी पार्टी के लिए समाज के सभी वर्गों का समर्थन मांगते हुए आजाद ने कहा, हमने नई पार्टी का नाम और इसका झंडा अभी तक तय नहीं किया है। मैं दिल्ली में बैठकर आदेश जारी नहीं करुंगा। नाम और झंडा तय करने के लिए कश्मीर और जम्मू दोनों के लोगों और नेताओं से मशविरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी का नाम ऐसा होगा जिसे आसानी से ( शेष पेज 8 )



जम्मू में रैली को संबोधित करते गुलाम नबी आजाद

# केरल की पूर्व मंत्री शैलजा का मैगसेसे पुरस्कार लेने से इनकार

- शैलजा ने कहा, पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व की सलाह पर लिया फैसला

**पायनियर समाचार सेवा**। तिरुवनंतपुरम/नई दिल्ली



**मार्क्सवादी** कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की वरिष्ठ नेता और केरल की पूर्व स्वास्थ्य मंत्री केके शैलजा ने रविवार को रैमन मैगसेसे पुरस्कार लेने से इनकार कर दिया है। पूर्व मंत्री ने इसके लिए फिलीपीन के दिवंगत राष्ट्रपति की कम्युनिस्टों के खिलाफ कथित क्रूरता को कारण बताया है।

माकपा की केंद्रीय समिति की सदस्य शैलजा ने पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व से सलाह-मशविरा करने के बाद यह फैसला किया। शैलजा ने केरल में संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने इस पुरस्कार को अस्वीकार कर दिया, क्योंकि उन्हें व्यक्तिगत तौर पर इसे प्राप्त करने में कोई दिलचस्पी नहीं है। वहीं, माकपा महासचिव सीताराम येचुरी ने कहा कि यह पुरस्कार रैमन मैगसेसे के नाम पर है, जिनका फिलीपीन में कम्युनिस्टों को कथित तौर पर कुचलने का इतिहास रहा है।

केरल की पूर्व स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि उन्हें उस काम के लिए पुरस्कार देने के लिए विचार किया गया, जो वास्तव में सामूहिक प्रयास था और उनके द्वारा इसे (पुरस्कार) व्यक्तिगत तौर पर प्राप्त करना सही नहीं है। कुछ मीडिया संस्थानों ने खबर दी कि शैलजा ने पार्टी के साथ विचार-विमर्श के बाद पुरस्कार लेने से इनकार कर दिया है। शैलजा ने कहा कि शायद गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) कम्युनिस्ट विचारधारा के पक्ष ( शेष पेज 8 )

# अशोक गहलोत से मिले थरूर, कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव पर हुई चर्चा

**पायनियर समाचार सेवा**। नई दिल्ली

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने रविवार को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मुलाकात की, जिस दौरान दोनों ने पार्टी के भविष्य के कदमों और अध्यक्ष के चुनाव को लेकर चर्चा की। सूत्रों ने यह जानकारी दी है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गहलोत के साथ थरूर की यह मुलाकात उस वक्त हुई है, जब कुछ दिनों पहले ही तिरुवनंतपुरम से लोकसभा सदस्य ने संकेत दिया था कि वह कांग्रेस अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ सकते हैं। सूत्रों ने बताया कि थरूर रविवार अपराह्न यहां जोधपुर हाउस पहुंचे और गहलोत से मुलाकात की। सूत्रों ने जानकारी दी कि गहलोत और थरूर के बीच हुई करीब आधे घंटे की मुलाकात के दौरान पार्टी के भविष्य के कदमों तथा अध्यक्ष के चुनाव के संदर्भ में चर्चा हुई। कांग्रेस की ओर से घोषित चुनाव कार्यक्रम के अनुसार, 22 सितंबर को पार्टी अध्यक्ष पद के चुनाव की ( शेष पेज 8 )

# झारखंड के विधायक छत्तीसगढ़ से रांची पहुंचे



रायपुर से एक विशेष विमान से रांची हवाईअड्डे पहुंचे संप्रग विधायक

**पायनियर समाचार सेवा**। रांची

- यूपीए के 30 विधायक विधानसभा के विशेष सत्र भाग लेने विमान से आए

**छत्तीसगढ़** में डेरा डाले झारखंड के सत्तारूढ़ संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) के कम से कम 30 विधायक विधानसभा के विशेष सत्र में भाग लेने के लिए रविवार को एक विशेष विमान से रांची पहुंचे। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

झारखंड के ये विधायक 30 अगस्त से रायपुर के पास एक रिजॉर्ट में डेरा डाले हुए थे। हवाई अड्डे के एक अधिकारी ने कहा, विधायकों को लेकर आया विशेष विमान रांची में उतरा है। कथित तौर पर सरकार गिराने के लिए विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा उसके विधायकों की खरीद-फरोख्त की आशंका के कारण मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाले ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,803 | |
| निफ्टी | 17,539 | |
| सोना | 50,729 | /10g |
| चांदी | 53,429 | /kg |

## क्विक न्यूज

### बांग्लादेश की पीएम हसीना की चार दिवसीय यात्रा आज से

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना सोमवार को भारत की चार दिवसीय यात्रा पर आएंगी। इस दौरान भारत और बांग्लादेश रक्षा, व्यापार और नदी जल बंटवारे के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के उपायों की घोषणा कर सकते हैं। हसीना और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच मंगलवार को होने वाली वार्ता के बाद दोनों पक्षों के बीच कुशियारा नदी के जल के अंतरिम बंटवारे सहित कई समझौतों पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। हसीना का बृहस्पतिवार को राजस्थान के अजमेर में सूफी संत मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पर जाने का भी कार्यक्रम है। हसीना के प्रतिनिधिमंडल में विदेश मंत्री एके अब्दुल मोमेन, वाणिज्य मंत्री टीपू मुंशी, रेल मंत्री मोहम्मद नूरूल इस्लाम सुजान और प्रधानमंत्री के आर्थिक मामलों के सलाहकार मशिउर एके एम रहमान शामिल होंगे।

# टोमैटो फ्लू के मामलों पर विशेषज्ञों ने चेताया

- आने वाले दिनों में जारी रह सकता है संक्रमण
- कोविड के बाद मंकी पॉक्स, अब नई बीमारी

**पायनियर समाचार सेवा**। नई दिल्ली



**टोमैटो** फ्लू या हाथ-पैर मुंह का रोग (एचएफएमडी) का पहला मामला 6 मई को आने के बाद से अबतक संक्रमण के 100 से अधिक मामले सामने आ चुके हैं। यह बीमारी देशभर में मुख्य रूप से 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में सामने आई है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि मानसून के मौसम में वायरल संक्रमण बढ़ने की संभावना है।

इस संक्रमण में शरीर के विभिन्न हिस्सों पर टमाटर के रंग जैसे छोटे लाल छाले होने के कारण इसका नाम टोमैटो फ्लू पड़ा है। अब तक देश के चार राज्यों केरल, तमिलनाडु, हरियाणा और ओडिशा से टोमैटो फ्लू के मामले सामने आए हैं। दिल्ली स्थित आरएमएल अस्पताल के स्किन स्पेशलिस्ट डॉ. भावुक धीर ने कहा कि कोविड के बाद मंकीपॉक्स और अब टोमैटो फ्लू (एचएफएमडी) वायरल बीमारी के युग की तरफ ओर बढ़ने के स्पष्ट संकेत हैं।

इस संबंध में कई शोधकर्ताओं ने पहले ही भविष्यवाणी की थी। डॉ. धीर ने कहा कि टोमैटो फ्लू एक अलग बीमारी नहीं बल्कि हाथ और मुंह के संक्रमण का एक प्रकार है। जो अत्यधिक संक्रामक कॉक्ससेकी वायरस ए 16 (एक गैर-पोलियो एंटरोवायरस) के कारण होता है, जिससे नाक, गले से होने वाले रिसाव और मल द्वार से निकलने वाले द्रव के कारण फैलता है। उन्होंने कहा कि ज्यादातर मामलों में यह हल्का मौसमी बुखार जैसा होता है जो इलाज से ठीक हो जाता है।

लेकिन कुछ मामलों जैसे दिमागी बुखार और अधिक संक्रमण के कारण मरीज को जटिलताएं हो सकती हैं। पिछले महीने, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने टोमैटो फ्लू के संबंध में दिशानिर्देश जारी कर इसके लक्षण, उपचार वे अन्य वायरल संक्रमणों के अलावा मरीज को अलग रखना, आराम, अधिक मात्रा में तरल पदार्थ देने के साथ जलन और चकत्ते से राहत के लिए गर्म पानी से उसको स्पंज करना आदि है। बुखार और शरीर में दर्द के लिए पैरासिटामोल के साथ संबंधित चिकित्सा और अन्य रोगसूचक उपचार की आवश्यकता होती है।


# चिड़ियाघर में रहेगा हाथी शंकर, जंगल नहीं जाएगा

- बाड़े में ही दिया जाएगा अनुकूल माहौल, अफ्रीका से दो मादा हथनियां भी लाई जाएंगी
- केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय के पैनल ने की कई सिफारिशें, शीघ्र हाईकोर्ट को सौंपी जाएगी रिपोर्ट

**अर्चना ज्योति**। नई दिल्ली

**दिल्ली** स्थित मशहूर चिड़ियाघर में पिछले दो दशकों से अकेले रहने वाले अफ्रीकी हाथी शंकर को जंगल में नहीं छोड़ा जा सकता है। उसे तनावमुक्त रखने और आजाद महसूस कराने के लिए उसके व्यवहार और आसपास के वातावरण का पूरा ख्याल रखा जाएगा।

यह भी सुनिश्चित किया जाए कि वह अकेला भी महसूस न करे। शंकर को चिड़ियाघर में साथ देने के लिए अफ्रीका से दो मादा हाथियों को लाने का भी प्रयास किया जाएगा। ये केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय द्वारा गठित तीन सदस्यीय पैनल की सिफारिशें हैं।



यह पैनल जल्द ही दिल्ली उच्च न्यायालय को अपनी रिपोर्ट सौंपेगा। पैनल का गठन अदालत के निर्देश पर किया गया था, जिसने पिछले साल एक स्कूली छात्र की याचिका के बाद शंकर के अकेलेपन का संज्ञान लिया था। वर्ष 1998 में जिम्बाब्वे से तत्कालीन राष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा को राजनयिक उपहार के रूप में यह हाथी मिला था। मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि रिपोर्ट जल्द ही अदालत को सौंपी जाएगी। पैनल का प्रतिनिधित्व केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण (सीजेडए), भारतीय पशु कल्याण बोर्ड (एडब्ल्यूबीआई) और मंत्रालय में परियोजना हाथी के एक अधिकारी कर रहे हैं। उन्होंने इस हाथी को जंगल में छोड़ने के विकल्प को पूरी तरह खारिज कर दिया है, क्योंकि यह जीवन भर बाड़े में ही रहा है। यदि उसे जंगल में छोड़ा जाता है तो उसके सामने जीवित रहने का संकट खड़ा हो जाएगा। क्योंकि, यह अफ्रीकी मूल का है, इसलिए इसे अपने भारतीय आवास में एशियाई हाथी के साथ रहना आसान नहीं होगा।

अफ्रीकी मूल की दो मादा हथनियों को शंकर के पास लाने की सिफारिश करते हुए पैनल ने पशु संवर्धन सुनिश्चित करने के कई तरीके सुझाए हैं। इनमें जानवरों के लिए मानसिक और शारीरिक उत्साह या जीने की प्रेरणा पैदा करना, उनकी शारीरिक गतिविधि को बढ़ाने, उनके दिमाग को उत्तेजित करने, सकारात्मक सामाजिक संपर्क तथा प्राकृतिक व्यवहार-माहौल को बढ़ावा देना शामिल है। उदाहरण के लिए, हाथियों के लिए कीचड़ में स्नान करना सबसे पसंदीदा कर्म है। बाड़े में भी हाथी ( शेष पेज 8 )

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 5 सितंबर, 2022



# नोएडा एयरपोर्ट पर भारतीय मेहमान नवाजी और स्विट्जरलैंड की कुशलता की दिखेगी झलक

- टर्मिनल बनाने के लिए खुदाई का काम शुरू: क्रिस्टोफ
- एयरपोर्ट से आते-जाते समय लोग अपने परिवार के साथ आराम से समय बिता सकें

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का तेजी से चल रहा है। टर्मिनल बिल्डिंग बनाने के लिए खुदाई का काम शुरू हो गया है। इस बिल्डिंग को स्विस कंपनी ने डिजाइन किया है, जिसमें भारतीय मेहमान नवाजी और गर्मजोशी के साथ स्विट्जरलैंड की कुशलता का मिश्रण दिखेगा।



प्रतिकात्मक फोटो

यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट के सीईओ क्रिस्टोफ श्नेलमैन ने बताया कि एयरपोर्ट 2024 के अंत चालू हो जाएगा। टर्मिनल बिल्डिंग के बारे में बताया कि इसका डिजाइन भारतीय संस्कृति को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। इसका डिजाइन इस तरह से बनाया गया है, जिसमें लोग एयरपोर्ट से आते-जाते समय अपने परिवार के साथ आराम से समय बिता सकें। सफेद, पारभासी, लहराती छत यात्रियों के लिए एक आरामदायक माहौल देगी। बिल्डिंग में स्विस कुशलता के साथ भारतीय मेहमान नवाजी और गर्मजोशी की झलक दिखेगी।

सीईओ ने बताया कि एयरपोर्ट पूरी तरह से आधुनिक होगा और डिजिटल होगा। एयरपोर्ट पर सेवाएं संपर्क रहित तरीके से दी जाएंगीं। इसके लिए सहायता तकनीकी भागीदारों की ली जाएगी। एयरोपोर्ट में इंडोर जियो.लोकेशन, आइडेंटिटी मैनेजमेंट, फ्लो मैनेजमेंट, डेटा माइनिंग जैसी तकनीकी सुविधाएं दी जाएंगीं। तकनीक को साइबर खतरे से बचाने के लिए सुनिश्चित किया जाएगा। भारतीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय की डिजीयात्रा नीति के तहत एयरपोर्ट में एक ही आईडी से सभी काम हो जाया करेंगे। बार-बार चेकिंग प्वाइंट पर आईडी दिखाने की जरूरत नहीं होगी। पेपरलेस, बायोमेट्रिक की जरूरत नहीं होगी। बुनियादी ढांचा इस तरह का होगा, जिससे कि यात्रियों और गैर यात्रियों को स्वच्छ और साफ माहौल मिल सके। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट हाई स्पीड रेल, मेट्रो और सड़क परिवहन से कनेक्ट रहेगा। एयरपोर्ट का मास्टरप्लान 40 तक का होगा, जिसमें समय के अनुसार सुविधा के लिए बदलाव किए जा सकेंगे।

नोएडा, ग्रेटर नोएडा और दिल्ली सहित आसपास के शहरों को अच्छे से हवाई अड्डे से जोड़ा जाएगा। मेट्रो प्रोजेक्ट की रिपोर्ट जल्दी पूरी हो जाएगी। एयरपोर्ट एक रनवे के साथ शुरू हो जाएगा।

एयरपोर्ट के पास हर साल एक करोड़ 20 लाख यात्रियों को सुविधा मुहैया कराने की क्षमता होगी। एयरपोर्ट 1334 हेक्टेयर भूमि पर बनाया जाएगा। साल 2061 में रियायत के अंत तक, नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को दो समानांतर रनवे और 70 मिलियन यात्रियों की सेवा के लिए अतिरिक्त टर्मिनल क्षमता के साथ विकसित किया जाएगा।

# मां ने बेटी संग मिलकर पति को मौत के घाट उतारा

## लाश को गाड़ी में दूर छोड़ आए, अवैध संबंधों के शक में हुई हत्या, दंपती के बीच रोज होता था झगड़ा

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद में पत्नी ने सिर में पत्थर मारकर सर्राफा व्यापारी पति की हत्या कर दी। लाश को गाड़ी में डालकर करीब डेढ़ किलोमीटर दूर छोड़ आईं। रविवार सुबह व्यापारी का शव उनकी कार में पड़ा मिला। पुलिस ने कुछ ही घंटे में केस सुलझाते हुए आरोपी पत्नी व बेटी को गिरफ्तार कर लिया। खुलासा हुआ कि सर्राफा व्यापारी के एक महिला से अवैध संबंध थे। इसे लेकर घर में लड़ाई रहती थी। रोज-रोज की लड़ाई दूर करने के लिए पत्नी ने बेटी संग मिलकर पति को मार डाला।

रविवार सुबह करीब चार बजे फेंटम पुलिसकर्मी गश्त कर रहे थे। इस दौरान कमला नेहरूनगर में उन्हें वैगनआर कार सड़क किनारे संदिग्ध अवस्था में खड़ी मिली। कार के अंदर एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला। मृतक की पहचान मधुबन बापूधाम थाना क्षेत्र में संजयनगर सेक्टर-23 स्थित ड.ब्लॉक निवासी अमित वर्मा 40 साल के रूप में हुई, जो सर्राफा व्यापारी थे। कार के अंदर और आसपास खून के धब्बे थे।

सिर पर चोट के निशान थे। आशंका जाहिर हुई कि हत्या की गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। छानबीन शुरू कर दी। कविनगर सर्किल सीओ रितेश त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस जब अमित वर्मा के घर पहुंची तो खून से सना एक पत्थर और एक कपड़ा पोंछा मिला। जब पुलिस ने पत्नी शालू से पूछताछ की तो पता चला कि अमित के एक अन्य महिला से अवैध संबंध थे। अमित कई बार दूसरी महिला के साथ जब आपत्तिजनक अवस्था में होता था तो भी वो पत्नी को वीडियो कॉल करता था। अक्सर इस बात को लेकर घर में लड़ाई रहती थी। शनिवार रात भी अमित ने शराब पीकर पत्नी की पिटाई की। सीओ ने बताया कि शनिवार रात करीब एक बजे अमित की 16 साल की नाबालिग बेटी ने उसके सिर में पत्थर से प्रहार किया। इससे अमित बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। सिर से काफी खून बह गया।



मृतक की फाइल फोटो व आरोपी पत्नी



इसी कार में मिली थी लाश


इसके बाद मां-बेटी उसकी लाश को उठाकर वैगनआर गाड़ी में ले गईं। घर से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर सड़क किनारे गाड़ी खड़ी करके छोड़ आईं। सीओ ने बताया कि जब पुलिस को अमित मिला और उसे अस्पताल ले जाया गया तो डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इस मामले में मृतक की पत्नी और बेटी गिरफ्तार हैं। पुलिस ने इस मामले में दोनों अभियुक्तों पर साक्ष्य छिपाने की धाराएं भी लगाई हैं। अमित की हत्या जिस वक्त की गई, उस वक्त वो बैड पर लेटा हुआ था। सिर से खून बहने की वजह से सारा गद्दा लाल हो गया। इसके अलावा जब लाश को घसीटकर वो गाड़ी तक लाईं तो घर की सीढ़ियां भी खून में सन गईं। मां-बेटी ने रात में ही छत पर ले जाकर गद्दा धोकर सुखाने को रख दिया और सीढ़ियां भी साफ कर दीं।

## प्रॉपर्टी डीलर के कार्यालय पर फायरिंग, पुलिस जांच में जुटी

**गाजियाबाद।** टीला मोड़ थानाक्षेत्र की इंद्रप्रस्थ कालोनी में प्रापर्टी डीलर ने अपने कार्यालय पर फायरिंग का आरोप लगाया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। इंद्रप्रस्थ कालोनी में जावली के रहने वाले जितेंद्र कसाना का प्रापर्टी का कार्यालय है। बजे वह अपने साथी राकेश कसाना और राजसिंह के साथ बैठे हुए थे। तभी एक बाइक पर आए दो युवकों ने उनके कार्यालय पर गोली चला दी। गोली कार्यालय के शीशे में लगी। पीड़ित ने करीब सवा चार बजे घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर जांच के बाद केस दर्ज कर लिया है। इस संबंध में सीओ साहिबाबाद का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पीड़ित का 90 लाख रुपये के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा है।

# अधिकारियों से दुर्व्यवहार करना चौकी इंचार्ज को पड़ा भारी, डीसीपी ने किया सस्पेंड

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



ग्रेटर नोएडा के डीसीपी ने कार्य में लापरवाही और अधिकारियों से दुर्व्यवहार के आरोप में कासना कोतवाली में कार्यरत एक दरोगा को निलंबित किया है।

डीसीपी द्वारा बुधवार को अजायबपुर चौकी इंचार्ज को कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित किया गया था। डीसीपी की कार्रवाई से पुलिसकर्मियों में हड़कंप मचा हुआ है। डीसीपी अभिषेक वर्मा ने बताया कि कासना कोतवाली में कार्यरत दरोगा सुमित कुमार को निलंबित किया गया है। दरोगा द्वारा कार्य में लापरवाही बरती जा रही थी और अधिकारियों के साथ उनका व्यवहार अच्छा नहीं था। जिसके चलते दरोगा के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई है।

उधर डीसीपी द्वारा अजायबपुर चौकी इंचार्ज को भी निलंबित किया गया था। दरोगा पर एक गुमशुदगी के मामले में लापरवाही बरतने का आरोप लगा था। उन्होंने कहा अगर कोई भी पुलिसकर्मी लापरवाही करता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# आवासीय टावर बनाने का विरोध करेगी आरडब्ल्यूए

- पार्क, बच्चों के खेलने के मैदान और मंदिर के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

सुपरटेक एमरॉल्ड कोर्ट सोसाइटी में ट्विन टावर की जगह किसी भी तरह का आवासीय टावर बनाने का विरोध आरडब्ल्यूए करेगी। यहां पर सिर्फ पार्क, बच्चों के खेलने के लिए मैदान और मंदिर बनाने को लेकर सहमति देंगे। अगर बिल्डर ने यहां अवैध रूप से निर्माण करने की कोशिश की तो फिर से अदालत का दरवाजा खटखटाएंगे।



नियम के तहत इस जमीन पर 66 प्रतिशत लोगों की सहमति के बिना बिल्डर कोई निर्माण नहीं कर सकेगा। शुक्रवार को सुपरटेक बिल्डर की ओर से कहा गया था कि ट्विन टावर ध्वस्त होने के बाद जो जमीन खाली हुई है उस पर एक आवास परियोजा विकसित करने की सोच रहा है। इसके लिए नोएडा प्राधिकरण के समक्ष योजना का प्रस्ताव पेश किया जाएगा। बिल्डर ने कहा कि यदि संबंधित विभाग के अधिकारियों ने मंजूरी नहीं दी तो वह भूमि की लागत और अन्य खर्चों को लेकर दावा करेंगे। इस पर एमरॉल्ड कोर्ट की आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष उदयभान सिंह तेवतिया ने कहा कि बिल्डर के इस कदम का हर जगह विरोध किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि जिस जगह बिल्डर ने अवैध रूप से ट्विन टावर खड़े किए थे वह हरित क्षेत्र के रूप में निर्धारित किया गया था। अब मलबा हटने पर तीन महीने के बाद यहां पर एक पार्क बनवाया जाएगा।

इसके अलावा बच्चों के खेलने के लिए मैदान व मंदिर भी यहां बने, यह सोसाइटी के लोग भी चाहते हैं। जल्द ही इसको लेकर सोसाइटी के लोगों के बीच बैठक की जाएगी। आरडब्लयूए के पूर्व अध्यक्ष राजेश राणा ने कहा कि अगर अब भी बिल्डर कुछ गलत करने का प्रयास करेगा तो वह सीधे तौर पर उच्चतम न्यायालय के फैसले को चुनौती देना जैसा होगा।

# फ्लैट नहीं बनने पर एटीएस के खरीदारों का धरना-प्रदर्शन

- बिल्डर के ऑफिस तक पैदल मार्च कर की नारेबाजी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

एटीएस बिल्डर की सेक्टर-132 स्थित एटीएस बुके परियोजना में तय समय में फ्लैट बनकर तैयार नहीं होने पर खरीदारों ने प्रदर्शन किया। खरीदारों ने परियोजना स्थल से पोस्टर और बैनर लेकर एटीएस बिल्डर के ऑफिस तक पैदल मार्च निकाल जमकर नारेबाजी की।

खरीदारों ने आरोप लगाया कि बिल्डर ने अभी तक निर्माण पूरा नहीं किया है वहीं दूसरी ओर बकाया नहीं देने पर प्राधिकरण ने लीज डीड भी कैंसिल कर दी है। ऐसे में खरीदार अधर में लटक गए हैं। प्रदर्शन में मौजूद एटीएस बुके वेलफेयर एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी अजय जैन ने कहा कि बिल्डर ने हमारे जीवन भर की कमाई लूट ली।

लोन की किश्तें भरते हुए भी परेशान हो चुके हैं। इस समस्या का समाधान निकाला जाना जरूरी है। प्रदेश के मुख्यमंत्री से गुजारिश है कि वह हमारी मदद करें।

एसोसिएशन के ज्वाइंट ट्रेजरर निखिल सिंघल ने कहा कि बार-बार कहने के बाद भी एटीएस बिल्डर ने प्राधिकरण का बकाया नहीं चुकाया और अब इसका नतीजा हमें भुगतना पड़ रहा है। हमें उम्मीद है कि हमारे इस प्रदर्शन से स्थानीय प्रशासन का ध्यान इस ओर जाएगा। उन्होंने कहा कि न्याय मिलने पर हर सप्ताह इसी तरह प्रदर्शन करेंगे।

# गाजियाबाद में 25 साल बाद निगम की दुकानों का किराया बढ़ाने की मंजूरी

- नगर निगम को हर साल 10 करोड़ रुपये मिलेंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद




नगर निगम की 1702 दुकानों का किराया डीएम सर्किल रेट बाजार दर से बढ़ाने की मंजूरी शासन से मिल गई है। 25 साल बाद दुकानों का किराया बढ़ेगा। निगम को हर साल 10 करोड़ रुपये मिलेगा।

अभी तक केवल 50 लाख रुपये किराया ही मिल रहा था। नगर निगम की सिटी जोन में 1447, मोहननगर जोन में 95, कविनगर जोन में 105 और विजयनगर जोन में 28 दुकानें हैं। दुकानों का किराया 25 साल से नहीं बढ़ाया गया था। जिस किराये पर दुकानों का आवंटन हुआ उसी दर से मौजूदा समय में भी किराया लिया जा रहा था।

कहीं पर दुकान का किराया 500 रुपये तो कहीं पर दो हजार रुपये है। जबकि, बाजार दर में आठ से 20 हजार रुपये दुकानों का किराया है।

निगम बाजार दर से दुकानों का किराया बढ़ाने और मूल आवंटी के नहीं मिलने पर आवंटन निरस्त करने का प्रस्ताव बोर्ड बैठक में लाया था। लेकिन, सदन ने 10 फीसदी किराया ही बढ़ाया। इसके बाद नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर ने दुकानों का किराया सर्किल रेट से लिए जाने का प्रस्ताव शासन को भेजा था।

वित्त संस्थान के बाद शासन ने नगर निगम को पत्र भेजकर सर्किल रेट से दुकानों का किराया बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। दुकानदारों को इस साल अप्रैल से बढ़ा किराया देना होगा।

# पार्किंग शुल्क मशीन से लिया जाएगा अवैध वसूली पर लगेगी लगाम

- इंटीग्रेटेड स्मार्ट पार्किंग मैनेजमेंट सिस्टम को भी मंजूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

उप सचिव अखिलानंद ब्रह्मचारी ने पत्र भेजकर इंटीग्रेटेड स्मार्ट पार्किंग मैनेजमेंट सिस्टम को भी मंजूरी दे दी है। स्मार्ट पार्किंग से अवैध वसूली खत्म हो जाएगी। पार्किंग में मशीन से शुल्क लिया जाएगा। एप के माध्यम से पार्किंग की सभी जानकारी वाहन मालिक के पास होंगी। नगर निगम की बोर्ड बैठक नौ सितंबर को होगी।

इसमें आठ बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। बैठक में हंगामा होने के आसार हैं क्योंकि ज्यादातर वार्डों में विकास कार्य नहीं हो रहे। बोर्ड बैठक का आयोजन निगम सभागार में होगा। बैठक में जिन बिन्दुओं पर चर्चा होगी वह तैयार किया जा रहा है। स्मार्ट पार्किंग और निगम की डेढ़ हजार से ज्यादा दुकानों के संबंध में शासन से आए पत्र पर चर्चा की जाएगी। वार्डों में विकास कार्य न होने पर वार्ड की समस्याओं पर चर्चा होगी। हरित पट्टी और पार्कों को निगम के हस्तान्तरित के लिए गाजियाबाद विकास प्राधिकरण जीडीए के पत्र पर भी सदन में चर्चा की जाएगी।

नीतिगत विषय जिन पर कार्यकारिणी सदस्य या सदन में कभी चर्चा नही हुई उन पर भी मंथन किया जाएगा। निगम द्वारा दी गई व्यवसायिक पार्किंग के ठेके पर बात की जाएगी। निगम द्वारा कराए डिजीटल टैक्स सर्वे और डोर-टू-डोर कूड़ा क्लेक्शन व वार्ड में कूड़ा उठाने का कार्य निजी फर्म को देने पर चर्चा की जाएगी।

# एक करोड़ की अफीम जब्त, 5 तस्कर धरे

- ट्रेन से झारखंड से दिल्ली लाकर 6 राज्यों में करते थे सप्लाई

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद पुलिस ने झारखंड से तस्करी कर लाई गई पांच किलो अफ ीम बरामद की है। इस मामले में एक महिला सहित पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि अंतरराष्ट्रीय मार्केट में इस अफीम की कीमत एक करोड़ रुपए है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी तस्कर

पकड़े गए आरोपी श्याम बिहारी निवासी अलीगंज बरेली, विनोद गुप्ता निवासी लातेहार झारखंड, गवेंद्र निवासी आंवला बरेली, देवेंद्र निवासी अलापुर बदायूं और एक महिला हैं। इनसे पांच किलो अफीम व तस्करी में इस्तेमाल ईको कार मिली है। गाजियाबाद पुलिस की क्राइम ब्रांच टीम ने कविनगर थाना क्षेत्र में डायमंड फ्लाईओवर से सभी को गिरफ्तार किया है। सिटी निपुण अग्रवाल ने बताया, मुख्य अभियुक्त विनोद है। ग्रेजुएट पासआउट विनोद पूर्व में ई-रिक्शा चलाता था। ज्यादा आमदनी नहीं होने की वजह से इसने मादक पदार्थों की तस्करी शुरू कर दी। झारखंड स्थित रांची से ये गैंग पूरे उत्तर भारत में अफ ीम की तस्करी करता है। किसी को शक न हो, इसलिए गैंग में कुछ महिलाएं भी साथ रहती हैं।

पूछताछ में आरोपियों ने अफीम की सप्लाई गाजियाबाद, बरेली, अलीगढ़, गाजियाबाद, दिल्ली आदि शहरों में करने की बात कुबूली है। यह गैंग ऑन डिमांड सप्लाई करता है। माल लोड होते ही उसके डिलीवर होने तक पूरे गैंग के मोबाइल बंद रहते हैं, ताकि किसी की लोकेशन ट्रेस न होने पाए। आज ये गैंग दिल्ली तक माल को ट्रेन से लाया और फिर ईको गाड़ी में रखकर इसकी सप्लाई करने बरेली जनपद जा रहा था। ये गिरोह दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, राजस्थान तक अफीम की सप्लाई करता है।

एक अन्य आरोपी श्याम बिहारी ने बताया, मैं आठवीं तक पढ़ा हूं और बरेली के फैजुल्लापुर में जूते-चप्पल की दुकान करता हूं। इसी की आड़ में मादक पदार्थों की तस्करी भी करने लगा। बरेली के श्याम बिहारी को इस अफीम की सप्लाई उत्तराखंड और पश्चिमी यूपी के कई इलाकों में करनी थी।

# पलक झपकते ही लूट लेते थे चेन गोली लगने से दो बदमाश घायल

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा की थाना सेक्टर 20 पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान दो बदमाश घायल हो गए। दोनों घायल बदमाशों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह लोग शातिर किस्म के चेन लुटेरे है, इनपर दिल्ली एनसीआर में दो दर्जन से ज्यादा मुकदमे दर्ज है।

शनिवार रात को थाना सेक्टर 20 पुलिस भारद्वाज हॉस्पिटल के पास चेकिंग कर रही थी तभी एक मोटरसाइकिल पर दो संधिक्त आते है दिखे, जिन्हें पुलिस ने चेकिंग के लिए रोका लेकिन वो नही रुके। जब पुलिस ने उनका पीछा किया तो उन्होंने पुलिस पर फ ायरिंग शुरु कर दी। उनका पीछा करते हुए पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की एइस दौरान दोनों बदमाशों को पैर में गोली लग गयी और वो गिर गए।

पुलिस ने दोनों को घायल अवस्था मे पकड़ लिया और नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। दोनों बदमाशों की पहचान अरुण और आरुष के रूप में हुआ।

यह दोनों ही दिल्ली के रहने वाले है। यह शातिर के स्नेचर है जो आये दिन मोबाइल व चैन लूट की घटनाओं को अंजाम दिया करते थे। दिल्ली, नोएडा और गाजियाबाद में यह लोग 50 से ज्यादा वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। इन लोगों के खिलाफ25 से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं।

# ग्रेनो प्राधिकरण ने एसोटेक इंफ्रास्ट्रक्चर का भूखंड आवंटन किया रद्द

- बिल्डर ने निर्माण तो दूर नक्शा भी पास नहीं कराया

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने एसोटेक इंफ्रास्ट्रक्चर को 15 साल पहले सेक्टर पाई में आवंटित ग्रुप हाउसिंग भूखंड का आवंटन रद्द कर दिया है। बिल्डर ने अभी तक इस प्लॉट पर निर्माण तो दूर, नक्शा भी पास नहीं कराया, जिसके चलते यह कार्रवाई की गई है।



ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ व मेरठ मंडलायुक्त सुरेन्द्र सिंह ने सभी विभागों को निर्देश दिए हैं कि जो आवंटी लंबे समय से प्राधिकरण से आवंटित भूखंड लिए बैठे हैं, प्रोजेक्ट नहीं बना रहे हैं, उनके आवंटन को रद्द कर दिया जाए। प्राधिकरण उन भूखंडों को अपने कब्जे में लेकर नई स्कीम के जरिए आवंटित करेगा। प्राधिकरण के बिल्डर विभाग ने इस पर अमल करते हुए एसोटेक इंफ्र ास्ट्रक्चर को सेक्टर पाई में आवंटित ग्रुप हाउसिंग भूखंड का आवंटन रद्द कर दिया है। प्राधिकरण के बिल्डर विभाग के ओएसडी सौम्य श्रीवास्तव ने बताया कि बीआरएस-06 स्कीम के जरिए 2006 में एसोटेक इंफ्रास्ट्रक्चर को सेक्टर पाई में 18141 वर्ग मीटर का प्लॉट संख्या-07 आवंटित किया गया था। अक्तूबर 2006 में ही बिल्डर ने प्लॉट की लीज डीड कराते हुए कब्जा भी ले लिया।

*''ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से प्लॉट आवंटित कराने के बाद तय समय में प्रोजेक्ट पूरा न करने वाले किसी भी आवंटी को बख्शा नहीं जाएगा। उसके खिलाफइसी तरह की कार्रवाई की जाएगी, वह चाहे बिल्डर हो, उद्यमी या फिर कोई और हो। ऐसे आवंटियों से जमीन वापस लेकर प्राधिकरण नए सिरे से आवंटन करेगा, ताकि उन पर प्रोजेक्ट बन सकें। ''*

**-सुरेन्द्र सिंह, सीईओ ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण व मेरठ मंडल आयुक्त**

बिल्डर को छह वर्ष में निर्माण कार्य पूर्ण कर अधिभोग प्रमाणपत्र लेना था। इस अवधि के बाद प्राधिकरण से निर्धारित शुल्क जमा कराकर कुछ और समय प्राप्त किया जा सकता है, लेकिन बिल्डर ने निर्माण करना तो दूर नक्शा भी पास नहीं कराया और न ही समय वृद्धि के लिए आवेदन किया। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण में लीज डीड से 15 वर्ष पूरा होने के बाद किसी तरह की रियायत देने का प्रावधान नहीं है। मार्च 2022 में एसोटेक इंफ्रास्ट्रक्वर को आवंटित भूखंड की अवधि 15 साल भी पार हो गई।

इन 15 वर्षों में बिल्डर ने अधिभोग प्रमाणपत्र लेना तो दूर की बात है, नक्शा भी पास नहीं कराया है, जिसके चलते ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने एसोटेक इंफ्रास्क्रर को सेक्टर पाई में आवंटित भूखंड संख्या-07 का आवंटन रद्द कर दिया है और बिल्डर को आवंटित 18141 वर्ग मीटर जमीन भी शीघ्र अपने कब्जे में ले लेगा।

प्राधिकरण उस प्लॉट को नई स्कीम के जरिए आवंटित करेगा। सौम्य श्रीवास्तव ने बताया कि बिल्डर की तरफसे इस प्लॉट के एवज में जमा कुल धनराशि में से 25 फीसदी की कटौती कर शेष रकम वापस कर दी जाएगी। बिल्डर ने इस प्रोजेक्ट में किसी फ्लैट खरीदार की बुकिंग किए जाने की जानकारी भी प्राधिकरण को नहीं दी है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# रैली ने जगाई कांग्रेस की उम्मीदें

## मार्च निकाल रहे पार्टी समर्थकों और पुलिसकर्मियों के बीच झड़प हुई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



राजधानी के रामलीला मैदान में आयोजित कांग्रेस की रैली में भारी संख्या में उमड़े लोग। फोटो: रंजन डिमरी

रामलीला मैदान में महंगाई और केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ रैली में उमड़ी भीड़ ने कांग्रेस की उम्मीदे जगा दी है। रैली में बड़ी तादात में लोगों के पहुंचने की आशंका को देखते हुए रैली स्थल के आसपास स्थानीय पुलिस के साथ अर्धसैनिक बलों को बड़ी संख्या में तैनात किया गया था। अधीर रंजन चौधरी अपने समर्थकों के साथ मार्च निकाल रहे थे और इसी दौरान समर्थकों और सुरक्षाकर्मियों के बीच झड़प भी हुई। उसके बाद कांग्रेस समर्थकों को पुलिस ने रामलीला मैदान में आकर छोड़ दिया। वहीं पश्चिम बंगाल से आए पार्टी समर्थकों ने अलग तरह से महंगाई के खिलाफ विरोध किया है। राजधानी में कांग्रेस की रैली आमतौर ज्यादा भीड़ नहीं जुटती है लेकिन महंगाई के खिलाफ कांग्रेस की रविवार को हल्ला बोल रैली को सफल करार दिया जा रहा है। इसकी मुख्य वजह इस रैली में गर्मी और उमस के बावजूद बड़ी संख्या में लोग रामलीला मैदान में पहुंचे। इसमें दिल्ली के कितने लोग थे यह स्पष्ट रूप से नहीं कहा जा सकता है लेकिन प्रदेश नेतृत्व रैली का सफल आयोजन कर साख बचाने में कामयाब रहा। साथ ही दिल्ली में पार्टी को खोया जनाधार दोबारा पाने की दिशा में मददगार साबित हो सकता है।

**दिल्ली पुलिस ने ट्वीट कर दी ट्रैफिक डायवर्जन की जानकारी**

रामलीला मैदान में कांग्रेस की रैली के चलते पुलिस ने ट्रैफिक डायवर्जन किया था।

यातायात पुलिस ने यात्रियों को कुछ रास्तों पर जाने से बचने की सलाह दी थी। पुलिस ने बताया है कि रणजीत सिंह फ्लाईओवर बाराखंभा रोड से गुरु नानक चौक, विवेकानंद मार्ग (दोनों तरफ), जेएलएन मार्ग (दिल्ली गेट से गुरु नानक चौक), कमला मार्केट के आसपास गुरु नानक चौक, चमन लाल मार्ग, अजमेरी गेट से आसफ अली रोड और कमला मार्केट की ओर डीडीयू-मिंटो रोड रेड लाइट प्वाइंट बंद थे।

# आयुर्वेद डॉक्टर चिकित्सा के नए रास्ते तलाशेः एलजी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- उपराज्यपाल ने चौधरी ब्रह्म प्रकाश आयुर्वेद चरक संस्थान का किया दौरा

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने रविवार को चौधरी ब्रह्म प्रकाश आयुर्वेद चरक संस्थान का दौरा किया और अधिकारियों को प्राचीन, कम ज्ञात, पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को अपनाने के लिए नए रास्ते तलाशने को कहा ताकि इस संस्थान को एक प्रमुख आयुर्वेद केंद्र के रूप में विकसित किया जा सके।

उन्होंने अधिकारियों से अस्पताल की क्षमताओं का विस्तार करने और नई चिकित्सा प्रक्रियाओं को अपनाने का अनुरोध किया ताकि केंद्र सभी बीमारियों के इलाज की सुविधाओं से लैस हो सके। उपराज्यपाल ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ छात्रों और स्थानीय लोगों की सक्रिय भागीदारी के साथ परिसर में दस हजार औषधीय पेड़ों का एक मेगा वृक्षारोपण अभियान भी शुरू किया। उन्होंने अधिकारियों से मोरिंगा, आंवला, त्रिफला समेत अन्य औषधीय पौधों के लिए उपलब्ध भूमि के कम से कम 25 एकड़ का उपयोग करने के लिए कहा। एलजी ने देसी गुलाब लगाने की सलाह दी जिसका उपयोग विभिन्न औषधीय प्रयोजनों के लिए कम से कम 1 एकड़ में किया जाता है।

सक्सेना ने पूरे अस्पताल का दौरा किया और अस्पताल में विभिन्न बीमारियों का इलाज करा रहे मरीजों से बातचीत की।

उन्होंने बाल रोग विभाग का भी निरीक्षण किया और बच्चों को दिए जा रहे उपचार के बारे में जानकारी ली। साथ बाल रोग विभाग की क्षमता बढ़ाने, जोंक चिकित्सा विभाग को और मजबूत करने और आने वाले दिनों में एक मछली उपचार और तिब्बती चिकित्सा विभाग विकसित करने का निर्देश दिया।

## संक्षिप्त समाचार



इंडियन इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित कैपिटल फाउंडेशन अवार्ड सेरेमनी के दौरान ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को लाइफ टाइम कैपिटल फाउंडेशन अवार्ड से सम्मानित किया गया। पटनायक को यह अवार्ड भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एन वी रमन्ना ने दिया। यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कौशांबी, गाजियाबाद एवं यशोदा फाउंडेशन के चेयरमैन डॉ पी. एन. अरोड़ा ने श्री नवीन पटनायक को सम्मानित किया एवं उनका स्वागत किया।

### सर्दी में प्रदूषण की कार्य योजना पर बैठक आज

**नई दिल्ली।** पर्यावरण मंत्री गोपाल राय सोमवार को एक अहम बैठक की अध्यक्षता करेंगे जिसमें सर्दी के मौसम में वायु प्रदूषण से लडने् के लिए 15 सूत्रीय शीत कार्य योजना के तहत विभागवार जिम्मेदारियों पर चर्चा होगी। अधिकारियों ने कहा कि मंत्री संबंधित विभागों को विशेष कार्य सौंपेंगे जिन्हें एक विशेष स्रोत से वायु प्रदूषण को रोकने पर एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। पर्यावरण विभाग सर्दियों के मौसम में प्रदूषण को कम करने के उपायों के कार्यान्वयन की निगरानी करेगा।

### डॉक्टरों एंड पैरामेडिकल ट्रस्ट की स्थापना पर कार्यक्रम




**नई दिल्ली।** दुर्गापुरी चौक में डॉक्टर्स एंड पैरामेडिकल ट्रस्ट की स्थापना के मौके पर एक सम्मानजनक समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें ऑल इंडिया तिब्बी कांग्रेस के मानद महासचिव डॉ. हकीम सैयद अहमद खान मुख्य अतिथि के रूप में व डॉ. अरशद घियास, यूनानी चिकित्सा अधिकारी हरियाणा, हकीम अताउर रहमान अजमली, हकीम मोहम्मद मुर्तजा देहलवी और हकीम आफताब आलम विशिष्ट अतिथि के रूप में थे। जबकि डॉ. नसीम अहमद ने प्रशासनिक कर्तव्यों का बखूबी निर्वहन किया। समारोह का शुभारंभ संस्था के सदस्यों को पुरस्कार देकर किया गया। इस अवसर पर डॉ. सैयद अहमद खान ने संस्था के अध्यक्ष डॉ. फहीम को डॉक्टर्स एंड पैरामेडिकल ट्रस्ट ऑल इंडिया रजिस्टर्ड की स्थापना पर दिल से बधाई दी।

### ट्रांसजेंडर सर्कुलर साढ़े सात साल बाद भी निष्प्रभावी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय में ट्रांसजेंडर से संबंधित सर्कुलर साढ़े सात साल बाद भी निष्प्रभावी है। ट्रांसजेंडर की सुविधा के लिए अभी तक कोई सेल नहीं बनाया गया है। यह आरोप लगाते हुए शिक्षक संगठन फोरम ऑफ एकेडेमिक्स ?ॉर सोशल जस्टिस के चेयरमैन डॉ. हंसराज सुमन ने यूजीसी के चेयरमैन व दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर योगेश कुमार सिंह से ट्रांसजेंडर स्टूडेंट्स के लिए सेल की स्थापना करने की मांग की है। डॉ. हंसराज सुमन ने चिंता जताई है कि यूजीसी द्वारा भेजे गए सर्कुलर को अधिकांश केंद्रीय विश्वविद्यालयों , स्टेट यूनिवर्सिटीज व डीम्ड यूनिवर्सिटीज में अभी तक लागू नहीं किया है।

# बीस करोड़ की चार किलो हेरोइन पकड़ी, एक विदेशी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- आरोपी के खिलाफ नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट के तहत मामला दर्ज

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह निर्देश पर दिल्ली पुलिस नशीले पदार्थों की तस्करी करने वालों पर नकेल कसने के लिए विस्?तृत कार्य योजना तैयार की है। इसी कड़ी में पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले अंतरराष्ट्रीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एक तस्कर को वसंत कुंज इलाके से गिरफ्तार किया है।

आरोपी की पहचान वदिउल्लाह रहीमुल्ला के रूप में हुई है। वहीदुउल्लाह दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में प्रतिबंधित नशीले पदार्थों की आपूर्ति करता था। विशेष आयुक्त राविंद्र सिंह यादव के अनुसार, दिल्ली नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह विशेषकर अफगानिस्तान के रास्ते हेरोइन की तस्करी करने वाले गिरोह की धर-पकड़ के लिए लगातार छानबीन कर रही है। इसी बीच गुजरात पुलिस की एटीएस से जानकारी मिली थी कि दिल्ली में अफगानिस्तान नागरिक हेरोइन की बड़ी खेप की आपूर्ति करने आएगा। इस जानकारी पुलिस ने घेरेबंदी की वसंत कुंज इलाके से वहिदुल्लाह को गिरफ्तार कर लिया।

# शादी के पंडाल में आग, कोई हताहत नहीं

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के राजौरी गार्डन इलाके में बीती रात एक विवाह मंडप में आग लग गई। दिल्ली दमकल सेवा के अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हालांकि, इस हादसे में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। अधिकारियों के मुताबिक, राजौरी गार्डन इलाके के विशाल एन्क्लेव में शादी के एक पंडाल में देर रात करीब एक बजे आग लग गई।

दिल्ली दमकल सेवा के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि दमकल की 23 गाड़ियां मौके पर भेजी गईं और दो घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। गर्ग ने कहा कि शादी के जिस पंडाल में आग लगी थी, उसका आकार करीब 5,000 वर्ग गज था। उन्होंने बताया कि आग में एक कार के क्षतिग्रस्त होने की सूचना है।

# उप मुख्यमंत्री की स्कूल प्रमुखों से चर्चा

**शिक्षक दिवस**


**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- सरकारी स्कूल के शिक्षकों ने लाखों छात्रों के जीवन को बेहतर बनाया : सिसोदिया



शिक्षक दिवस से एक दिन पहले से रविवार को उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने दिल्ली के सरकारी स्कूल के कुछ प्रमुखों के साथ स्कूलों, बच्चों व शिक्षकों की बेहतरी को लेकर चर्चा की।

उपमुख्यमंत्री ने बैठक में स्कूल प्रमुखों के साथ स्कूलों-बच्चों-शिक्षकों की बेहतरी के साथ-साथ स्कूलों में नए अनूठे प्रयोगों को अपनाने, उसे अन्य स्कूलों के साथ साझा करने, स्कूल व कम्युनिटी के बीच और बेहतर सम्बन्ध स्थापित करने आदि पर चर्चा की। इस अवसर पर सिसोदिया ने लाखों बच्चों की जिन्दगी को प्रभावित करने वाले शिक्षकों का आभार प्रकट किया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि केजरीवाल सरकार के शिक्षामंत्री के नाते मुझे गर्व है कि हमारे स्कूल प्रमुख अपने स्कूलों को और शानदार बनाने, शिक्षको व बच्चों की बेहतरी के लिए लगातार अनूठे प्रयोग कर रहे है, नए सिरे से सोच रहे है, नवाचारों को अपना रहे है। उन्होंने कहा कि हमारे स्कूल प्रमुखों के शानदार काम पर आज दिल्ली ही नहीं बल्कि पूरे देश को गर्व है। उपमुख्यमंत्री ने शिक्षक दिवस के पूर्व अपने शिक्षकों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि, राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों का सबसे बड़ा योगदान रहा है।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 5 सितंबर, 2022



# गुरुग्राम के सेक्टर-102 में सोनाली फोगाट के फ्लैट पर पहुंची गोवा पुलिस

### गुड़गांव ग्रीन्स सोसायटी स्थित फ्लैट का परिजनों की मौजूदगी में खोला ताला

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



गुरुग्राम के सेक्टर-102 स्थित धनकोट पुलिस चौकी से गुड़गांव ग्रीन्स सोसायटी में स्थानीय पुलिस के साथ जाते गोवा पुलिस के अधिकारी।





इसी गुड़गांव ग्रीन्स सोसायटी में रहती थी सोनाली फोगाट।

**रविवार** को यहां सेक्टर-102 स्थित गुड़गांव ग्रीन्स सोसायटी में सोनाली फोगाट के फ्लैट पर गोवा पुलिस पहुंचे। पहले से सूचना के आधार पर उनके परिजन भी यहां पहुंचे। परिजनों की मौजूदगी में ही फ्लैट का ताला खोला गया। पुलिस को फ्लैट से कुछ ज्वैलरी, पासपोर्ट और तीन हजार रुपये मिले हैं।

गोवा में भाजपा नेत्री सोनाली फोगाट की मौत के मामले में पुलिस लगातार तथ्य जुटाने में लगी है। इसी कड़ी में रविवार को गोवा पुलिस यहां सोनाली फोगाट के फ्लैट की तलाशी लेने के लिए पहुंची।

इस दौरान स्थानीय पुलिस को भी गोवा पुलिस के अधिकारियों ने साथ लिया। सोनाली फोगाट इस फ्लैट में अपनी पीए सुधीर सांगवान के साथ रहती थी। सोनाली फोगाट के परिजनों को भी गोवा पुलिस की ओर से सूचना दे दी गई थी, इसलिए वे भी यहां पर पहुंचे। उनकी मौजूदगी में ही फ्लैट को खोला गया। ऐहतियात के तौर पर गुड़गांव ग्रीन्स सोसायटी के मुख्य गेट से लोगों को तलाशी लेकर अंदर जाने दिया गया।

हालांकि मीडिया को सोसायटी में प्रवेश नहीं दिया गया। समाचार लिखे जाने तक गोवा पुलिस, स्थानीय पुलिस और परिजन फ्लैट में ही मौजूद थे।

# 48 करोड़ रुपये किराया बकाया होने पर अप्पू घर वाटर पार्क सील

### किराए के अलावा 90 लाख रुपये पानी का बिल भी है बकाया



गुरुग्राम के सेक्टर-29 स्थित अप्पू घर।

**गुरुग्राम।** किराया ना चुकाने पर रविवार को यहां सेक्टर-29 स्थित अप्पू घर वाटर पार्क को सील कर दिया गया। यह सील हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की ओर से लगाई गई है।

इसी माह विभाग की ओर से अप्पू घर प्रबंधन को विभाग और इंटरनेशनल अम्यूजमेंट लिमिटेड के बीच वर्ष 2011 में हुए करार को भी कैंसिल करने के आदेश दिए जा चुके हैं। बता दें कि गुरुग्राम मनोरंजन के स्थलों के बुरे दिन चल रहे हैं। कुछ समय पहले यहां सेक्टर-29 में ही करोड़ों रुपये किराया बकाया होने पर किंगडम ऑफ ड्रीम्स पर भी ताला लगाया गया था। अब सेक्टर-29 में हुडा सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन के साथ में बने अप्पू घर को इंटरनेशनल रिक्रिएशन एवं अम्युजमेंट लिमिटेड कंपनी की ओर से संचालित किया जा रहा है। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की ओर से अप्पू घर को जमीन दी गई है। अप्पू घर पर 48 करोड़ रुपये किराया और 90 लाख रुपये पानी का बिल बकाया है। अप्पू घर में वाटर पार्क है और पानी के बिना इसकी कोई उपयोगिता नहीं। इतना भारी-भरकम बकाया होने के चलते हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण को अप्पू घर पर एक्शन लेना ही पड़ा। हालांकि विभाग की ओर से अप्पू घर प्रबंधन को पूर्व में कई बार नोटिस भी थमाए जा चुके हैं, लेकिन प्रबंधन ने नोटिस को गंभीरता से नहीं लिया। अप्पू घर को सील करने के दौरान ड्यूटी मैजिस्ट्रेट के रूप में तहसीलदार दर्पण कम्बोज, एचएसवीपी संपदा अधिकारी-2 संजीव सिंगला, जेई एनके राणा के अलावा अमन, योगेश और विकास आदि की टीम मौजूद रही।

## संक्षिप्त समाचार

### पानी को बर्बाद होने से बचाना होगा : महेश खन्ना



सोहना की एमवीएन सोसायटी में लगे वाटर कूलर का उद्घाटन करते मुख्यअतिथि।

**सोहना।** जल ही जीवन है के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए भविष्य के लिए आज पानी को बर्बाद होने से बचाना होगा। गांव और शहर में जमा होने वाले पानी को हार्वेस्टिंग करने की जरुरत है। ये बात समाप्त सेवी महेश खन्ना ने कही। सोहना से दौला जाने वाले मार्ग पर स्थित एमवीएन सोसायटी में वाटर कूलर लगाया। जिसका उद्घाटन वार्ड-3 के पार्षद मनोज कुमार ने किया। मनोज कुमार ने इस अवसर पर दौला मार्ग पर स्ट्रीट लाइट के साथ सड़क की जर्जर हालत को जल्द ही ठीक कराने का भरोसा दिया है। समाज सेवी महेश खटाना ने कहा कि गिरता भूजल स्तर हमारे भविष्य में बहुत समस्या बन रही है। इस समस्या से निपटने के लिए हमें सजगता से ध्यान देना होगा।

### पर्यावरण सही रखना हम सबकी जिम्मेदारी है : डा. डीपी गोयल



सेक्टर-4 में ब्रह्मकुमारीज संस्था के साथ पौधारोपण करते डा. डीपी गोयल।


**गुरुग्राम।** यहां सेक्टर-4 स्थित ब्रह्मकुमारीज संस्था की ओर से कल्पतरु अभियान के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक डा. डीपी गोयल ने शिरकत की। उनके साथ निगम पार्षद सीमा पाहुजा भी मौजूद रहीं। इस अवसर पर डा. डीपी गोयल का पुष्प गुच्छ देकर और पटका पहनाकर स्वागत किया गया। सुदेश दीदी ने आशीर्वाद देते हुए सभी का आभार जताया। साथ ही इसी तरह से कार्य करने की प्रेरणा दी और कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में डा. डीपी गोयल ने कहा कि उनका उद्देश्य स्वस्थ भारत समृद्ध भारत है। ब्रह्मकुमारीज का उद्देश्य भी स्वस्थ भारत बनाना है। इस विजन को पूरा विश्व जानता है। उन्होंने कहा कि आज हर इंसान अपने से दूर हो रहा है। उसे प्रकृति से तथा अपने से जोड़ने का कल्पतरू अभियान सराहनीय है। उन्होंने कहा वसुधैव कुटुम्बकम व सर्वे भवंतु सुखिन भारत की पहचान है। यह शुभकामना मानव मात्र के प्रति कल्पतरू अभियान पहुंचा रहा है। संस्था प्रभारी बीके सुरेश ने नगर निगम के अधिकारियों के सहयोग से वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। डा. डीपी गोयल ने यहां पौधारोपण भी किया। उन्होंने ब्रह्मकुमारीज को सभी पौधे उपलब्ध कराए। इस पौधारोपण अभियान में संस्था से जुड़े गिरीश, राजाराम, प्रमोद पाल, डा. सुधा, सुनीता समेत अनेक लोग उपस्थित रहे।

### हकिहकिहकिहकिहकहकहिकहिक



**फरीदाबाद।** धीरज नगर पुराना खेड़ा के निकट रहने वाले एक व्यक्ति ने शनिवार को पैसे के लिए अपनी पत्नी को न केवल पीटा बल्कि प्लास से उसके पैरों के नाखून भी खींचे। पत्नी के रोने-चिल्लाने की वजह से आस पड़ोस के लोग चौकन्ने हो गए और उन्होंने इस बारे में पीड़ित महिला के मायके वालों को जानकारी दी। मायके वालों ने धीरज नगर पहुंच कर घायल महिला को बीके अस्पताल पहुंचाया। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है। एसी नगर निवासी विमला देवी ने अपनी बेटी पूजा की शादी धीरज नगर निवासी राजेश के साथ 13 साल पहले की थी। उस समय राजेश ड्राईविंग करता था, लेकिन 2 साल बाद ही राजेश ने उसे कम दहेज लाने का ताना देकर पीटना शुरू कर दिया और कहने लगा कि अपने मायके से पैसे लेकर आ, लेकिन पूजा ने कई बार मायके से पैसे लाकर दिए। पूजा का आरोप है कि शनिवार की रात राजेश नशे में आया और पैसे लाने के लिए कहा, जिससे की पूजा ने पैसे लाने से इनकार कर दिया। बस फिर क्या था, राजेश ने पूजा के साथ मारपीट शुरू कर दी। गले को नाखूनों से खरोंज डाला। पूजा की मां बिमला अपने परिवार के लोगों को लेकर धीरज नगर पहुंची। इसके बाद पल्ला थाना गए, जहां पुलिस ने पूजा को संतोषजनक जवाब नहीं दिया और वह बीके अस्पताल पहुंची।

### टूटे सीवर चैम्बर और खुले ढक्कन होंगे बंद



**सोहना।** जनस्वास्थ्य विभाग नगर परिषद शहरी क्षेत्र में खुले सीवर ढक्कन से लेकर टूटे चेम्बरों को ठीक कराएगा। जिससे सीवर ढक्कन या टूटे चैम्बर से कोई जान लेवा हादसा घटित न हो। नगर परिषद के बाहरी क्षेत्र के सभी वार्ड के अंदर जन स्वास्थ्य विभाग खुले सीवर और टूटे चैम्बर का सर्वे करेगा। ताकि ऐसे स्थानों पर जानलेवा हादसा की संभावनाओं को होने बचाया जा सके। जिसकी शुरुआत वार्ड-18 से शुरू की जा रही है। तीन दिन पहले एसडीएम जितेन्द्र गर्ग ने वार्ड 18 में सड़क का शिलान्यास किया था। इस अवसर पर एसडीएम ने जनस्वास्थ्य विभाग को खुले सीवर और टूटे चेम्बरों की मरम्मत का ध्यान रखने के आदेश जारी किए थे। जनस्वास्थ्य विभाग के जेई अंकित ने बताया कि वार्ड-18 के सभी टूटे मेन हाल और खुले ढक्कनों को सही करने को शुरुआत कर दी है। एसडीओ ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि एक मेन हाल को ठीक करने पर 12 रुपये से लेकर तीन हजार रुपये तक का खर्चा आएगा। शहर के अंदर सीवर टूटे और खुले चैम्बर का सर्वे के साथ-साथ पार्षदों से मांग की जा रही है।

# राधाष्टमी अवसर पर नूंह जिले को मिली 1806.84 लाख रुपये की सौगात





**पायनियर समाचार सेवा।** मेवात

**आजादी** अमृत महोत्सव की श्रृंखला में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने रविवार को राधाष्टमी के पावन अवसर पर नूंह जिला को 1806.84 लाख रुपये की विकासात्मक योजनाओं की मनोहर सौगात दी।

मुख्यमंत्री ने करनाल से वर्चुअल माध्यम से जुड़कर हरियाणा के परिवहन, खान एवं भू-विज्ञान मंत्री की मौजूदगी में नूंह जिला की पांच योजनाओं का उद्घाटन किया व एक परियोजना का शिलान्यास किया। जिला मुख्यालय पर आयोजित जिला स्तरीय समारोह में हरियाणा के हरियाणा के परिवहन, खान एवं भू-विज्ञान मंत्री मूलचंद शर्मा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए जबकि समारोह में वक्फ बोर्ड के प्रशासक चौधरी जाकिर हुसैन व हरियाणा सरकार में अतिरिक्त मुख्य सचिव अशोक खेमका की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह की अध्यक्षता डीसी अजय कुमार ने की।

### राजस्थान की तरह मेवात में भी माइनिंग की मांगेंगे अदालत से इजाजत

**मंत्री** ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के माध्यम से अरावली क्षेत्र में वैध तरीके से खनन करने की अनुमति के लिए न्यायपालिका से अपील की जाएगी। न्यायपालिका राजस्थान की तर्ज पर हरियाणा के मेवात जिले में भी माइनिंग को इजाजत देकर राहत प्रदान करे।

### सीएम दो हजार करोड़ की योजनाएं की समर्पित

**गौरतलब** है कि प्रदेश भर में मुख्यमंत्री द्वारा वर्चुअल रूप से करीब दो हजार करोड़ रुपए से अधिक की करीब 170 परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास क र प्रदेश की जनता को विकासयोजनाएं समर्पित की।

# विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने टीम के साथ डा. सुधा यादव का किया भव्य स्वागत

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



गुरुग्राम खेड़की दौला टोल प्लाजा पर पूर्व सांसद सुधा यादव का अपनी टीम के साथ स्वागत करते विधायक सत्यप्रकाश जरावता।

**लोकसभा** से पूर्व सांसद एवं हाल ही में भाजपा द्वारा नियुक्त केंद्रीय चुनाव समिति एवं केंद्रीय संसदीय बोर्ड में सदस्य डा. सुधा यादव का रविवार को यहां खेड़कीदौला टोल प्लाजा पहुंचने पर पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता, भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सरपंच सुंदर लाल समेत अनेक कार्यकर्ताओं, ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। साथ ही उन्होंने इन दोनों पदों पर नियुक्त होने की बधाई दी।

अपने स्वागत से गदगद डा. सुधा यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हर कार्यकर्ता का ध्यान रखने वाली पार्टी है। हर किसी को यहां आगे बढ़ाया जाता है। पार्टी में हमें रहकर पूरी ईमानदारी के साथ मेहनत करते हुए पार्टी हित में काम करना है। वे सबको साथ लेकर चलने में विश्वास रखती हैं।

उन्होंने विधायक सत्यप्रकाश जरावता, सरपंच सुंदर लाल द्वारा किए गए इस भव्य स्वागत पर आभार जताया। विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व ने डा. सुधा यादव को एक साथ दो दायित्व देकर जो मान-सम्मान गुरुग्राम व पूरे हरियाणा का बढ़ाया है, वह अपने आप में ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि भाजपा अनुशासित पार्टी है। अनुशासन प्रथम के कथन पर पार्टी के कार्यकर्ता चलते हुए काम करते हैं। उन्होंने कहा कि हमें मिलकर पार्टी के उत्थान के लिए काम करना है। श्रीजरावता ने यह भी कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल की कैमिस्ट्री से चहुंमुखी विकास का पहिया लगातार घूम रहा है।

सरपंच सुंदर लाल ने विधायक सत्यप्रकाश जरावता के साथ पूर्व सांसद डा. सुधा यादव को बुके देकर नए दायित्वों की बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह हम सबका मान-और सम्मान पार्टी ने किया है। अहीरवाल की धरती से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के वीरों को नमन किया है। डा. सुधा यादव को दो समितियों में स्थान देकर यह शहीदों का भी सम्मान है।

# सोहना में दूधिया पानी की आपूर्ति से नागरिकों में रोष



**सोहना।** पेयजल आपूर्ति में दूधिया पानी आने से नगरवासियों में जनस्वास्थ्य विभाग के खिलाफ भारी रोष पनपने लगा है। शहरवासी बाजार से पानी पीने के लिए खरीद कर पी रहे है। शहर के वार्ड 16ए 17 और 18 में दो माह से दूधिया रंग का पानी आने से स्थानीय नागरिक परेशान हो रहे हैं। सप्लाई में आने वाले पानी को बर्तन धोने से लेकर कपड़े धोने और घरेलू कार्यों में उपयोग कर रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व जिला अध्यक्ष डॉक्टर सतीश तंवर ने बताया कि जनस्वास्थ्य सप्लाई में आ रहा दूषित पानी को तरफध्यान नहीं दे रहा है। विभाग अधिकारी देखने के बाद भी समस्या से अंजाम बन कर रह रहे हैं। वार्ड 1 के पूर्व पार्षद विजय आजाद ने बताया कि सप्लाई में आ रहा पानी पीने लायक नहीं है।

> **बरसात** के मौसम में यह समस्या आ जाती है। लेकिन पानी पीने योग है। जिसे पूरा ट्रिट करने के बाद ही सप्लाई किया जाता है।
>
> **खुर्शीद अहमद जेई, जनस्वास्थ्य विभाग**

# उत्तराखंड की टोपी का हमेशा रखूंगा सम्मान : नवीन गोयल

### कुमाऊं भ्रातृ मंडल की ओर से मां नंदा देवी का कार्यक्रम आयोजित

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



पालम विहार में कुमाऊं भ्रातृ मंडल की ओर से आयोजित कार्यक्रम में बोलते नवीन गोयल।

**रविवार** को सी-1, पालम विहार में उत्तराखंड की आराध्य देवी मां नन्दा देवी का चौदहवां नन्दाष्टमी उत्सव का बड़ी धूमधाम से आयोजित किया गया। कुमाऊं भ्रातृ मंडल की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। यहां उनका कुमाऊं भ्रातृ मंडल की ओर से वहां की पारम्परिक टोपी पहनाकर स्वागत किया गया। दो दिवसीय यह उत्सव को विधिवत व पारम्परिक रूप से नन्दा देवी के डोला (नगर परिक्रमा) के बाद सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर अपने संबोधन में नवीन गोयल ने कहा कि उन्हें सम्मान स्वरूप जो यह टोपी कुमाऊं मंडल की ओर से पहनाई गई है, इसका वे सदा मान और सम्मान रखेंगे। मंडल को जब भी उनकी आवश्यकता रहेगी, वे सदा उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने कहा कि सभी राज्यों के लोग यहां आपसी प्रेम व भाईचारे से रहते हैं। अपनी-अपनी कला और संस्कृतियों को यहां साझा करते हैं। यहां के कार्यक्रमों, तीज-त्योहारों में शामिल होते हैं। इन सबको देखकर यह कहा जा सकता है कि गुरुग्राम भी अब मिनी भारत बन गया।

### केएमपी मार्ग पर खड़े ट्रोला से टकराया ट्रक एक की मौत, दो घायल

**तावडू।** उपमंडल की सीमा से गुजर रहे कुंडली मानेसर पलवल एक्सप्रेसवे पर गांव सबरस सीमा में बने फ्लाईओवर पर खड़े एक ट्रोला से ट्रक पीछे से जा टकरा गया। इस भिड़ंत में ट्रक में सवार चालक सहित तीन लोग घायल हो गए, जिनमें से एक की उपचार के दौरान मौत हो गई। सदर थाना पुलिस ने अज्ञात ट्रॉला चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घासोली थाना किशनगढ़ बास जिला अलवर निवासी ट्रक चालक साहून ने बताया कि बीते शनिवार वह फरुखनगर से कुंडली मानेसर पलवल एक्सप्रेसवे से होकर पुन्हाना के लिए निकला था। रास्ते में दो युवकों ने उनसे धुलावट टोल प्लाजा तक जाने की मदद मांगी। उन्होंने दोनों को ट्रक केबिन में बिठा लिया।

# ...यदि महावीर इस धरती को इक बार दुबारा मिल जाए

### हास्य कवि सम्मेलन में कवियों ने जैन धर्म से लेकर देश की समस्याओं, समाधान पर पढ़ी रचनाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



जैन बरादरी में कवि सम्मेलन में कविता पाठ करते कवि व मंचासीन अतिथि।

**पर्वाधिराज** दशलक्षण महापर्व के उपलक्ष्य में यहां जैन बारादरी में विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में जहां कवियों ने अपनी श्रेष्ठ रचनाओं से हास्य के साथ व्यंग्य किया, वहीं देश की मजबूत हुई साख पर भी रचनाएं पढ़ी। विशिष्ट अतिथि के रूप में जीएमडीए के चीफ इंजीनियर राजेश बंसल ने शिरकत की।

कवि सम्मेलन की शुरुआत राष्ट्र संत मुनि श्री108 विहर्ष सागरजी महाराज ने स्वयं कविता पाठ करके कही। उनके साथ मुनि श्री108 विजयेश सागरजी महाराज, मुनि श्री108 विनिबोध सागरजी महाराज और ऐलक 105 विनियोग सागरजी महाराज भी मंचासीन रहे। जैन समाज के प्रवक्ता अभय जैन एडवोकेट ने बताया महाराजश्री की आज्ञा से श्री1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर के प्रधान नरेश जैन, उप-प्रधान रविंद्र जैन, महामंत्री अशोक जैन, सह-मंत्री जैनेंद्र जैन और कोषाध्यक्ष शैलेंद्र जैन ने सभी कवियों और अतिथियों का पटके, माला पहनाकर स्वागत किया और स्मृति चिन्ह भेंट किए। महाराज विहर्ष सागरजी महाराज ने सुनाया-जिन्हें खौफ है वे डरें और डरा करें, रखें और रखा करें सुंदर-सुंदर वस्त्र, जो कुरूप हैं वे ओढ़ें और ओढ़ा करें वस्त्र सुंदर-सुंदर, हम तो सदैव सुंदर हैं, इसलिए दिगम्बर हैं...। विहर्ष सागरजी महाराज ने यहां युवाओं के नाम संदेश में कहा कि युवा अपराध की राह पर ना जाएं। युवाओं की जगह जेल में नहीं समाज में है। देश में है, इसलिए वे देश के लिए काम करें।


मुंबई से पधारे हास्य कवि सम्राट प्रताप फौजदार ने अपनी रचनाओं से खूब हंसाया भी है और जैन संतों को नमन भी किया। उन्होंने भगवान महावीर पर रचना में सुनाया-दीए हुए उपदेश भूलता है, आदमी-रोते रोते पैगम्बर पीर नहीं आएंगे, देकर ज्ञान हमको मोक्ष को चले गए-लौट के अब वो महावीर नहीं आएंगे...। उनकी इस रचना पर खूब तालियां बजीं। हास्य व्यंग्य कवि डा. प्रवीण शुक्ल ने अपनी रचनाओं में राजनीति को केंद्र बिंदू रखकर खूब कटाक्ष किए और खूब हंसाया। उन्होंने भावुकता भरी अपनी रचना में सुनाया-जाने कितने अनुभवों का है, यही बस सार अंतिम-तोड़ना मत मन के रिश्तों का कभी तार अंतिम, जिंदगी की उलझनों से जूझ के जाना ये मैंने, ना कोई भी जीत अंतिम-ना कोई भी हार अंतिम...। उनकी इस रचना पर पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इंदौर से आए जैन दर्शन व गीतकार अंशुल आराध्यम ने जैन धर्म के साथ प्रेम पर भी अपनी रचनाएं पढ़ीं। उन्होंने सुनाया-जो राम-राम कहता है उसके दिल में भी राम नहीं-ऐसे में भड़क रही ज्वाला को शीतल धारा मिल जाए, यदि महावीर इस धरती को फिर इक बार दुबारा मिल जाए...।

वीर रस के राष्ट्रीय कवि प्रख्यात मिश्रा ने देश के सैनिकों के सम्मान में और धारा 370 हटाने जैसे बड़े फैसलों को लेकर अपनी रचनाएं पढ़ीं। उन्होंने सुनाया-भरातर के स्वर्ग संवारा गया खून से है, केसर की क्यारियों को नूचने दिया नहीं, पत्थरों को काट-काट रास्ते बनाते रहे-विजय का रथ कभी रुकने दिया नहीं, शत्रुओं के आगे हम शैल राट से खड़े हैं-शौर्य का ये सूर्य कभी बुझने दिया नहीं, हिंद को प्रणाम कर शीश कटते रहे हैं, किंतु ये तिरंगा कभी झुकने दिया नहीं...।

# हरियाणा में भी माइनिंग खुलवाने के लिए सीएम के मार्फत न्यायपालिका से करेंगे अपील

### प्रदेश के खनन व परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा, राजस्थान की अरावली में जारी है खनन

**रिजवान कासिम।** मेवात



मूलचंद शर्मा खनन एवं परिवहन मंत्री हरियाणा सरकार।

**प्रदेश** के खनन व परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि अवैध माइनिंग के चलते तावडू थाने से महज 4-5 किलोमीटर दूरी पर सुरेंद्र सिंह डीएसपी तावडू की शहादत हो गई थी। इस तरह की शहादत ना हो, इसे रोकने की भरपूर कोशिश सरकार की तरफ से की जाएगी। उन्होंने कहा कि लोग मकान व रास्ता बनाने के लिए अवैध माइनिंग करते हैं। इनके पास काम नहीं है। पड़ोसी राज्य राजस्थान में अरावली पर्वत के कुछ हिस्सों में भी खनन वैध तरीके से की जा रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के माध्यम से अरावली क्षेत्र में वैध तरीके से खनन करने की अनुमति के लिए न्यायपालिका से अपील की जाएगी।

सरकार अपनी तरफ से पूरे प्रयास करेगी कि न्यायपालिका राजस्थान की तर्ज पर हरियाणा के मेवात जिले में भी माइनिंग को इजाजत देकर राहत प्रदान करे। जब उनसे ओवरलोड वाहनों को लेकर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि एक साल में 210 करोड़ का राजस्व चालान के माध्यम से जुटाया गया है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने 8 साल में 1266 करोड रुपये का राजस्व जुटाया था। जबकि भाजपा-जजपा गठबंधन की सरकार ने 8 साल में 4668 करोड़ रुपये का राजस्व जुटाया है। ओवरलोडिंग व अवैध माइनिंग को रोकने के लिए कहना आसान है, लेकिन इसके लिए कड़े प्रयास करने होते हैं, जो मौजूदा सरकार कर रही है।

खनन व परिवहन मंत्री ने कहा कि ओवरलोडिंग व अवैध माइनिंग को लेकर समय-समय पर मुकदमे भी दर्ज किए जाते हैं और भारी-भरकम चालान भी किए जाते हैं। कुल मिलाकर अब खनन एवं परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा भी मानने लगे हैं कि इस इलाके के लोगों के लिए खनन की अनुमति मिलने पर रोजी रोटी का संकट काफी हद तक दूर हो सकता है। पुलिस अधिकारियों व जवानों की शहादत से भी पूरी तरह से भविष्य में निजात मिल सकती है।

### अवैध खनन के चलते हुई डीएसपी की शहादत : मंत्री



शहीद डीएसपी सुरेंद्र सिंह।

**कार्यक्रम** के उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए हरियाणा के खान व परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि अवैध माइनिंग के चलते तावडू थाने से महज 4-5 किलोमीटर दूरी पर सुरेंद्र सिंह डीएसपी तावडू की शहादत हो गई थी। इस तरह की शहादत न हो, इसे रोकने की भरपूर कोशिश सरकार की तरफ से की जा रही है।

# शहर में आवारा पशुओं का आतंक, बीके में एंटी रैबीज का अभाव

कविता। फरीदाबाद

**आवारा** कुत्ते और अन्य पशु रोज लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। लेकिन हैरानी की बात यह है कि बीके सिविल अस्पताल में डेढ़ माह के बाद भी एंटी रैबीज इंजेक्शन नहीं आए। जिस कारण यहां एक माह 21 दिन से एक भी इंजेक्शन मरीजों को नहीं लगाया गया। यहां तैनात कर्मचारी ओपीडी कार्ड तक यह कहकर नहीं बना रहे है, रैबीज के इंजेक्शन ही नहीं है। कर्मचारी इंजेक्शन न होने की पर मरीजों को

### महंगाई में कैसे खरीदें 34 रुपये में गरीब व्यक्ति इंजेक्शन

लौटा रहे हैं। वहीं जब मरीज बाहर मेडिकल स्टोर पर पहुंचते हैं तो पता चलता है कि अस्पताल में 100 रुपये में लगने वाले इंजेक्शन 340 रुपये में उपलब्ध है। जबकि नियमानुसार आवारा पशु के काटने के बाद 24 घंटे के भीतर यह


शहर की सड़कों पर इस तरह विचरते हैं आवारा कुत्ते।

इंजेक्शन लगाना जरूरी है। इंजेक्शन न होने की शिकायत करने पर भी डेढ़ माह बाद भी इंजेक्शन नहीं आए हैं। अस्पताल में गत 13 जुलाई से एंटी रैबीज के इंजेक्शन समाप्त है, लेकिन वेयरहाउस गुरूग्राम में इंजेक्शन न होने से यहां एक माह 21 दिनों से एक भी इंजेक्शन नहीं लगाया गया।

जानकारी के मुताबिक बीके सिविल अस्पताल में प्रतिदिन कुत्ते से काटने के आठ से 10 नए मामले आ रहे हैं। जबकि एक दिन में 60 से 70 लोगों को एंटी रैबीज के टीके लगाए जाते हैं, लेकिन गत 13 जुलाई से बीके सिविल अस्पताल में इंजेक्शन न होने के कारण मरीजों को परेशान होकर वापस लौटना पड़ रहा है। जिले के सिविल अस्पताल में बीपीएल कार्ड धारकों को निः शुल्क और अन्य मरीजों को 100 रुपये देने पर एक इंजेक्शन लगाया जाता है।

यह इंजेक्शन बाहर फिलहाल 340 रुपये का मिल रहा है। ऐसे में या तो मरीज अपनी जेब ढीली करके एंटीरैबीज इंजेक्शन खरीदकर लगवा रहे हैं या फिर बिना इंजेक्शन के पैसों के अभाव में लौटने को मजबूर हैं। वहीं जिले में आवारा पशुओं के आतंक से लोग परेशान हैं। जिले का कोई ऐसा हिस्सा नहीं है, जहां पर आवारा पशुओं ने लोगों को परेशान न कर रखा हो। रात में एक तरह से सड़कों पर कुत्तों का राज हो जाता है। बाइक सवार के पीछे दौड़ पड़ते हैं।

राह चलते लोगों को भी काटने के लिए दौड़ पड़ते हैं। आवारा कुत्तों के अलावा पशुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। जिसके कारण आए दिन शहर की सड़कों पर हादसे तक हो जाते है, लेकिन इनकी संख्या पर काबू पाने और इन्हें पकड़ने के लिए नगर निगम की टीम फेल साबित हो रही है।

# फरीदाबाद को राधाष्टमी पर मिली 302 करोड़ रुपये की मनोहर सौगात



फरीदाबाद में विभिन्न विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण करते डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला।


बैठक को सम्बोधित करते डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**राधाष्टमी** पर रविवार को 302 करोड़ रुपये की मनोहर सौगात मिली। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने करनाल से वीडियो कांफ्रेंस के जरिए इन योजनाओं का लोकार्पण किया। इस अवसर पर फरीदाबाद में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

सभी योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करने के उपरांत उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि आज फरीदाबाद वासियों को 302 करोड़ 70 लाख 91 हजार रुपये की धनराशि की विभिन्न परियोजनाओं की सौगात मिलने जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का प्रयास है कि प्रदेश बुनियादी सुविधाओं के विकास में देश में अग्रणी राज्य बने।

### सीएम ने विडियो कांफ्रेस के जरिए किया विकास परियोजनाओं का उद्धाटन व शिलान्यास

पिछले तीन वर्षों में हमारी सरकार द्वारा बेहतर विकास का इन्फ्रास्ट्रक्चर करने का प्रयत्न किया है। इस अवसर पर विधायक सीमा त्रिखा, विधायक नरेन्द्र गुप्ता, भाजपा के जिला अध्यक्ष गोपाल, जजपा के जिला अध्यक्ष राजेश भाटिया, एसीएस अंकुर गुप्ता, एसीएस अनिल मलिक, डीसी विक्रम, एडीसी अपराजिता, सीईओ जिला परिषद सतेन्द्र दुहन, ईआईसी महेश मदान, ईआईसी संजीत कुमार, एसडीएम पंकज सेतिया, सीटीएम नसीब कुमार, सहित सम्बधित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**चार का उद्घाटन व छह योजनाओं का शिलान्यास :** मुख्यमंत्री मनोहर लाल रविवार को फरीदाबाद की 302 करोड़ 70 लाख 91 हजार रुपये की लागत से बनी व बनने वाली 10 विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। इनमें चार विकास योजनाओं का उद्घाटन व छ विकास योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। जिन चार विकास योजनाओं का उद्घाटन किया गया उनमें 61करोड़ 80 लाख 54 हजार रुपये की धनराशि से राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल दयालपुर व गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल फरीदपुर के नवनिर्मित भवन शामिल है। इसके अलावा एचवीपीएन के 220 किलोवाट पावर स्टेशन सेक्टर- 58 और बल्लभगढ़ में मिनी सॉयल टेस्टिंग लेबोरेट्री का उद्घाटन शामिल है। वहीं 240 करोड़ 90 लाख 37 हजार रुपये की विकास योजनाओं का शिलान्यास भी किया गया।

जिनमे 240 करोड़ 90 लाख 37 इनमें एचवीपीएन के सेक्टर-23 में 66 केवी पावर सब स्टेशन, खेड़ी गुजरान में 66 केवी पावर सब स्टेशन, पीडब्ल्यूडी बीएण्डआर विभाग के तिगांव रोड की फोर लेनिंग, जसाना, चिरसी, मंझावली, शेखपुर आटा गुजरान में दो मार्गी सड़क का, मोहना में आईटीआई और हरियाणा स्टेट रोड और पुल निर्माण कार्पोरेशन द्वारा फरीदाबाद की केजीपी एक्सप्रेसवे से बेहतर कनेक्टिविटी के लिए बल्लबगढ, छायसा, मोहना रोड के चारमार्गी करने का शिलान्यास किया गया।

# बहन से छेड़छाड़ का बदला लेने के लिए कर दी हत्या

### क्राइम ब्रांच सेक्टर 65 ने किया ब्लाइंड मर्डर का खुलासा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**डीसीपी** क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के द्वारा थाना ओल्ड एरिया की फ्रेंड्स कॉलोनी में हुए हरिंद्र मर्डर केस में तुरंत संज्ञान लेते हुए सभी क्राइम ब्रांच को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए थे। जिसके तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 65 प्रभारी ब्रह्म प्रकाश की टीम ने ब्लाइंड मर्डर का खुलासा करते हुए मामले के शामिल आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम अमर कुमार (20) है। आरोपी मूल रूप से बिहार के भोजपुर आरा जिले के गांव बरतियर का रहने वाला है तथा वर्तमान में ओल्ड फरीदाबाद की फ्रेंड्स कॉलोनी में रहता है। आरोपी को क्राइम ब्रांच ने हरिंदर ब्लाइंड मर्डर केस में ओल्ड फरीदाबाद से गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि हरिंदर ने ओल्ड फरीदाबाद की फ्रेंड्स कॉलोनी में रहता है। मृतक ने आरोपी की बहन के साथ छेड़छाड़ की थी। जिसकी रंजिश के चलते हुए आरोपी ने एक-दो सितंबर की रात हत्या की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी ने हरिंद्र को पहले तो कमरे में पीटा फिर बाहर लेजाकर पत्थर से सिर में चोट मारकर हत्या कर दी। पुलिस द्वारा मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव को परिजनों के हवाले किया गया।

मृतक के चाचा की शिकायत पर ओल्ड थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। क्राइम ब्रांच टीम ने फ्रेंड्स कॉलोनी में लोगों से मामले में गहनता से पूछताछ की जिसमें आरोपी के बारे में पुलिस को जानकारी प्राप्त हुई जिसके पश्चात आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। प्राथमिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि हरिंदर उसकी बहन के साथ छेड़छाड़ कर रहा था। इसलिए गुस्से में आकर उसने हरिंदर की हत्या कर दी। मामले में गहनता से पूछताछ के लिए आरोपी को अदालत में पेश करके 1 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

# सत्ता परिवर्तन का बिगुल फूकेगी हल्ला बोल रैली : कौशिक



दिल्ली रैली के लिए कौशिक अपने समर्थकों के संग रवाना जाते हुए।

**फरीदाबाद।** दिल्ली के रामलीला मैदान में 'हल्ला बोल' रैली में शामिल होने के लिए पूर्व विधायक आनंद कौशिक के नेतृत्व में सेक्टर-9 स्थित कांग्रेस कार्यालय से सैकड़ों लोगों का काफिला दिल्ली के लिए रवाना हुआ।

इस मौके पर कांग्रेस के प्रदेश महासचिव, बलजीत कौशिक, प्रदेश प्रवक्ता योगेश ढींगड़ा, गौरव ढींगड़ा, पूर्व बार एसो. के प्रधान संजीव चौधरी, आकाश शर्मा, महिला जिलाध्यक्ष सुनीता फागना, डा. सौरभ शर्मा, विकास फागना, बिट्टू, अजय रावत, जयंत कौशिक, सुनील डांगी, मुन्नालाल, अवध, प्रशांत तनेजा, रामप्रकाश सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे। इस मौके पर पूर्व विधायक आनंद कौशिक व बलजीत कौशिक ने संयुक्त रूप से कहा कि पिछले 8 साल से केंद्र की मोदी व हरियाणा की खट्टर सरकार ने रोजगार देने की बजाय देश व हरियाणा प्रदेश में बेरोजगारी को बढ़ाने का काम किया जिसके कारण युवा वर्ग हताश व परेशान है। आज महंगाई सुरसा के मुंह की तरह बढ़ रही है और भ्रष्टाचार के बढ़ते मामलों ने सरकार की नीति और नीयत को दिखा दिया है।

# सैंकड़ों कार्यकर्ताओं सहित हल्ला बोल रैली में की शिरकत

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पूर्व महापौर** अशोक अरोड़ा हल्ला बोल रैली के दौरान कुछ अलग ही अंदाज में नजर आए। सभी लोग उनके इस रूप को देखकर बड़े ही आश्चर्यचकित हो गए। दिल्ली के रामलीला मैदान में 'हल्ला बोल' रैली में शामिल होने के लिए पूर्व महापौर अशोक अरोड़ा के नेतृत्व में पूर्व महापौर कार्यालय मेन मार्केट नंबर 1 से सैकड़ों लोगों का काफिला दिल्ली के लिए रवाना हुए।

इस मौके पर कांग्रेस के युवा नेता भारत अशोक अरोड़ा, अजय सिंह, प्रमोद, विवेक, विनोद, दिनेश बंसल, अंशुल, सुरेश, रंजीत, प्रभात, बानी सिंह, मनोज सिंह, रामनिवास, पप्पू, जयप्रकाश, मनजीत सिंह, हिमांशु, कपिल, बब्बर, रमित वाधवा, सचिन, प्रिया, योगेश, ज्योति, कमल, राजू बत्रा, प्रथम, राकेश, बंटी, वीरेंद्र सिंह व हरीश अरोड़ा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। इस मौके पर पूर्व महापौर


सिलेंडर लेकर हल्ला बोल रैली के लिए जाते पूर्व महापौर व समर्थक।

अशोक अरोड़ा उनके पुत्र भारत अरोड़ा ने संयुक्त रूप से कहा कि पिछले 8 साल से केंद्र की मोदी व हरियाणा की खट्टर सरकार ने रोजगार देने की बजाय देश व हरियाणा प्रदेश में बेरोजगारी को बढ़ाने का काम किया जिसके कारण युवा वर्ग हताश व परेशान है। आज महंगाई सुरसा के मुंह की तरह बढ़ रही है और भ्रष्टाचार के बढ़ते मामलों ने सरकार की नीति और नीयत को दिखा दिया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने आम आदमी की आवश्यकता की वस्तुओं पर भारी भरकम जीएसटी लगाकर जनता की कमर तोड़ने का काम किया है। जरूरत की सभी चीजों के भाव दोगुने हो गए हैं। पेट्रोल, डीजल व रसोई गैस के बेतहाशा बढ़ते दाम आम आदमी का जीना दूभर कर रहे हैं। भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकारें महंगाई पर काबू पाने में नाकाम साबित हुई हैं। देश में बेरोजगारी महामारी का रूप ले चुकी है। सरकारी भर्तियों में भ्रष्टाचार जग जाहिर हो चुका है।

# दो दिवसीय निःशुल्क योग शिविर आयोजित

**फरीदाबाद।** सेक्टर-16 स्थित फरीदाबाद कालीबाड़ी में तीन से चार सितम्बर तक चलने वाली दो दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का रविवार को समापन हो गया। इसमें योगाचार्य गुरु संदीप योगाचार्य एवं योग प्रशिक्षिका मीनाक्षी योग करवा रहे थे। प्रातः 6 बजे से लेकर प्रातः 8.30 बजे तक चलने वाले इस सत्र में फरीदाबाद के सभी उम्र के पुरुष एवं महिला लोग लाभ ले रहे हैं।

योग के दौरान 'ओम' के उच्चारण के साथ योग शुरू की गयी एवं रविवार को योगाचार्य ने विशेषकर रीढ़ की हड्डी और पैरों के मांसपेशियों को लचीला व मजबूत बनाने वाले आसनों की व्याख्या की एवं सिखाया। शिविर के समापन पर योगाचार्या ने उपस्थित लोगों के शारीरिक असुविधाओं से सम्बंधित प्रश्नों का भी समाधान बताएं एवं उपस्थित लाभार्थियों और फरीदाबाद कालीबाड़ी के सचिव अचिंत्य पंडित एवं सह सचिव सांतनु देब सरकार के आग्रह पर योग शिविर लगाएंगे।

# सड़क निर्माण के लिए सभी विभागों का बनाएं कॉमन पोर्टल : दुष्यंत

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**उपमुख्यमंत्री** दुष्यंत चौटाला ने कहा कि प्रदेश व केंद्र सरकार के सड़क निर्माण से संबंधित नौ विभाग हैं। इनमें पीडब्लूडी बीएंडआर, एनएचएआई, एफएमडीए, एचएसवीपी, जीएमडीए, मार्केटिंग बोर्ड, नगर निगम, एचएसआईआईडीसी, एचएसआरडीसी और शामिल हैं। इन सभी विभागों के सड़क निर्माण से संबंधित कार्यों को लेकर कई बार तालमेल की कमी सामने आती है। ऐसे में बेहतर तालमेल के लिए एक संयुक्त पोर्टल तैयाद्दर किया जाए और सभी सड़कों का विवरण उस पर अपडेट रहे। पीडब्लूडी बीएंडआर विभाग इसके लिए नोडल विभाग रहे। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला रविवार को लघु सचिवालय में पीडब्लूडी के अधिकारियों के साथ फरीदाबाद व गुरुग्राम की रोड कनेक्टीविटी को लेकर मीटिंग में दिशा-निर्देश दे रहे थे।

उपमुख्यमंत्री ने फरीदाबाद व गुरुग्राम की सभी सड़क परियोजनाओं की क्रमशः समीक्षा करते हुए कहा कि हमें प्रत्येक परियोजना को इस ढंग से तैयार करना है कि वह आगामी दशकों तक भी कारगर रहे। इस दौरान पीडब्लूडी अधिकारियों ने बताया कि कई परियोजनाएं ऐसी हैं जो बजट के अभाव में मात्र 10 से 15 प्रतिशत तक ही अधूरी बची हुई हैं। इस पर उपमुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि ऐसी सभी परियोजनाओं की एक सूची एक सप्ताह के अंदर तैयार करें। उन्होंने मीटिंग में ग्रुरुग्राम, फरीदाबाद, नोएडा होते हुए गाजियाबाद तक की कनेक्टीविटी को लेकर तैयार किए जा रहे प्रस्ताव पर भी चर्चा की। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि इस पर काम चल रहा है और जल्द ही इसका प्रस्ताव तैयार कर दिया जाएगा। मीटिंग में उन्होंने फरीदाबाद व गुरुग्राम की कुछ परियोजनाओं पर चर्चा की जिनमें गुरुग्राम के घाटा में एलीवेटिव रोड व टनल, धनकौर से चंदू बाईपास तक की सड़क सहित कई परियोजनाएं शामिल की।



गुरुग्राम, फरीदाबाद, नोएडा, गाजियाबाद कोरिडोर को लेकर भी अधिकारियों के संग मीटिंग करते डिप्टी सीएम।

# कौराली में चौटाला का किया जोरदार स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जेजेपी** के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर अजय सिंह चौटाला गांव कौराली में चाय पर पधारे। जहां गांव कौराली के ग्रामवासियों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता उमेश भाटी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर अजय सिंह चौटाला का पंगड़ी पहनाकर स्वागत किया और फूलों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया और अन्य पदाधिकारियों व गांव के मोजिज लोगों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का फूल मालाओं से स्वागत किया।

इस मौके पर राष्ट्रीय सचिव ठाकुर राजाराम एवं कृष्ण जाखड़ और जिला अध्यक्ष राजेश भाटिया मौजूद रहे। इस अवसर पर लोगों को संबोधन करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय चौटाला ने कहा की जेजेपी पार्टी के मजबूती का आधार कार्यकर्ता और प्यारी जनता है। पार्टी को और आगे ले जाने के लिए कार्यकर्ता हरियाणा सरकार के लाभकारी घोषणाओं को जनता तक पहुंचाने और जागरुक करने का काम करे। जिससे लोगों को सरकार की नीतियों का लाभ मिल सके। गांव कौराली के ग्रामीणों ने और उमेश भाटी ने जो स्वागत किया है। उसके लिए गांव कौराली के लोगों का वह तहे दिल से धन्यवाद करते है। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता उमेश भाटी ने स्वागत भाषण में कहा की उनके लिएं बड़े ही गर्व की बात है की उनके पैतृक गांव कोराली में राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय चौटाला जी पहुंचे। उमेश भाटी ने कहा की उनके परिवार एक बहुत बड़ा परिवार है। जिसमे करीब 1500 लोग मिल जुलकर रहते है और जेजेपी को नीतियों पर विश्वास रखते है। उमेश भाटी ने कहा कि तिगांव विधानसभा में जेजेपी कार्यकर्ता जरूरतमंद और जनहित की सेवाओं के साथ विकास गति को तेज करने का काम कर रहे है। वह खुद कार्यकर्ताओ के साथ मिलकर प्रत्येक हल्के में लोगों के साथ तालमेल बनाकर जन समस्याओं का निराकरण करने के लिए प्रयासरत है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय चौटाला के दिशा निर्देशानुसार एवं उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के मार्गदर्शन में जेजेपी संगठन प्रतिदिन मजबूत होता जा रहा है क्योंकि उनके मार्गदर्शन में प्रत्येक पदाधिकारी और कार्यकर्ता क्षेत्रीय लोगों से लगातार जनहित की समस्याओं को लेकर गंभीर रहे हैं। इस मौके पर बेघराज नगर, मानिक मोहन शर्मा, अजय भड़ाना, तेजपाल, अनिल भाटी, हातम आधान, अमर दलाल, सुरेंद्र बोहरे, प्रेम कृशन आर्य, सूरत चौहान, सतेंद्र भाटी, मालती कुमारी, कल्पना भाटी, रश्मि भाटी, सतोरिया, मनोरम भाटी आदि मौजूद रहे।


गांव कौराली में चौटाला के पहुंचने पर स्वागत करते हुए उमेश भाटी।

## संक्षिप्त समाचार

### जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में ऋतिका ने जीता सोना



जीत के बाद मैडल दिखाती रितिका और संग में पदाधिकारी।

**फरीदाबाद।** जिला संघ कार्यकारी अध्यक्ष और एथलेटिक्स हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर ने बताया कि 2 सितम्बर से 4 सितम्बर तक करण स्टेडियम करनाल में आयोजित हुई 3 दिवसीय 33वीं नार्थ जोन जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हरियाणा के 110 लडके और 97 लडकियों सहित 207 एथलीट खिलाड़ियों का दल भाग लेगा। जिला एथलेटिक संघ सचिव एडवोकेट ओमवीर सिंह ने बताया कि नार्थ जोन जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में ऋतिका गौड ने 4 गुणा 400 मीटर रिले दौड में स्वर्ण पदक विजेता बनकर जिले का नाम रौशन किया। निशांत करहाना ने 2000 मीटर दौड में कांस्य पदक जीता। इस चैंपियनशिप में लद्दाख, जम्मू कश्मीर, हिमाचल, पंजाब, चंडीगढ़, उत्तराखंड, दिल्ली और उत्तरप्रदेश राज्य की टीम भी भाग लिया। एथलेटिक्स हरियाणा के अध्यक्ष चौधरी अभय सिंह चौटाला, कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान सिंह भादू, महासचिव राजकुमार मिटान, उपाध्यक्ष राजीव खत्री, संयुक्त सचिव कुलदीप अहलावत और फरीदाबाद जिले से तकनीकी अधिकारी कुलदीप ठाकुर अजरोंदा एवं अनु भाटी ने पदक विजेता खिलाड़ियों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

### खेल जीवन का एक हिस्सा है : सुरेंद्र शर्मा बबली



मैन आफ द मैच रोमी हुड्डा को ट्राफी देकर सम्मानित करते हुए सुरेन्द्र शर्मा बबली )

**फरीदाबाद।** हरियाणा सेलेब्रिटी क्रिकेट लीग द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट विस्टेरिया क्लब बालियावास गुरुग्राम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर मैच का बेट लेकर शुभारंभ किया। सभी हरियाणा कल्चर लोककला कलाकारों को बधाई दी। मेन आफ द मैच रोमी हुड्डा को ट्राफी देकर सम्मानित किया। पंडित सुरेन्द्र शर्मा बबली राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा का कलाकारों द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर पंडित सुरेन्द्र शर्मा बबली ने कहा खेल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है, जोकि उत्तम स्वास्थ्य के सभी को खेलना चाहिए। सभी कलाकारों को बधाई दी।

### नम आंखों से दी बप्पा को विदाई, कहा अगले बरस तू जल्दी आ


गणेश की प्रतिमा का विसर्जन करने जाते श्रद्धालु।

**फरीदाबाद।** महाराष्ट्र मित्रमंडल द्वारा सार्वजनिक श्रीगणेश उत्सव गांधी कॉलोनी स्थित समुदाय भवन में बड़े धूम धाम से 30 अगस्त से 04 सितम्बर तक मनाया गया। मंडल द्वारा गणेश प्रतिमा की भव्य विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा में भक्तजनों ने ढोल ताशे की धाप पर नाच गाकर एवं गुलाल एक दुसरे को लगाकर बाप्पा को नम आंखों से विदाई दी और बाप्पा से कहा से अगले बरस तू जल्दी आ.... बाप्पा की विसर्जन शोभायात्रा गांधी कॉलोनी उत्सव स्थल से चलकर 5बी 81 पहुंची (वहां पर सभी भक्तजनों का फूल माला द्वारा आदर सत्कार किया गया। उन्होंने खूब नाचा एवं बप्पा के जयघोष लगाए। वहा से चलकर यात्रा 5 नंबर मैन मार्केट के चोक पर पहुंची। आगे चलकर बिजली ऑफिस वाले चौक पर शिव चरण बब्बल द्वारा सभी भक्तजनों का सत्कार किया गया। वहां से फिर सब भक्त जन अपनी गाड़ियों में सवार होकर विसर्जन स्थल तक पहुंचे। बाप्पा की आरती के बाद भक्त जनों ने बाप्पा को भावुक होकर विदाई दी एवं विसर्जन स्थल बाप्पा के जयघोष से गूंज उठा। विसर्जन शोभायात्रा में मंडल के प्रवीन राठोड, रविन्द्र पांचाल, विलास पांचाल, चंद्रशेखर पांचाल, सुधाकर पांचाल, राजेन्द्र पांचाल, विनय पांचाल, यशवंत पांचाल, अनिल, निखिल, हरेन्द्र, शेखेर, तेजस, ओजस, करन, विशाल, श्रावणी, पावनी, तनवी, गायत्री एवं सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### 20 फीसद सीट बढ़ाने को युवाओं ने सौंपा ज्ञापन


डिप्टी सीएम से सीट बढ़ाने की मांग करते जसवंत और उनके साथी।

**फरीदाबाद।** युवा आगाज संगठन एवं कॉलेज छात्रों ने पंडित जवाहरलाल नेहरू कॉलेज और फरीदाबाद के सभी सरकारी कॉलेजों में 20 फीसदी सीटें बढ़ाने की मांग की है। इस मांग को लेकर स्टूडेंट्स ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला को ज्ञापन दिया। इस दौरान स्टूडेंट्स ने उपमुख्यमंत्री को एडमिशन संबंधित समस्याओं को अवगत कराया। इस अवसर पर युवा आगाज संगठन के अध्यक्ष जसवंत पवार ने उपमुख्यमंत्री दुष्यंत सिंह चौटाला को जानकारी देते हुए बताया कि स्टूडेंट्स को एडमिशन में बहुत परेशानी आ रही है। पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय में सीट फुल होने के कारण 70 से लेकर 80 परसेंट के छात्र और छात्राएं एडमिशन की लिए दर दर की ठोकरें खा रही हैं लेकिन फिर भी उनका एडमिशन नहीं हो पा रहा है। जिसके कारण सभी छात्र-छात्राएं अपने भविष्य को अंधकार में देख रहे हैं। इस अवसर पर दुष्यन्त चौटाला ने पूरा आश्वासन दिया के स्टूडेंट्स को कोई भी परेशानी नहीं आने दी जाएगी और डायरेक्टर हायर एजुकेशन को तुरंत प्रभाव से सीट बढ़ाने को लेकर आदेश दे दिए जाएंगे। इस मौके पर जसवंत पवार, हिमांशु भट्ट, गौतम नगर, राहुल पवार, सुनील सैनी, हर्ष चौधरी, भरत, खुशबू, नंदनी, कंचन यादव, प्रीति चौधरी मौजूद रहे।

### नशीले इंजेक्शनों की तस्करी में महिला गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच एनआईटी प्रभारी नरेंद्र की टीम ने नशे के इंजेक्शन की तस्करी करने वाली महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि महिला आरोपी का नाम पूजा है। महिला आरोपी सेक्टर 23 में रहती है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी महिला को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से बल्लभगढ़ की मछली मार्केट से नशे के इंजेक्शन बेचते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला के खिलाफ थाना मुजेसर में अवैध नशा तस्करी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी महिला से पूछताछ में सामने आया कि वह नशे के इंजेक्शन कम पैसे में खरीदकर महंगे दामों पर बेचती है। आरोपी महिला को मामले में पूछताछ के लिए अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा।

# टेड्रोस की छवि

## डब्लूएचओ की भूमिका

**डब्लूएचओ** ने चेतावनी दी है कि कोरोनावायरस के ज्यादा संक्रामक व घातक स्वरूप आ सकते हैं जो वर्तमान स्वरूपों की तुलना में बहुत ज्यादा खतरनाक होंगे। लेकिन इस चेतावनी को आलोचनात्मक दृष्टिकोण से देखना होगा। समस्या यह है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक टेड्रोस अढानोम ग्रेबेसियस की विश्वसनीयता को बड़े स्तर पर नुकसान पहुंचा है। 'ओमीक्रान के उप-स्वरूप अपने पूर्ववर्तियों की तुलना में ज्यादा संक्रामक हैं और ज्यादा संक्रामक तथा ज्यादा खतरनाक स्वरूप वाले कोरोनावायरसों का खतरा बना हुआ है। इस बीच टीकाकरण अभियान ने सर्वाधिक जोखिम वाले लोगों को टीका लगाने में उल्लेखनीय सफलता नहीं पाई है। यह बात खासकर गरीब देशों के लिए सही है।' बुधवार को टेड्रोस ने यह ट्वीट किया। लेकिन पिछले दो ढाई साल से टेड्रोस केवल भय पैदा करने में लगे हैं। 2020 के मध्य में उन्होंने कहा था कि अनेक वैक्सीनों का तीसरे स्तर का क्लीनिकल परीक्षण हो रहा है और उम्मीद की जाती है कि अनेक प्रकार की वैक्सीनें उपलब्ध होंगी। लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि 'फिलहाल कोई सटीक उपचार उपलब्ध नहीं है और हो सकता है कि ऐसा कभी न हो।' इसके अगले दिन डब्लूएचओ की प्रमुख वैज्ञानिक सौम्या स्वामीनाथन ने स्पष्टीकरण देते हुए कहा, 'हमेशा इस बात की संभावना बनी रहेगी कि हमें सटीक वैक्सीन न मिले या इसे मिलने में लंबा समय लगे। हो सकता है कि हमें यह पहले प्रयास में न मिले। मेरे विचार से इसी कारण महानिदेशक जनता को चेतावनी दे रहे हैं कि वे यह विश्वास न करें कि इस समस्या का 6 महीने या 12 महीने में समाधान होने जा रहा है। हम इस बारे में निश्चित रूप से कुछ नहीं कह सकते हैं।' स्पष्ट है कि टेड्रोस की टिप्पणी के कारण ही स्वामीनाथन को यह नजरिया अपनाना पड़ा।



लगातार भय पैदा करना टेड्रोस की आदत बन गई है। 22 जुलाई को दुनिया भर में कोविड-19 के सबसे खतरनाक मामले भी घट रहे थे, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने बढ़ते हुए मामलों पर चिन्ता प्रकट की। 24 जनवरी को उन्होंने यह अनुमान लगाने के खिलाफ चेतावनी दी कि कोविड वैश्विक महामारी 'समाप्ति' की ओर बढ़ रही है। 6 जनवरी को उन्होंने कहा कि भले ही कोरोनावायरस के ज्यादा संक्रामक ओमीक्रान स्वरूप के मामले वैश्विक रूप से प्रभुत्व वाले डेल्टा स्वरूप की तुलना में कम गंभीर रोगियों को पैदा कर रहे हों, पर इसे 'हल्के' के रूप में परिभाषित करना उचित नहीं होगा। मजेदार व आश्चर्यजनक बात है कि जो व्यक्ति नोवेल कोरोनावायरस प्रसार के शुरुआती सप्ताहों में चेतावनी देने में घोर लापरवाही बरत चुका हो, वह अब ऐसा क्यों कर रहा है। 14 जनवरी, 2020 को डब्लूएचओ ने ट्वीट किया था, 'चीनी अधिकारियों द्वारा की गई प्राथमिक जांचों से पता चला है कि नोवेल कोरोनावायरस के मानव से मानव में सीधे संक्रमण के कोई प्रमाण नहीं मिले हैं जिसकी पहचान सबसे पहले चीन के वूहान में हुई है।' यह बयान चीनी कम्युनिस्ट पार्टी-सीपीसी की लाइन के अनुरूप था जो सारी दुनिया को विश्वास दिलाना चाहती थी और टेड्रोस का डब्लूएचओ ठीक यही काम कर रहा था। उस समय इस बात के अनेक प्रमाण थे कि डब्लूएचओ तथा अन्य स्थानों के वैज्ञानिक न केवल कोरोनावायरस के मानव से मानव में संक्रमण, बल्कि इसकी अत्यधिक मारक क्षमता के बारे में जान गए थे। लेकिन चीन के कारण डब्लूएचओ के महानिदेशक पद पर पहुंचे टेड्रोस वही कहते रहे जो बीजिंग उनसे कहलाना चाहता था। टेड्रोस ने दुनिया को यह भ्रामक विश्वास दिलाने का प्रयास किया कि बीमारी ज्यादा खतरनाक नहीं है। इस कारण उस समय आवश्यक सावधानियां नहीं बरती गईं जिनसे कम से कम इसके प्रसार या इसकी घातकता को कम किया जा सकता था। आज टेड्रोस के दुष्कृत्य सभी जानते हैं और उनका दस्तावेजीकरण भी हो चुका है, इसके बावजूद उनको डब्लूएचओ में एक और कार्यकाल मिल गया है। इस स्थिति के बारे में भला क्या कहा जा सकता है।

# निरंतर आगे बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था

**पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में उभरने के दोहरे मील के पत्थर को पार करना निस्संदेह भारत और भारतीयों के लिए एक आश्चर्यजनक उपलब्धि है।**



**अनुराग सिंह ठाकुर**
(लेखक, भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री हैं।)



यह मात्र संयोग हो सकता है, तो भी यह प्रत्येक भारतीय के लिए अत्यधिक संतोष की बात है कि भारत ने ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन से अपनी स्वतंत्रता के 75 वें वर्ष में दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरते हुए ब्रिटेन को ही पीछे छोड़ दिया है। यह उपलब्धि ऐसे समय में भी आई है, जब ब्रिटेन अपनी गिरती अर्थव्यवस्था को समर्थन देने और बढ़ती महंगाई का मुकाबला करने के लिए संघर्ष कर रहा है, जिसने जीवन यापन की लागत को उस स्तर तक पहुंचा दिया है, जिसकी कल्पना यूके, यूरोप और पश्चिम ने कभी नहीं की थी। भारतीय अर्थव्यवस्था की लगातार आलोचना करने वाले अर्थशास्त्री इस बात से स्तब्ध हैं कि वे ब्रिटेन की और वास्तव में पश्चिम की अधिकांश चुनौतियों का पूर्वानुमान लगाने में विफल रहे। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों का विचार है कि उनके लिए प्रचुरता से भरे दिन वास्तव में खत्म हो गए हैं और ये हमारे लिए शुरुआत हो सकती है। ब्लूमबर्ग, जिसने सबसे पहले भारत के ब्रिटेन को पछाड़कर दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की खबर को प्रसारित किया था, ने इसकी व्याख्या औपनिवेशिक संदर्भ में करते हुए कहा कि एक उपनिवेशवादी ताकत को उसके पूर्ववर्ती उपनिवेश ने ही पीछे छोड़ दिया है। सम्राट से साम्राज्य और वैभव दोनों बहुत पहले ही छीन लिए गए थे; समय के साथ ग्रेट ब्रिटेन छोटे से इंग्लैंड में सीमित हो गया; लेकिन इसकी अर्थव्यवस्था मजबूत बनी रही और यूके ने विश्व की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं की सूची में अपना स्थान मजबूती से कायम रखा। निस्संदेह ब्लूमबर्ग रिपोर्ट में औपनिवेशिक संदर्भ आपत्तिजनक हो सकता है, लेकिन इसने इस बात को भी रेखांकित किया कि कैसे एक देश, जिसे 1947 में अपने ब्रिटिश शासकों द्वारा पस्त, चोट और खून से लथपथ छोड़ दिया गया था, अपनी खोयी हुई आर्थिक समृद्धि और ताकत को पुन: प्राप्त करने के लिए फिर से उठ खड़ा हुआ।

यह बात दोहराने के दृष्टिकोण से कही जा सकती है कि भारत का ब्रिटिश उपनिवेशवाद; अनिवार्य रूप से इस देश का आर्थिक शोषण करने और भारत से ब्रिटेन को धन को हस्तांतरित करने से सम्बंधित था। पचहत्तर साल पहले, जब 15 अगस्त 1947 को यूनियन जैक की जगह तिरंगा फहराया गया था, तब विश्व जीडीपी में भारत का हिस्सा 1700 के 24.4 प्रतिशत से कम होकर मात्र 3 प्रतिशत रह गया था। ब्रिटेन समृद्ध होता गया, जबकि भारत को और गरीबी के जाल में धकेल दिया गया। पिछले आठ वर्षों में भारत के आश्चर्यजनक उदय को समझने के लिए इन आकड़ों को याद करना महत्वपूर्ण है, इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को तेज गति से आगे बढ़ने में समर्थन के लिए प्रमुख नीतिगत बदलाव किए हैं। इस अवधि में खोए हुए दशकों की भरपाई करने के भी प्रयास किये गए, जब पिछली सरकारों ने सोवियत युग-शैली के राज्य नियंत्रण को अपनाया और भारतीय उद्यम की क्षमता को कम करके आंका। प्रतिबंधों के लिए आकांक्षाओं की अनदेखी की गयी।

2014 में, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अतीत को काफी पीछे छोड़ते हुए एक ऐसे भविष्य की शुरुआत की, जो भारतीयों की कई आकांक्षाओं को पूरा करेगा, उनकी क्षमता का विस्तार करेगा, और इस महान राष्ट्र के लिए तीव्र विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा। एक ऐसा भविष्य जो यह सुनिश्चित करेगा कि अंतिम कतार का अंतिम व्यक्ति अपेक्षाकृत एक समृद्ध और संपन्न भारत का लाभ प्राप्त करने में समर्थ हो। इन आठ वर्षों में प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा लाए गए निरंतर परिवर्तनों का प्रभाव देखा गया है, जिससे भारत की गाथा दुनिया में सबसे अधिक प्रासंगिक हो गई है। आंकड़े खुद ही इसकी कहानी बयां करते हैं। भारत वित्त वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही में 13.5 प्रतिशत की दर से सकल घरेलू उत्पाद के मामले में पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। यदि हम अपनी क्रय-शक्ति के अनुकूल होते है, तो भारत का सकल घरेलू उत्पाद इसे अमरीका और चीन के बाद विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करने में सक्षम होता है। सभी उपलब्ध आंकड़ों और अनुमानों से पता चलता है कि अन्य देशों का सकल घरेलू उत्पाद या तो स्थिर रहेगा या कम होगा, किंतु भारत का सकल घरेलू उत्पाद लगातार बढ़ता रहेगा। इसका मतलब है कि भारत अपनी बढ़त कायम रखेगा और मौजूदा कमियों को दूर करने के काम में तेजी लाएगा।

वैश्विक स्तर की अर्थव्यवस्थाओं की तरह ही कोविड-19 महामारी के लगातार दो सालों ने भारत की अर्थव्यवस्था को भी गंभीर रूप से प्रभावित किया। लेकिन प्रधानमंत्री श्री मोदी ने प्रतिकूल परिस्थितियों वाले इन सालों को अवसर में बदल दिया। उनकी दूरदर्शिता ने भारत को दूसरे देशों की तरह अपने धन एवं संसाधनों को बर्बाद करने से बचाया। अन्य देशों से अलग, उन्होंने एक सतर्क और विवेकपूर्ण विकल्प चुना जिसके तहत रोजगार पैदा करने वाली बुनियादी ढांचे की परियोजनाओं पर खर्च बढ़ाया गया और उद्योग जगत में तेजी लाने के लिए प्रोत्साहन-आधारित योजनाओं को बढ़ावा दिया गया। दो लाख करोड़ रुपये की उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना का असर अब दिखने लगा है। ये सभी उपाय भारत के प्रौद्योगिकी पूल का लाभ उठाने, स्टार्ट-अप एवं यूनिकॉर्न को प्रोत्साहित करने और वैश्विक स्तर पर निवेशकों एवं उद्योगों के साथ सीधे जुड़ने की सुविधा के अलावा, प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा व्यापार की बेहद आसान प्रक्रिया, नीतिगत स्थिरता, संशोधित श्रम कानून और बेहद लोकप्रिय व दुनिया की सबसे बड़ी डिजिटल भुगतान प्रणाली सुनिश्चित किए जाने की पृष्ठभूमि में हुए हैं। इसमें कोई दो राय नहीं मुख्य जोर अर्थव्यवस्था को वापस पटरी पर लाने और लॉकडाउन वाले सालों में नीचे गिरी जीडीपी को ऊपर उठाने पर था, लेकिन इस सबके बीच प्रधानमंत्री श्री मोदी इस महामारी की सबसे अधिक मार झेलने वाले गरीब और वंचित लोगों को बिल्कुल नहीं भूले। भारत की लगभग दो-तिहाई आबादी को मुफ्त राशन प्रदान करने के दुनिया के सबसे बड़े कार्यक्रम और दुनिया के सबसे बड़े कोविड-19 टीकाकरण अभियान ने भारत की अर्थव्यवस्था को इस महामारी के कहर से उबरने और गति पकड़ने एवं अपना आकार बढ़ाने में काफी मदद की। 1947 में, भारत एक असहाय राष्ट्र था। लेकिन आज जब हम अपनी आजादी के 'अमृत काल' में प्रवेश कर रहे हैं, हमारा देश काफी मजबूत और समृद्ध हो चुका है। आज भारत स्मार्टफोन डेटा का दुनिया का प्रमुख उपभोक्ता है। यह इंटरनेट उपयोगकर्ताओं के मामले में दूसरे स्थान पर है। यह दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार है और ग्लोबल रिटेल इंडेक्स में दूसरे पायदान पर है। भारत के ऊर्जा का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता देश होने का तथ्य इसकी उभरती अर्थव्यवस्था को रेखांकित करता है। 75 साल पहले लंकाशायर के उत्पादों का आयात करने से लेकर आज भारतीय वस्त्रों के निर्यात में शानदार वृद्धि हुई है। निर्यात के पिछले सभी रिकॉर्ड को पार करते हुए अब हम वैश्विक व्यापार में एक मजबूत भागीदार हैं और इस साल 50 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को छू रहे हैं। जिन्सों का हमारा निर्यात 31 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है। एक ऐसा देश जो कभी पीएल 480 के भरोसे जिंदा था, आज दुनिया को खाद्यान्न निर्यात करता है। मोदी सरकार की सफलता की कहानियों की सूची लंबी है। यह उल्लेख करना पर्याप्त होगा कि 100 बिलियन डॉलर से अधिक की कंपनियां बनाई गई हैं और हर महीने नई कंपनियां जुड़ रही हैं। पिछले आठ वर्षों में बनाए गए यूनिकॉर्न का मूल्य 12 लाख करोड़ रुपये है। प्रधानमंत्री मोदी के परिश्रमी नेतृत्व में, भारत सैकड़े से 70,000 स्टार्ट-अप तक बढ़ चुका है। फिर भी, विकास और समृद्धि में असमानता नहीं रही है : 50 प्रतिशत स्टार्ट-अप टियर 2 और टियर 3 शहरों में हैं। इनमें से अधिकांश सफलताएं प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू की गई डिजिटल इंडिया क्रांति से प्रेरित हैं। 2014 में, भारत में ब्रॉडबैंड के 6.5 करोड़ ग्राहक थे; आज इनकी संख्याय 78 करोड़ से अधिक हो गई है। जीएसटी की शुरुआत ने कर संग्रह में अंतर को कम करते हुए उद्यमियों की सहायता की है।

लेकिन भारत केवल क्रोम और ग्लास मॉल से अपनी बढ़ती समृद्धि को प्रदर्शित नहीं कर रहा है। इसे प्रधानमंत्री मोदी से बेहतर कोई नहीं समझ सकता है। इसलिए उनका ध्यान गरीबी को कम करने पर रहा है, जो हो रहा है। हाल ही में आईएमएफ का एक अध्ययन बताता है कि किस तरह अत्यधिक गरीबी और उपभोग संबंधी असमानता में तेजी से कमी आई है। गरीबों के लिए आवास और स्वास्थ्य सेवा का सामाजिक विकास सूचकांकों पर उल्लेखनीय प्रभाव पड़ा है, जैसा कि वंचितों को सब्सिडी वाले एलपीजी प्रदान करने से लेकर प्रत्येक ग्रामीण के घर में नल के जरिये पीने योग्य पानी पहुंचाने से जुड़ी कई योजनाएं शामिल हैं। मुद्रा ऋण और अन्य संबद्ध कार्यक्रमों ने स्व-रोजगार के अवसरों को बढ़ावा दिया है जिससे न केवल सूक्ष्म उद्यम पैदा हुए हैं बल्कि रोजगार भी सृजित हुआ है। वैश्विक ऊर्जा मूल्य वृद्धि की तुलना में, भारत बेहतर स्थिति में है; महामारी के बाद की अशांति ने जीवन की सुगमता को बहुत कम प्रभावित किया है। प्रधानमंत्री मोदी की 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की परिकल्पअना धीरे-धीरे लेकिन लगातार आकार और रूप ले रही है। यह एक ऐसी परिकल्पहना है जिसमें सरकार और लोग दोनों शामिल हैं- एक संयुक्त प्रयास, या 'सबका प्रयास।'

यह भारत आत्मविश्वासी और 'आत्मनिर्भर' भारत है, जो चुनौतियों का सामना करने और प्रतिकूल स्थितियों से निपटने के लिए तैयार है। पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में उभरने के दोहरे मील के पत्थर को पार करना निस्संदेह भारत और भारतीयों के लिए एक आश्चर्यजनक उपलब्धि है। यहीं से हमने प्रधानमंत्री मोदी की भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को हासिल करने की अपनी यात्रा शुरू की है।

# कार्पोरेट क्षेत्र के मुनाफे में वृद्धि

**शिवाजी सरकार**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



दुनिया भर में बड़े-बड़े कार्पोरेशनों ने रिकॉर्ड मुनाफा कमाया है, लेकिन अधिकांश ने इस लाभ को कर्मचारियों या ग्राहकों के साथ साझा नहीं किया गया है। भारत में भी स्थिति लगभग ऐसी ही है। उच्च मुद्रास्फीति के रूझान को, जिसने भारत को जकड़ लिया है, आर्थिक संकट के समय में भी राजनीतिक व्यवस्था को नियंत्रित करके मुनाफे को अधिकतम करने हेतु कॉर्पोरेट साहस की वैश्विक घटना के रूप में जाना जाता है। पश्चिमी मुद्रास्फीति के रुझानों ने भारतीय अर्थव्यवस्था को गंभीर रूप से प्रभावित किया है, नरेंद्र मोदी सरकार को खर्च कम करने के लिए मजबूर किया है, आरबीआई ने ब्याज दरों में वृद्धि की है, रुपये में गिरावट आई है और समाज जीवन शैलीगत खर्च पर समझौता कर रहा है। इसका अर्थ है कि समाज का एक बड़ा हिस्सा पहले की तरह जीवन जीने में स्वयं को अक्षम पा रहा है। अमेरिका व ब्रिटेन में हुए अध्ययन, विभिन्न देशों में शासन की ढांचागत संरचना या सत्तारूढ़ अवस्थापना में कॉर्पोरेट क्षेत्र के प्रवेश तथा उसके बढ़ते असर को लेकर चिंतित हैं। अमेरिका में किया गया यह अध्ययन विशिष्ट हैं कि निगम कीमतें बढ़ा रहे हैं, अधिक लाभ प्राप्त कर रहे हैं और लागतों को उपभोक्ताओं को हस्तांतरित कर रहे हैं। भारत में भी कमोबेश यही स्थिति है। भारतीय मुद्रास्फीति जुलाई में बढ़कर 6.82 प्रतिशत हो गई, जो जून में 6.43 प्रतिशत और एक साल पहले 3.92 प्रतिशत थी। थोक सूचकांक के मुताबिक, यह 13.93 फीसदी है। प्राथमिक वस्तुओं की कीमत 15.04 प्रतिशत, भोजन की 9.41 प्रतिशत, विनिर्मित उत्पादों की 8.16 प्रतिशत और ईंधन व बिजली की 43.75 प्रतिशत अधिक है। लेकिन अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष भारत की विकास दर को 7.4 फीसदी पर रखता है, जो दुनिया के बाकी हिस्सों की तुलना में तेज है, हालांकि कुछ अन्य रेटिंग एजेंसियों भारत के जीडपी वृद्धि के संभावित आंकड़े थोड़ा कम आंकड़े दिखाते हैं।

अमेरिका में, मुद्रास्फीति 8.7 प्रतिशत पर बनी हुई है, जो 40 वर्षों के उच्चतम स्तर 9.1 प्रतिशत से थोड़ा कम है। ब्रिटेन में मुद्रास्फीति 1982 के बाद से उच्चतम स्तर पर है। अगस्त सप्ताहांत में, ब्रिटेन ने बिजली और गैस के बिलों में 80 प्रतिशत की बढ़ोतरी की, जोकि जीवन-यापन के संकट का नाटकीय रूप से बिगड़ना था। कुल मिलाकर उपभोक्ता मुद्रास्फीति 10.1 प्रतिशत पर है। सिटी बैंक का अनुमान है कि यह अगले साल नकारात्मक वृद्धि की ओर अग्रसर हो सकता है और कीमतों में 18 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है। इसके विपरीत, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास का कहना है कि शीर्ष बैंक, बिना अधिक विकास बलिदान के, स्थिर ढंग से चार प्रतिशत मुद्रास्फीति लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं,। अप्रैल 2022 में अपने चरम पर पहुंचने के बाद, दास को उम्मीद है कि 2023-24 तक खुदरा मुद्रास्फीति चार प्रतिशत तक कम हो जाएगी। कच्चे तेल की कीमतों को 105 डॉलर प्रति बैरल मानते हुए, आरबीआई गवर्नर ने कहा कि चालू खाता घाटा (सीएडी) प्रबंधनीय होगा और वित्त पोषण 2022-23 में काफी आरामदायक तरीके से किया जाएगा। अगस्त एमपीसी के अनुसार वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि अनुमान 5.4 प्रतिशत तय किया गया है, हालांकि समग्र विकास दर पूर्वानुमान 7.2 प्रतिशत पर अपरिवर्तित है। यह बेहतर दिखता है लेकिन जिस तरह से कॉर्पोरेट कीमतें बढ़ा रहे हैं और लाभ की ऐसी प्रवृत्ति को बनाए रख रहे हैं जिससे दुनिया भर के लोगों को नुकसान हो सकता है। कार्पोरेट जगत की इस प्रवृत्ति की दुनिया भर में निन्दा हो रही है। विशेष रूप से भारत सरकार कई बुनियादी परियोजनाओं के बीच से होकर गुजर रही है। बढ़ती कीमतें विभिन्न कारणों से एक वैश्विक प्रवृत्ति बन गई हैं, जिसमें रूस-यूक्रेन युद्ध भी शामिल है जिसने यूरोप के दोनों हिस्सों पर जीवन शैली को बदल दिया है।

2021 को, अमेरिकी कंपनियों ने 1950 के दशक के बाद से अपना सर्वाधिक लाभदायक वर्ष दर्ज किया, क्योंकि कई कंपनियों ने अनेक आर्थिक पैमानों व अन्य अधिक कुशल उत्पादन प्रक्रियाओं की अर्थव्यवस्थाओं का लाभ उठाया। फिर भी, अलेक्जेंडर जे मैके के अनुसार, कंपनियों ने इन कम लागतों से प्राप्त बचत को कम कीमतों के रूप में ग्राहकों को लौटाने के बजाय तेजी से खुद हड़प लिया। उनका कहना है कि 2006 और 2019 के बीच एक कंपनी द्वारा वसूली की गई कीमतों और न्यूनतम लागत के बीच का अंतर लगभग 25 प्रतिशत चढ़ गया। नए अमेरिकी वाणिज्य विभाग के आंकड़ों से पता चलता है कि 2021 में कॉर्पोरेट आय 35 प्रतिशत बढ़ी, जबकि इसकी तुलना में मजदूरों की आमदनी को केवल 11 प्रतिशत का उछाल मिला। 2017 में, सीनेटर शेल्डन व्हाइटहाउस ने उल्लेख किया कि अमेरिका लोकतांत्रिक सरकार पर कॉर्पोरेट कब्जे के संकट का सामना कर रहा है, जहां कार्पोरेशनों की आर्थिक शक्ति लोगों के जीवन पर विनाशकारी प्रभाव डालने वाली राजनीतिक शक्ति में रूपांतरित हो गयी है। उन्होंने चेतावनी दी है कि 'अपार धन और निष्ठुरतापूर्वक सत्ता पर बने रहने वाले निगम हमारी राजनीति में चले आए हैं ताकि वे सरकार पर नियंत्रण के जरिए सत्ता को अपने फायदे के लिए इस्तेमाल कर सकें।'' वह कहते हैं, ''हमारी सरकार में कॉर्पोरेट क्षेत्र द्वारा भारी दबाव डाला गया है।''

उन्होंने कहा कि अमेरिका में कॉरपोरेट हित अमेरिकी चुनावों में श्रम या जनहित समूहों को काफी हद तक पछाड़ सकते हैं। इसका एक बड़ा कारण कार्पोरेट जगत द्वारा चुनावों पर भारी खर्च के माध्यम से अपनी नीतियों को सरकारों द्वारा लागू कराना है। 2014 में, व्यावसायिक हितों ने राज्य के उम्मीदवारों और समितियों पर 1.1 बिलियन डॉलर खर्च किए, जबकि श्रमिक समूहों ने 215 मिलियन डॉलर खर्च किए। उसी वर्ष, व्यापार राजनीतिक कार्रवाई समितियों (पीएसी) ने संघीय चुनावों में करीब 380 मिलियन डॉलर खर्च किए, जबकि श्रमिक संघ पीएसी ने करीब 60 मिलियन डॉलर दिए। 2016 में, यह अनुमान लगाया गया है कि प्रत्येक 8 में से एक डॉलर सुपर पीएसी में चला गया। उन्होंने 2016 के चुनावों के लिए कॉर्पोरेट स्रोतों से 1.8 बिलियन डॉलर जुटाए। उन्होंने पाया कि 800 मिलियन डॉलर का राजनीतिक खर्च गुमनाम दाताओं की ओर से हुआ था। इससे अमेरिका की राजनीतिक व्यवस्था पर धन व खासकर कार्पोरेट के धन का बढ़ता प्रभाव पूरी तरह स्पष्ट हो जाता है।

मैके को आशंका है कि बड़े राजनीतिक योगदान अमेरिकी कांग्रेस को उन आगामी महत्वपूर्ण मसलों से निपटने से रोकेंगे, जिनका आज अमरीकी सामना कर रहे हैं, जैसे कि आर्थिक संकट, ऊर्जा की बढ़ती लागत, स्वास्थ्य देखभाल में सुधार और ग्लोबल वार्मिंग। विश्व बैंक के एक प्रकाशन 'सीज द स्टेट, सीज द डे' का कहना है कि संक्रमण अर्थव्यवस्थाओं में कुछ कंपनियां खेल के नियमों को अपने फायदे के लिए, उल्लेखनीय सामाजिक लागत पर हावी करने का प्रयास कर रही हैं। कार्पोरेट इस 'कैप्चर इकोनॉमी' से अपने स्वार्थ सिद्ध करने में सक्षम हो गए हैं।

## आप की बात

### शिक्षा का महत्व

**आजादी** के बाद शिक्षण सुविधाओं के बढ़ने एवं अभिभावकों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ने से युवाओं के शैक्षिक स्तर में तेजी से सुधार हुआ है। आधुनिक यंत्रीकरण के बढ़ते प्रयोग से मानवीय श्रम की मांग घटती जा रही है। बहुत कम बच्चे खुशनसीब हैं जो 18- 25 साल की उम्र में सम्मानजनक रोजगार हासिल करने में सफल हो जाते हैं। अधिकांश युवा डिग्री का बण्डल लिए रोजगार के लिए लम्बे समय तक संघर्ष करते हैं। यह भी सर्वविदित है कि संगठित क्षेत्र में रोजगार के अवसर बहुत सीमित है इसलिए युवाओं को ऐसी शिक्षा की आवश्यकता है जिससे शिक्षणकाल में ही उनका कौशल विकास हो और वे आत्मनिर्भर बनने के लिए स्व-रोजगार में अपना कैरियर शुरू करें। इसके लिए शिक्षण संस्थाओं को समय की मांग को ध्यान में रखकर नयी शिक्षण पद्धति अपनाना चाहिए। केंद्र सरकार ने भी शिक्षा क्षेत्र में 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020' लागू कर शिक्षण पद्धति में बदलाव के संकेत दिए है। राज्य सरकार ने भी कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम लागू किए है। ऐसी नवीन शिक्षण पद्धति पर विचार करें जिससे युवा शिक्षा को बोझ न समझें जिससे वे आसानी से ज्ञानार्जन कर आत्मनिर्भर बनें।

–**मोहनलाल वर्मा,** मेरठ

### चीन की असलियत

**शिंजियांग** प्रांत में चीन के उइगर मुस्लिमों पर अत्याचार का बड़ा खुलासा हुआ है। मानवाधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त मिशेल बाचलेट की रिपोर्ट सें चीन के दमन की पोल खुली है। ऐसे आरोप हैं कि चीन ने 10 लाख मुस्लिमों को जेल जैसे शिविरों में नजरबंद कर रखा है। चीनी सीमा शिविरों से लूटकर भागे हुए उइगुर मुसलमानों की दास्तान से सब खुलासा पहले से ही हो रहा है। चीन के अत्याचारों से पूरा विश्व अच्छी तरह से वाकिफ है। जो इस्लामिक देश छोटी-छोटी बातों पर कठोर प्रतिक्रिया देते हैं, वही चीन द्वारा मुस्लिमों की सभी मस्जिदें तोड़ देने, सभी कुरान जला देने और नमाज पर पाबंदी लगा देने के सख्त नियम के बावजूद सभी इस्लामी देशों के मुंह में दही जमा हुआ है। मुस्लिमों पर अत्याचार रोकने के लिए किसी भी तरह का अन्तराष्ट्रीय प्रयास नहीं हो रहा है। मुस्लिम देशों की चुप्पी तो उनकी कायरता को प्रकट कर रही है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा रिपोर्ट जारी करने के बाद भी कुछ होना जाना नही है। क्योंकि चीन अपने नियम खुद अपनी सुविधा के अनुसार बनाता है।

**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम


### विक्रांत का आगमन

**प्रधानमंत्री** ने आईएनएस विक्रांत युद्धपोत देश को समर्पित किया यह कई मामलों में उल्लेखनीय हैं । इस युद्धपोत के नौसेना में शामिल होने के बाद भारत उन चुनिंदा देशों में शामिल हो गया है जिनके पास इस श्रेणी के दो युद्धपोत है, इसमें एक समय पर 30 लड़ाकू विमान रह सकते हैं व यह युद्धपोत इतनी ऊर्जा उत्पन्न करता है जिससे पाँच हज़ार घरों को रोशन किया जा सके । दो फ़ुटबॉल मैदान जितने बड़े इस युद्धक पोत को भारत की कोच्चि शिपयार्ड कम्पनी ने स्वदेशी तकनीक द्वारा विकसित है। परंतु इसके नौसेना में शामिल होने के साथ ही प्रधानमंत्री ने नौसेना के नए प्रतीक का भी अनावरण किया जो न केवल भारतीय समुद्री विरासत को प्रदर्शित करता है अपितु गुलामी के प्रतीक सेन्ट जॉर्ज क्रॉस से भी छुटकारा दिलाता है । नौसेना के चिन्ह को स्वतंत्रता के बाद कई बार बदला गया- 2001 में वाजपेयी सरकार के समय इस औपनिवेशिक चिन्ह को हटा दिया गया था परंतु सरकार बदलने के बाद इसे फिर प्रदर्शित कर दिया गया। मोदी सरकार का प्रयास उल्लेखनीय है।

–**पुनीत अरोड़ा**, मेरठ


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**भ्रष्ट** लोगों के खिलाफ हमारे द्वारा कार्रवाई से राष्ट्रीय राजनीति में एक नया ध्रुवीकरण उभरा है।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**भयानक** बाढ़ से आई विभीषिका पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चिन्ता व्यक्त करने पर मैं उनको धन्यवाद देता हूं।

– **शहबाज शरीफ**
पाकिस्तानी प्रधानमंत्री



**मैं** सुशासन, भ्रष्टाचार की पूर्ण अस्वीकार्यता तथा बेहतर सेवाओं के लिए जनता का आह्वान करता हूं।

– **वी.के. सक्सेना**
दिल्ली के उप-राज्यपाल

# जनता की अपेक्षाओं पर हम खरे उतरेः योगी आदित्यनाथ

● मुख्यमंत्री ने बिजनौर मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण

● उद्यमियों संग की बैठक पौधरोपण भी किया



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ, बिजनौर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने रविवार को बिजनौर दौरे के दूसरे दिन निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीएम योगी ने 220 बेड के बन रहे मेडिकल कॉलेज के न्र्मािणाधीन कार्यों का जायजा लिया।

उन्होंने अधिकारियों से पूछा कि कब तक इसे पूरा कर लिया जाएगा तो उन्हें जनवरी 2023 तक इसे पूरा करने की जानकारी दी गई। इस पर सीएम ने अगले सत्र से कक्षाएं शुरू करने का भी निर्देश दिया। इसके पहले सीएम ने गणेश जी की पूजा-अर्चना की। इसके पूर्व सीएम ने लोकनिर्माण विभाग के गेस्ट हाउस में पौधरोपण किया, फिर कलेक्ट्रेट सभागार में उद्यमियों संग बैठक भी की। यहां उन्होंने जनपद में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति को लेकर चर्चा की।

इस दौरान उन्होंने कहा कि विकास से ही समृद्धि आएगी। जनता ने हमें समृद्धि लाने के लिए ही चुना है और हमने यह करके दिखाया। बिजनौर समेत समूचे प्रदेश का संपूर्ण विकास ही हमारा ध्येय है। सीएम योगी ने कहा कि सरकार का विकास कार्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचता रहे। इसे निरंतर ध्यान में रखना होगा। हमारी सरकार में विकास सिर्फएक जिले या मंडल तक न रहकर समूचे प्रदेश तक पहुंचा। उन्होंने कहा कि सरकार हर जिले व मंडल के समुचित विकास के लिए कृतसंकल्पित है।

# अयोध्या को विश्व स्तरीय शहर बनाने के लिए परियोजनाओं को समय से पूरा करें

● सीएस ने अयोध्या की परियोजनाओं का निरीक्षण कर समय से पूरा करने के दिए निर्देश

● अयोध्या विजन 2047 के अनुसार संकल्पित होकर अधिकारी समय से कार्य पूरा करें

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ, अयोध्या



**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने अयोध्या में निर्माणाधीन विभिन्न परियोजनाओं का निरीक्षण कर आयुक्त सभागार में अयोध्या विजन 2047 के कार्यो की गहन समीक्षा की गयी।

आयुक्त सभागार में अयोध्या विजन के विकास कार्यो को समीक्षा में मुख्य रूप से सांस्कृतिक अयोध्या, सक्षम अयोध्या, आधुनिक अयोध्या, आयुष्मान अयोध्या, सुरम्य अयोध्या, भावनात्मक अयोध्या, सुगम्य अयोध्या को केन्द्र मानकर कार्य करने को कहा। अयोध्या में वर्तमान समय में 252 योजनायें चल रही है। मुख्य सचिव ने कहा कि योजना बनाने से ज्यादा उसको समय से अमल करना हर एक के लिए सुविधा एवं उपयोगी बनाना मुख्य कार्य होना चाहिए। इसके लिए कार्यदायी संस्थाए नगर निगम और अयोध्या विकास प्राधिकरण समयबद्ध कार्यवाही करें और कोई भी आर्ट विशेष विशिष्टता के साथ बनाया जाय तथा विभिन्न कालेजो के आर्ट कला से जुड़े छात्रों को भी प्रोत्साहित किया जाय। अयोध्या में मॉडल स्ट्रेक्चर बनाने के भी निर्देश दिये। अयोध्या को सौर ऊर्जा पर आधारित सिटी के रूप में चयनित किया गया है। अयोध्या में पेयजल की 6 परियोजनाएं प्रस्तावित है इस पर भी समय से कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। अयोध्या में जलनिकासी के 5 नाले है इस पर भी समय से कार्यवाही के लिए गुणवत्ता के साथ पूरा करने को कहा गया है। मुख्य सचिव ने कहा कि जो परियोजनाएं इस माह में एवं अगले माह तक पूरी होनी है उनको प्रत्येक दशा में इस माह के अंत तक पूरा किया जाय क्योंकि आगामी दीपोत्सव को केन्द्र में रखकर भी कार्यदायी संस्था के अधिकारी कार्य करें। गोशाला के सम्बंध में चर्चा करते हुये कहा कि नगर निगम की गौशाला बैसिंह में जो संचालित है उसमें 1900 गाय है उसको लखनऊ एवं वाराणसी में स्थापित गोशालाओं की तरह गोवर्धन योजना से जोड़ा जाय तथा बहराइच में गोशालाओं के लिए चारे आदि की व्यवस्था की नई तकनीक अपनायी गयी है उससे जानकारी लेकर यहां पर भी उसको लागू किया जाय तथा गोशालाओं के संचालन के लिए वृन्दावन मथुरा में भी अच्छी अच्छी प्रक्रियायें है उसको भी अपनाने के लिए नगर निगम के लिए एवं अन्य गोशाला संरक्षको को निर्देश दिये गये।

मुख्य सचिव ने अधिकारियों से कहा कि मेरा पुनः शीघ्र भ्रमण अयोध्या में होगा जिस भी विभाग की कोई समस्या हो तो मण्डलायुक्त, जिलाधिकारी आदि के माध्यम से अपने-अपने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों एवं मेरे कार्यालय को भी अवगत करा सकता है। उसका जल्द से जल्द समाधान किया जायेगा। अयोध्या का विकास प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के एजेंडे में महत्वपूर्ण स्थान पर है इस भावना को ध्यान में रहकर अधिकारी गण कार्य करें। उसका सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जायेगा तथा अधिकारीगण बेहतर समन्वय के साथ कार्य करें और कोई समस्या हो तो स्थानीय स्तर पर भी हल करें एवं शासन स्तर पर भी अवगत करायें पर कार्य को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करें।

# महंगाई की मार सबसे ज्यादा श्रमिकों व कमजोर वर्ग पर पड़ रहीः अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सपा** के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि बिना किसान-मजदूर का हित किए कोई विकास नहीं हो सकता है। आज महंगाई की मार सबसे ज्यादा श्रमिकों और समाज के कमजोर वर्ग पर पड़ रही है। भाजपा की प्राथमिकता में पूंजीपतियों का हित साधन है। श्रमिकों के लिए अहितकारी कानून बनाए जा रहे हैं। उनके हक और सम्मान का संघर्ष जारी रखना है।

अखिलेश यादव आज समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में लगभग 47 श्रमिक संगठनों समाज सेवियों, वित्तविहीन माध्यमिक शिक्षकों, घुमंतू तथा लघु एवं मध्यम उद्यमों के श्रमिक प्रतिनिधियों की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सत्ताधारी दल द्वारा प्रलोभन एवं सत्ता का बढ़ता दुरूपयोग लोकतंत्र के लिए बड़ी चुनौती है। भाजपा के षडयंत्र अब उजागर होते जा रहे हैं। इससे उम्मीद बंधी है कि सन् 2024 में देश में लोकतंत्र की बहाली होगी। अखिलेश ने विधानसभा चुनाव में सपा का साथ देने के लिए श्रमिक भाइयों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सपा श्रमिकों के साथ है। समाजवादी सरकार में मजदूरों के पक्ष में कई निर्णय लिए गए थे और योजनाएं लागू की गई थी। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में लॉकडाउन के दौरान श्रमिकों को अनाथ छोड़ दिया गया। भाजपा सरकार ने उनकी कोई मदद नहीं की। पैदल चलते 90 मजदूरों की मौत हुई जो श्रमिक अपने गांव जा रहे थे। श्रमिकों को सपा ने मदद दी और प्रत्येक मृतक आश्रित को एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता की थी। श्री यादव ने कहा कि भाजपा का चरित्र अमानवीय है। समाज के कामगार, कमजोर वर्ग और अल्पसंख्यकों के प्रति भाजपा का रवैया संवेदनशून्य है। आज भाजपा अपने कुप्रचार से लोगों को भ्रमित करना अपनी उपलब्धि मानती है। भाजपा की कुनीतियों के खिलाफ सपा ही संघर्ष कर रही है। समाजवादी पार्टी समाजवादए लोकतंत्र और पंथनिरपेक्षता के लिए प्रतिबद्ध है। सपा की आज दर्जनों श्रमिक संगठनों के पदाधिकारियों ने सदस्यता ली और डबल इंजन भाजपा सरकार में श्रमिकों के लगातार शोषण के विरूद्ध संघर्ष का संकल्प जताया। प्रारम्भ में सभी ने भारतीय संविधान की शपथ ली। सभी की राय थी कि श्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में ही उप्र का विकास हो सकता है और न्याय तथा नागरिकों को सुरक्षा मिल सकेगी। उनका कहना था कि अखिलेश यादव ही आज हम सबकी उम्मीद है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुवचन राम सेवानिवृत्त आईआरएस ने तथा संयोजन राजनाथ यादव और शशांक यादव पूर्व एमएलसी ने किया।

इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल, पूर्व मंत्री नरेन्द्र वर्मा की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। सपा कार्यालय में शिवराज सिंह यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी श्रमिक ट्रस्ट, शिव उदार सिंह शिवा सिशवा धर्मार्थ ट्रस्ट, वीरेन्द्र सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष आभाष संघ 24 कैरेट, चंद्रदेव सेनि, कल्याण आयुक्त भारत सरकार, ललिता राजपूत अध्यक्ष समाजवादी असंगठित मजदूर सभा, राम आशीष महामंत्री कोआपरेटिव शुगर मिल वर्कर्स यूनियन, वीके राय, राजाराम सेवानिवृत्त एसडीओ, अर्जुन प्रसाद सेवानिवृत्त अधिशासी अभियंताए केशव सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता, जयचंद सेवानिवृत्त सहायक अभियंता पुनीत राय अध्यक्ष यूपी विद्युत संविदा मजदूर संगठन, हरदीप सिंह यूपी इंडस्ट्री एसोसिएशन, तथा शफीकुर्रहमान सेवानिवृत्त तहसीलदार आदि ने सपा की सदस्यता ली।

# मनरेगा में बढ़ी महिलाओं की भागीदारीः केशव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● फलित हो रहे हैं महिला सशक्तीकरण के प्रयास

**उत्तर प्रदेश** के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के कुशल दिशा निर्देशन में ग्राम्य विकास विभाग की योजनाओं में महिलाओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित किये जाने और मनरेगा जैसी रोजगारपरक योजना में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से ग्रामीण महिलाओं के आजीविका संवर्धन और अधिक बल मिल रहा है और महिलाओं के स्वावलंबन का मार्ग प्रशस्त हो रहा है।

उत्तर प्रदेश में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के अंतर्गत परियोजनाओं में महिलाओं की भागीदारी पिछले वर्षों में लगातार बढ़ रही है और इस वर्ष में कुल मानव दिवस का 38 प्रतिशत मानव दिवस सृजित हुये हैं। ग्रामीण रोजगार योजनाओ में महिलाओं की भागीदारी 2019- 20 और 20-21में 34 प्रतिशत रही, वर्ष 21-22 मे 37 प्रतिशत रही और वर्ष 2022-23 में अब तक बढ़कर औसतन 38 प्रतिशत हो गई है। पिछले साढ़े पांच वर्षों में महिला लाभार्थियों की संख्या बढ़ाने में उत्तर प्रदेश तेजी से आगे बढ़ा है (राज्य सरकार द्वारा उठाए गए कई महत्वपूर्ण कदमो से ग्रामीण रोजगार योजना में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ी है। 2022-23 में, इस योजना के तहत कुल 1738.41 लाख मानव दिवस सृजित किए गए, जिनमें से 653.64 लाख महिलाएं हैं, जो लगभग 38प्रतिशत है। 2021-22 में, 3256.42 लाख मानव दिवस थे, जिसमें 1212.13 लाख (37.20 प्रतिशत) महिलाए थीं , जबकि 2020-21 में कुल 3945 लाख मानव दिवस सृजित किए गए, जिनमें से 1325.26 लाख महिलाएं थी। महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए गांवों में महिला मेट नियुक्त किए जा रहे हैं। महिला मेट मनरेगा मे प्रबंधन और पर्यवेक्षण के लिए महिला श्रमिकों के लिए बहुत ही सहायक सिद्ध हो रही हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) से महिलाओं का चयन किया गया है, और राज्य में 35,000 से अधिक महिला मेटों को रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके सापेक्ष 30540 महिला मेटों का क्लास रूम एवं फील्ड प्रशिक्षण पूरा हो गया है और 16,674 महिला मेटों को कार्य उपलब्ध करा दिया गया है।

ग्राम्य विकास आयुक्त जी एस प्रियदर्शी ने बताया कि उत्तर प्रदेश में वर्ष 2022-23 में 2,600 लाख मानव दिवसों के सृजन का लक्ष्य निर्धारित है, जिसमें से अब तक 1719 लाख मानव दिवस सृजित किए जा चुके हैं। कार्य में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए श्रमिकों की आधार सीडिंग की जा रही है।

# एक करोड़ कार्यकर्ता बनाने के लक्ष्य को लेकर अपना दल एस ने शुरू किया सदस्यता अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**अपना** दल एस ने एक करोड़ लोगों को पार्टी का सदस्य बनाने के लिए 4 सितंबर से पूरे प्रदेश में सदस्यता अभियान शुरू कर दिया है। पार्टी के सभी 18 मंडल सदस्यता प्रभारियों ने रविवार को अपने-अपने मंडल में जाकर सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेश पटेल का कहना है कि पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने 2 सितंबर को प्रतापगढ़ से सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया। इसी क्रम में रविवार को प्रदेश के सभी मंडलों में सदस्यता प्रभारियों ने सदस्यता अभियान को आगे बढ़ाते हुए वरिष्ठ पदाधिकारियों को पार्टी की सदस्यता दिलायी। राजेश पटेल का कहना है कि इस बार एक करोड़ लोगों को पार्टी का कार्यकर्ता बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रदेश के सभी मंडलों में सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया गया। इसके तहत पार्टी के समस्त राष्ट्रीय महासचिव एवं राष्ट्रीय सचिवों को भी सदस्यता अभियान की जिम्मेदारी दी गई है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं लखनऊ मंडल के प्रभारी के नेतृत्व में लखनऊ मंडल के रायबरेली में सदस्यता अभियान चलाया गया। इसी तरह राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व सांसद नागेंद्र सिंह पटेल के नेतृत्व में प्रयागराज में, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ जमुना प्रसाद सरोज के नेतृत्व में वाराणसी, वरिष्ठ पदाधिकारी केके पटेल के नेतृत्व में अयोध्या, राष्ट्रीय सचिव गिरजेश पटेल के नेतृत्व में बस्ती, राष्ट्रीय सचिव विनोद गंगवार के नेतृत्व में कानपुर मंडल में सदस्यता अभियान चलाया गया। राजेश पटेल ने कहा कि अनुप्रिया पटेल पहले ही 2024 की सफलता के लिए कार्यकर्ताओं को 24 घंटे मेहनत करने का मंत्र दे चुकी हैं। इसी के तहत सभी मंडलों में वृहद रूप से सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया गया है।

# शिक्षकों की समस्याओं पर ध्यान दे सरकारः शिवपाल

● प्रसपा प्रमुख से मिले शिक्षक संघ के निर्वाचित पदाधिकारी

● उच्च शिक्षा में भारत पिछड़े पायदान परः दीपक मिश्र



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रगतिशील** समाजवादी पार्टी लोहिया (प्रसपा) प्रमुख शिवपाल सिंह यादव से रविवार को लखनऊ विश्वविद्यालय सम्बद्ध महाविद्यालयीय शिक्षक संघ ; लुआक्टा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने मुलाकात कर शिक्षक समस्याओं पर चर्चा की । मिलने वालों में लुआक्टा अध्यक्ष प्रो. मनोज पांडेय, उपाध्यक्ष प्रो. तिर्मल सिंह यादव, प्रो. रामजी पाठक, महामंत्री प्रो. अंशु केडिया, लुआक्टा प्रतिनिधि प्रो. दिलशाद अहमद, प्रो. एस पी त्रिपाठी, प्रो. दीपक राय के नाम महत्वपूर्ण हैं। चर्चा के दौरान शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि शिक्षक समाज का पथप्रदर्शक होता है। शिक्षकों का सम्मान हमारा लोककर्तव्य है। सरकार शिक्षक.समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दे । शिवपाल ने कहा कि शिक्षकों से जुड़ी दिक्कतों को उचित मंच जरूरत पड़ी तो विधान सभा में उठायेंगे । उच्च शिक्षा व शोध.कार्यों के बजट का प्रावधान काफी कम है । शिक्षकों की वेतन विसंगतियों को दूर करते हुए पुरानी पेंशन बहाल की जाय । समान शिक्षा नीति समय की मांग है और इस मांग को पूरा कर हम सभी विशेषकर सरकार को अपना लोक. कर्तव्य निभाना चाहिए । प्रसपा मुख्य प्रवक्ता दीपक मिश्र ने कहा कि उच्च शिक्षा में भारत पिछड़े पायदान में है । एक चौथाई विद्यार्थी ही उच्च शिक्षा के दहलीज तक पहुंच पाते हैं । शीर्ष पंद्रह सौ गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षण संस्थानों में भारत के मात्र इकतालीस और उत्तर प्रदेश का एकमात्र संस्थान बीएचयू शामिल है। प्रो. मनोज पांडेय ने कहा कि एरियर जैसी छोटी समस्याओं के लिए भी सम्मानित प्रोफेसरों को बार बार अपमानित होना पड़ता है । उन्होंने कहा कि शिक्षक हित की लड़ाई को शिवपाल जी का पूरा समर्थन प्राप्त है।

# कानपुर के कुलपति को मिला अतिरिक्त प्रभार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल जी ने चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति डा डीआर सिंह को सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेरठ का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। राजभवन से जारी आदेश में कहा गया है कि चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति डा डीआर सिंह को नियमित कुलपति की नियुक्त होने तक अथवा अग्रिम आदेशों तक, जो भी पहले हो, अपने वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ कुलपति पद के दायित्व का निर्वहन करने हेतु नियुक्त किया है। यह जानकारी राज्यपाल की प्रमुख सचिव कल्पना अवस्थी ने दी है।

# यूपी के किसान करेंगे खेतीबाड़ी में ड्रोन का प्रयोग

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● सिर्फ 7 मिनट में हो जाएगा एक एकड़ खेत में खाद एवं कीटनाशक का छिड़काव

● श्रम और समय की बचत के साथ छिड़काव करने वाले की सुरक्षा बोनस



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ खेतीबाड़ी की चर्चा करते हुए अक्सर इसमें अद्यतन तकनीक के प्रयोग एवं इसके प्रोत्साहन की बात करते हैं। तकनीक का प्रयोग हर तरह की खेती में काफी लाभकारी है। खेतीबाड़ी में ड्रोन तकनीक ऐसी ही एक अद्यतन तकनीक है। उत्तर प्रदेश के किसान भी शीघ्र ही खेतीबाड़ी में ड्रोन का प्रयोग कर सकेंगे।

ड्रोन के जरिये किसान एक एकड़ खेत में कीटनाशकों, वाटर सॉल्युबल उर्वरकों एवं पोषक तत्वों का सिर्फसात मिनट में छिड़काव कर सकते हैं। इससे समय एवं संसाधन तो बचेगा ही मैनुअल छिड़काव से होने वाले संबंधित व्यक्ति को जहरीले रसायनों के खतरे से मिलने वाली सुरक्षा बोनस के रूप में होगी। विषेषज्ञों के अनुसार पर्णीय छिड़काव के और भी लाभ हैं अगर यह ऊपर से हो तब तो और भी। मसलन मैनुअल छिड़काव की तुलना में ऊपर से किये जाने वाले छिड़काव से खेत समान रूप से संतृप्त होता है। जिस चीज का भी छिड़काव किया जाता है वह पौधों में पत्तियों के जरिये ऊपर से नीचे तक जाता है। इसका असर भी बेहतर होता है। अब तो हर तरीके के पानी में घुलनशील खाद एवं पोषक तत्व भी अलग अनुपात में एक.एक किलो के पैकेट में उपलब्ध हैं। नैनो यूरिया भी उपलब्ध है। परंपरागत रूप से खेतों में जिस खाद का किसान छिड़काव करते हैं उसका 15 से 40 फीसद ही फसल को प्राप्त होता है। जबकि पानी के साथ छिड़के जाने वाले उर्वरक का करीब 90 फीसद तक फसल को प्राप्त होता है। इससे फसल की बढ़वार बेहतर होती है। नतीजतन उपज भी अच्छी होती है।

श्रम, समय और लागत में कमी के बावजूद अच्छी उपज से किसानों की आय बढ़ जाती है। यह परंपरागत खाद के छिड़काव में लगने वाली लागत की तुलना में अपेक्षाकृत सस्ता भी है। सीमित संख्या में ही सही उत्तर प्रदेश के किसान भी शीघ्र ही अपनी खेतीबाड़ी में ड्रोन का प्रयोग कर सकेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से केंद्र सरकार की तरफसे उत्तर प्रदेश सरकार को कुल 32 ड्रोन उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

इनमें से 4 कृषि विवि को, 10 कृषि विज्ञान केंद्रों और बाकी 18 आईसीएआरआई के संस्थानों को मिलेंगे। इनको खरीदने के लिए केंद्र सरकार की ओर से 5 करोड़ 60 लाख रुपये की धनराशि अवमुक्त कर दी गई है। इनके जरिए प्रदेश भर में कुल 8 हजार हेक्टेयर भूमि पर डेमोंसट्रेशन कराया जाना है। खेतीबाड़ी के उपयोग के लिए ये ड्रोन प्रदेश के कृषि स्नातकों को 50 प्रतिशत अनुदान पर, कृषि उत्पादन संगठनों एवं कोऑपरेटिव सोसाइटीज को 40 फीसद अनुदान पर मिलेंगे। इस तरह किसी कृषि स्नातक को लगभग 10 लाख रुपए मूल्य के इस ड्रोन के लिए केवल 5 लाख रुपए चुकाने होंगे।

# योगी सरकार के मंत्रियों ने शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को दी बधाई

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पर्यटन** एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रदेश के गुरूजनों/शिक्षकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके योगदान प्रति आभार जताया है। जयवीर सिंह ने शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर जारी एक बधाई संदेश में कहा है कि शिक्षक दिवस 5 सितम्बर भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एस राधा कृष्णन के जन्म दिवस के अवसर पर शिक्षकों के प्रति आदर एवं सम्मान प्रकट करने के लिए मनाया जाता है। प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल, माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी, बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल, दिव्यांगजन एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप तथा उद्यान एवं कृषि विपणन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रदेश के गुरूजनों व शिक्षकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

मंत्रिगणों ने शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर जारी एक बधाई संदेश में कहा है कि गुरू.शिष्य परम्परा हमारी गौरवशाली संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। गुरू के बिना शिक्षा अधूरी है इसलिए गुरूओं का समाज में अहम स्थान हैए क्योंकि गुरू ही शिष्य को जीवन के सभी क्षेत्र में सफलता के लिए तैयार करता है। प्रतिवर्ष शिक्षक दिवस के अवसर पर गुरूओं के योगदान को रेखांकित करते हुए उन्हें पुरस्कार भी दिया जाता है।

सिधौली, कमलापुर, खैराबाद का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए निर्देश

# डिप्टी सीएम ने जमीन पर बैठकर बच्चों का जाना हाल

**संवाददाता।** सीतापुर

**डिप्टी सीएम** बृजेश पाठक के सीतापुर दौरे के दौरान रविवार को सरकारी मशीनरी वर्किंग में रही, डिप्टी सीएम के सीतापुर दौरे के दौरान खास बात यह रही कि वह परिषदीय विद्यालयों के बच्चों के साथ जहां उनका हालचाल जाना वहीं खैराबाद सीएचसी निरीक्षण के दौरान कई अधिकारियों के प्रति जमकर नाराजगी जताई। लखनऊ से चलकर डिप्टी सीएम को सबसे पहले जाना था अटरिया क्षेत्र के लहू रिवान जहां भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जलजीवन मिशन के अन्तर्गत पानी की टंकी का निरीक्षण करना था, अधिकारी तैयारियों में व्यस्त रहे, डिप्टी सीएम यहां न पहुंचकर सिधौली की ग्राम पंचायत गढ़ी रावा स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण करने पहुंच गए। गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कार्यक्रम में शामिल होते हुए बच्चों का अन्नप्राशन कराया, दुलार और प्यार दिया। स्कूल में बच्चों को जमीन में कक्षा में बैठकर उनका हालचाल जाने हुए पूंछा कुछ खाओगे। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन गंगाराम राजपूत, गुड्डू शर्मा, पंकज जैन, आशीष मिश्रा, पंकज अवस्थी, सत्येन्द्र गुप्ता, लाला बुलेट निगम, ललित मिश्रा, धर्मेन्द्र जैन, मंडल अध्यक्ष सिधौली राकेश पांडेय, पुष्पकर गुप्ता, कौशलेश भारती, ट्विंकल तिवारी, प्रशान्त तिवारी, अतुल तिवारी, आदि मौजूद रहे। डिप्टी सीएम का काफिला सिधौली के बाद ब्लाक कसमंडा के ग्राम पंचायत महोली की नन्दिनी आस्थाई गौआश्रय स्थल पहुंचा। निरीक्षण करने के बाद गौ की पूजा कर गुण और केला खिलाया। इसके बाद क्षेत्र पंचायत सदस्य कमलापुर विजय लक्ष्मी जयसवाल द्वारा कमलापुर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर इमरजेन्सी सेवा पूर्व की भाति बहाल करवाने जाने के लिए डिप्टी सीएम को प्रार्थनापत्र सौंपा। इस मौके पर जिलाधिकारी अनुज सिंह, एसपी घुले सुशील चन्द्रभान, एएसपी नरेन्द्र प्रताप सिंह, सीडीओ अक्षत वर्मा, सीएमओ मधू गैरोला, सीवीओ प्रभात कुमार सिंह, डीसी मनरेगा सुशील कुमार श्रीवास्तव, एसडीएम सिधौली अजय कुमार सिंह, तहसीलदार सिधौली रवीन्द्र प्रताप सिंह, बीडीओ अजीत यादव, सीएचसी अधीक्षक कसमण्डा डा. अरबिद बाजपेई, एडीओ पंचायत दिनेश यादव, पशु चिकित्सक कसमण्डा डाक्टर ज्ञानेन्द्र वर्मा, एपीओ मनरेगा चन्द्रप्रकाश, सचिव दिनेश वर्मा, नीतू, वर्मा, विनीत यादव, अरविंद सिंह चौहान, अरूण मिश्रा, मोहम्मद समीर, धर्म सिंह आदि। सीएचसी खैराबाद का निरीक्षण करने पहुंचे डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने पहुंचते ही वहां पर उपस्थित मरीजों के तीमारदारों के साथ बैठकर बातचीत की और उनसे अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। सीएमओ डा. मधु गैरोला व सीएचसी अधीक्षक डॉ रमाशंकर यादव को निर्देश दिए कि अस्पताल परिसर में आने वाले सभी मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार किया जाए। इसके बाद डिप्टी सीएम खैराबाद नगर की माखूपुर स्थित मलिन बस्ती में पहुंचकर वहां पर लोगों से संवाद कर सरकार की मिलने वाली योजनाओं के बारे में जानकारी ली, डिप्टी सीएम का काफिला खैराबाद के सरैंया सानी स्थित कस्तूरबा बालिका विद्यालय पहुंचे जहां पर अध्यापिकाओं, बालिकाओं से जानकारी ली। इसके बाद वह भाजपा कार्यालय पहुंचे जहां पर जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, सांसद राजेश वर्मा, अशोक रावत, मनीष रावत, निर्मल वर्मा सहित तमाम लोगो उनका स्वागत किया। इसके बाद कलेक्टेउट सभागार पहुंचकर विकास कार्यो की समीक्षा बैठक की, जिला अस्पताल का निरीक्षण किया।





फेसबुक पर मंत्री सुरेश राही ने दी सफाई...

# मंत्री जी! दिन में गरम रात होते-होते हुए नरम

**संवाददाता।** सीतापुर

● प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा विरोधियों पार्टी की है साजिष

● बोले मंत्री धरना प्रदर्शन की झूठी खबर फैलाई गई

**योगी सरकार** के कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही शनिवार को दिन में जितना गरम थे, रात होते-होते आखिर नरम क्यों हो गए। विधायक रहते सुरेश राही कई समस्याओं को लेकर मुखर हो जाया करते थे, पहली सरकार में धान खरीद के दौरान भ्रष्टाचार को लेकर लहरपुर के एसडीएम के खिलाफ मंडी परिसर में ही धरना देने लगे थे। मंत्री बनने के बाद शनिवार को सुरेश राही जिस गरम अंदाज में कलेक्टेउट पहुंचे, कलेक्टर तक को तेज चाल के साथ मंत्री को मनाने पहुंचना पड़ा। दरअसल शनिवार की सुबह पौने दस बजे जब कारागार राज्यमंत्री कलेक्टेउट पहुंचे तो वहां ग्रामीण मौजूद थे अधिकारियों के न होने से वह कुर्सी डालकर उनके बीच में ही बैठ गए।

लेकिन उनको वहां से ले जाने के लिए अतिरिक्त मजिस्टेउट प्रथम पंकज प्रकाश राठौर पहुंचे पर वह मंत्रीजी को मना नहीं पाए, फिर एसडीएम सदर अनिल कुमार दौड़े भागे पहुंचे, वह भी बात नहीं मनवा पाए, आखिर में डीएम अनुज सिंह को मनाना पड़ा। इस बीच पौन घंटे में मीडिया कर्मियों का भी जमावड़ा लग गया कि आखिर मंत्री कलेक्टेउट परिसर में सभाकक्ष के बाहर ग्रामीणों के बीच क्यों बैठ गए। मंत्री सुरेश राही ने अपने बयान के जरिए नाराजगी भी जता दी। पिपरा घूरी, बक्सोहिया के ग्रामीणों के बीच हुए विवाद में तहसील प्रशासन द्वारा भेजी गई नोटिस और ग्राम प्रधान प्रतिनिधि के विरूद्ध कार्रवाई न होने को लेकर मंत्री नाराज थे। इसकी खबरे मीडिया में धरने पर बैठे मंत्री शीर्षक से जब चलनी शुरू हुई तो सरकार तक हड़कंप मच गया। मामले की सच्चाई का पता लगाने के लिए राजधानी से जिले के अधिकारियों के पास फोन घनघनाने लगे।

मामले को लेकर डैमेज कंट्रोल किया जाने लगा, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी, देर रात फेसबुक के माध्यम से मंत्री सुरेश राही भी सामने आए और सफाई दी। फेसबुक के माध्यम से मंत्री सुरेश राही ने सिर्फ यही बयान नहीं बल्कि लिखित रूप में एक प्रेस विज्ञप्ति भी जारी की और कहा कि मुझे लगा कि कहीं कोई विरोधी पार्टियों की साजिस से नहीं ऐसी खबरे चलाई गई। मुझे बदनाम करने के लिए यह धरना प्रदर्शन की झूठी खबर फैलाई गई है।

# सचिव व प्रधान को ग्रामीणों ने विद्यालय में क्या किया बंद!

**संवाददाता।** सीतापुर

● चोरी छिपे रात में इंटर लॉकिंग कराने गए थे सचिव, प्रधान

**सीतापुर के** एक पूर्व माध्यमिक और प्राथमिक विद्यालय में इंटर लॉकिंग निर्माण कार्य के नाम पर रूपये निकाल लेने वाले सचिव और प्रधान को रात में चोरी छिपे इंटर लॉकिंग लगाने की तैयारी करना उस समय मंहगा पड़ा, जब वह खडंजा निकाल रहे थे, तभी ग्रामीणों ने उन्हें घेर लिया और फिर जमकर गाली गलौज शुरू हो गया, ग्राम पंचायत सचिव और दो ग्राम प्रधानों को ग्रामीणों ने स्कूल में ही बंद कर दिया, कार से भागने की जब सचिव कोशिश करने लगे तो चाभी ग्रामीणों ने छीन ली। रात साढ़े 10 बजे तक ग्रामीणों का हंगामा जारी था, उनकी मांग थी कि जब तक कोई उच्चाधिकारी इनके खिलाफ कार्रवाई नहीं कर देगा तबतक वह किसी को जाने नहीं देगें। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। हंगामा होने के वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल होने लगे। अब हम आपको पूरा मामला बताते है। सीतापुर के ब्लाक परसेंडी की ग्राम पंचायत भवाना से जुड़ा हुआ यह मामला है, दरअसल तीन माह पूर्व प्राथमिक विद्यालय व पूर्व माध्यमिक विद्यालय में इंटर लॉकिंग निर्माण कार्य के नाम पर 23 मई को सामग्री के क्रय के लिए सकील ट्रेडर्स की फर्म पर 1 लाख 16 हजार 534 रूपये एवं मजदूरी के नाम पर 19 हजार 983 रूपये कुल 1 लाख 36 हजार 517 रूपये का भुगतान कर दिया गया। इंटरलॉकिंग का भुगतान अवशेष कार्य दिखाकर गबन करने की नीयत से भुगतान कर लिया गया। जबकि कार्य स्थल पर न पहले और न अब किसी भी प्रकार से इंटर लॉकिंग का कार्य हुआ ही नहीं। इसको लेकर कुछ दिनों पूर्व जब ब्लाक में बीडीओ काजल रावत की तैनाती थी तब उन्होंने भवाना ग्राम पंचायत का स्थलीय निरीक्षण किया था। उस समय कार्य न मिलने पर सचिव पवन कुमार गौतम और प्रधान वीरेन्द्र कुमार को जमकर फटकार लगाते हुए जल्द कार्य कराने के दिशा निर्देश दिए गए थे, बावजूद इसके जिम्मेदारों ने कार्य नहीं कराया। शनिवार की रात सचिव पवन कुमार गौतम, भवाना के प्रधान वीरेन्द्र कुमार और चांदपुर के प्रधान चेतराम के साथ खंडजा उखड़वाकर इंटर लॉकिंग लगाने की तैयारी कर रहे थे, ग्रामीणों ने पहुंचकर रात में काम कराने से रोंक दिया गया। रात में विकास कार्य कराने का नियम भी नहीं है। फिलहाल देर रात तक ग्रामीणों का हंगामा जारी था, अब देखना होगा कि भ्रष्टाचार के इस मामले में जिम्मेदार क्या कार्रवाई करते है।

सदरपुर थाना इलाके के कस्बे का मामला

# सरेराह एक युवक पर टूट पड़े दबंग, बचाने वाले को भी पीटा

**संवाददाता।** सीतापुर

● मारपीट का रोंगटे खड़े कर देने वाला वीडियो वायरल!

● एसओ प्रदीप कुमार सिंह ने दबंगो के खिलाफ की कार्रवाई

**सरेराह एक** युवक को जमीन पर गिराकर तीन लोग पीट रहे है, बचाने के लिए एक युवक जब जाता है तो उसे भी पीटने लगते है, रोंगटे खड़े कर देने वाला पिटाई का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, फिलहाल इस वीडियो की आई इंडिया पुष्टि नहीं करता है, लेकिन वायरल हो रहे वीडियो में एक युवक को दो लोग जमकर पीटते हुए नजर आ रहे है, बचाने गए दूसरे युवक को भी एक व्यक्ति पीट रहा है, वीडियो बनाने वाला शख्स हांफता हुआ कह रहा है, यह कह रहा है कि सब मारे डाल रहे है, भाई साहब को, वायरल इस वीडियो के सच पता लगाने के लिए आई इंडिया ने जानकारी जुटाई तो पता चला बाग में लगे पुश्तैनी पेड़ो को कटवाते समय शुरू हुए मामूली विवाद में दबंगो द्वारा युवक की पिटाई की जा रही है। मारपीट की सूचना पर बीच बराव करने आए दूसरे युवक पर भी दबंग टूट पड़े और उसके साथ मारपीट करने लगे। यह मामला थाना व कस्बा सदरपुर निवासी अरशद अली पुत्र साबिर अली से जुड़ा है, जिसके भाई सलमान उसकी बाग में पिता द्वारा लगवाए गए पेड़ो को शनिवार की सुबह कटवा रहा था, तभी गांव के अकबर अली, अख्तर, शमशाद अली पुत्रगण हबीबुल्लाह आ गए और गाली गलौज करने लगे। वायरल वीडियो में साफतौर पर देखा जा सकता है, जिस शख्स की पिटाई हो रही है, उसका नाम सलमान है, बचाव करने पहुंचे अरशद अली को भी लात घूसों से मारा जाता है। मामले में थाने में लिखित शिकायत की गई है, जिसमें यह भी कहा गया है कि सलमान के पास रखे 5 हजार रूपये पिटाई के दौरान दबंगो ने निकाल लिए। सदरपुर थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि अरशद की तहरीर पर तीनों हमलावरों के खिलाफ केस दर्जकर दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर 151 के तहत एसडीएम न्यायालय में चालान भेजा गया है।

## 157 छात्र-छात्राओं को कारागार राज्यमंत्री ने वितरित किया स्मार्ट फोन

**हरगांव सीतापुर।** आज के युग में स्मार्ट फोन बहुत जरूरी है, और फिर शिक्षा के क्षेत्र में तो स्मार्ट फोन एक शिक्षक की भूमिका निर्वाहन करता है, इसीलिए हर छात्र व छात्रा को स्मार्ट फोन दिया जा रहा है जो उनके भविष्य के लिए अच्छा रहेगा। यह बात कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने गया सिंह सुमित्रा सिंह महाविद्यालय में 157 छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि हर छात्र आगे चलकर कुछ न कुछ बनता जरूर है, अपने मां-बाप का नाम रोशन करता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य रवीन्द्र कुमार, प्रबंधक इंद्रपाल सिंह, भाजपा नेता अवनीश कुमार सिंह, वीरपाल वर्मा उर्फ वीरू, संजय जायसवाल प्रधान प्रतिनिधि कल्याणपुर/मंडल अध्यक्ष हरगांव , संजय दीक्षित, मंडल अध्यक्ष नबीनगर गोपाल शास्त्री सहित छात्र छात्राए व क्षेत्रीय नागरिक गण मौजूद रहे।

# जंगल से निकले हाथियों के झुंड ने रौदी फसलें

● कई किसान हुये बर्बाद

**संवाददाता।** मैलानी-खीरी



**मैलानी थाना** क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव ग्राम सुआबोझ के अंतर्गत आने वाले गांव नारायण पुर चाचा पुर कटरा कुआ में पहुंच कर गन्ने व धान की फसल को बर्बाद कर दिया तथा कपराकुआ मे लगे एक किसान के इन्जन को पलट दिया। इसके अलावा इसी किसान की एक एकड़ धान की फसल तथा राम राज की लगभग डेढ़ एकड़ की धान की फसल इसी आसमां की लगभग एक एकड़ धान की फसल जंगली हाथियों ने तहस नहस कर डाली। पीड़ितों ने बताया कि हाथियों ने बीती रात लगभग ढाई तीन बजे खेतों मे घुसकर हम लोगों की फसल को बर्बाद कर डाली। हम लोगों के पास इसके अलावा कोई जमीन भी नहीं। इसी से गुजारा चलता है। हाथियों द्वारा फसल को बर्बाद करने की सूचना वन विभाग को दी गयी। घटना की सूचना पाकर मैलानी वन क्षेत्राधिकारी साज़िद हुसैन अन्य सह कर्मियों के मौके पर पहुंच कर जायजा लिया। साथ ही उन्होंने बताया कि चार वन विभाग की टीमें लगा दी गयीं जिनके हाथियों को जंगल में खदेड़ दिया गया है। निगरानी जारी है। विदित हो विगत कई वर्षों से इसी तरह यही जंगली हाथियों का झुंड लगभग इसी तरह अनगिनत किसानों की अनेकों एकड़ गन्ने व धान की फसलों को बर्बाद कर चुका है। जिससे किसानों को हजारो रूपये का नुकसान उठाना पड़ता है। पीड़ित किसानों का आरोप है कि हम लोगों का हाथियों का झुण्ड इसी तरह नुकसान करके चला जाता है परन्तु इसके एवज में कोई भी मुआवजा नहीं मिल पाता है।

## दो फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**बरेली ।** मोहर्रम का जुलूस निकालने के दौरान दो समुदायों के बीच हुए बवाल के बाद फरार चल रहे दो अभियुक्तों को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर जेल भेजा।भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव मझउवा गंगापुर निवासी मोहम्मद सलीम अल्वी पुत्र बाबू शाह उर्फयाकूब शाह और यहीं के रहने वाले सानू उर्फसलमान पुत्र मोहम्मद सलीम अल्वी को पुलिस ने आज उनके घर से गिरफ्तार कर लिया उनके विरुद्ध 9 अगस्त को गांव में निकाले जा रहे मोहर्रम के जुलूस के दौरान दो बवाल करने और हंगामा करने के मामले में रिपोर्ट दर्ज थी पुलिस उन्हें तलाशने की कोशिश कर रही थी और आज दोपहर मुखबिर की सूचना के बाद पुलिस ने दोनों को उनके घरों से गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा ।

# समिति की ओर से शिक्षकों को किया गया सम्मानित



**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर आदर्श शिक्षक कल्याण समिति की और से सैंकड़ो शिक्षकों को मुख्यातिथि सीजीएनपीजी कालेज के प्राचार्य डा. पंकज सिंह, कार्यक्रम अध्यक्ष विद्या निकेतन के प्रधानाचार्य महेंद्र त्रिपाठी, समिति की संरक्षिका चेयरपर्सन मीनाक्षी अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि संतोष मौर्या के द्वारा विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों व प्रधानाचार्यों को सम्मानित किया गया। मालूम हो कि विगत कई वर्षो से समिति के द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर शिक्षकों को सम्मानित किया जाता इस वर्ष शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर उनकिसेस कृषि संस्थन में इस कार्यक्रम का आयोजन समिति के प्रांतीय अध्य्क्ष विमलेश मिश्रा, कोषाध्यक्ष विनीत सिंह भदौरिया, नगर अध्य्क्ष आदर्श जायसवाल के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती वंदना से हुआ। सम्मान सभा से पूर्व चेयरपर्सन मीनाक्षी अग्रवाल, महेंद्र त्रिपाठी, डा. पंकज सिंह आदि ने शिक्षकों के दायित्व व कर्तव्य पर प्रकाश डालते हुए डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के व्यक्तित्व व कृतित्व के बारे में सभी को अवगत कराया। इस अवसर नगर के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक, प्रधानाचार्य, समाजसेवी व पत्रकारबंधु मौजूद रहे।

# विधायक सदर को पितृशोक

**लखीमपुर खीरी।** विधायक सदर योगेश वर्मा के पिता के आकस्मिक निधन की खबर मिलते ही जिले में शोक की लहर दौड़ गई। निधन की खबर मिलते ही डीएम महेंद्र बहादुर सिंह शहर के आयुष नर्सिंग होम पहुंचकर विधायक के दिवंगत पिता के अंतिम दर्शन किए। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने विधायक सदर के पिता के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। पूरा खीरी प्रशासन विधायक के पिता के असामयिक के निधन से दुखी है। डीएम ने दिवंगत आत्मा की चिर शांति तथा उनके परिजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

## चार पर हत्या का मुकदमा दर्ज

**मोहम्मदी-खीरी।** मोहम्मदी क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस चौकी मूड़ानिजाम के गांव मोहलिया मूलनिवासी मृतक धर्मवीर की हत्या पर चार लोगों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस की देखरेख में अंतिम संस्कार हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार धरम वीर का प्रेम-प्रसंग एक युवती से चल रहा था। उसी से मिलने गया था। धर्मवीर के पिता लालाराम की तहरीर पर बिंदर पुत्र राम प्रसाद सोनू, मोनू व सुमित के खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है जिसकी विवेचना पुलिस कर रही है आज पुलिस की देखरेख में धरम वीर का अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

## एनडीए परीक्षा बरेली के 29 केंद्रों पर आयोजित हुई

**बरेली।** संघ लोक सेवा आयोग की एनडीए परीक्षा बरेली के 29 केंद्रों पर आयोजित हुई। जिसमें एफ आर इस्लामिया इंटर कॉलेज के ब्लॉक ए तथा ब्लॉक बी में लगभग 55ः प्रतिशत अभ्यर्थी उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य मेजर जावेद खालिद ने बताया कि दूरदराज के अभ्यर्थियों का केंद्र बने होने के कारण छात्रों की उपस्थिति कम रही। सहायक केंद्र व्यवस्थापक फरहान अहमद ने बताया कि दोनों ही पालियों में परीक्षा सुचारु रुप से संपन्न हुई। वरिष्ठ प्रवक्ता अर्थशास्त्र व परीक्षा कोऑर्डिनेटर डॉ मेंहदी हसन ने कहा कि परीक्षा के दौरान कोविड-19 गाइडलाइन का पूरी तरह पालन किया गया। गेट पर सभी अभ्यर्थियों की थर्मल स्कैनिंग की गई तथा जिन परीक्षार्थियों के पास मास्क नहीं था उन्हें मास्क उपलब्ध कराए गए सोशल डिस्टेंसिंग का पूरी तरह पालन किया गया।

# पेज एक का शेष

## टाटा संस...

इक्विटी के प्रबंध निदेशक और सीईओ डेरियस पंडोले तथा जहांगीर बिनशाह पंडोले भी थे। हादसे में जहांगीर बिनशाह की भी मौत हो गई। मिस्त्री को लेकर जा रही इस कार को डॉ. अनाहिता पंडोले चला रही थीं। पंडोले दंपति को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया यह तेज रफ्तार का मामला प्रतीत हो रहा है। साइरस मिस्त्री पंडोलों के पारिवारिक मित्र थे। पंडोले भाइयों ने एक पखवाड़े पहले अपने पिता को खो दिया था। मिस्त्री और अन्य तीनों लोग अंतिम संस्कार के लिए गुजरात के उदवाडा गए थे। सभी क्रियाक्रम निपटा कर ये लोग मुम्बई लौट रहे थे। डॉ. पंडोले और उनके पति आगे की सीट पर और मिस्त्री पीछे की सीट पर बैठे थे। दोपहर बाद करीब 3.15 बजे जब वे सूर्य नदी पर बने पुल पर पहुंचे, तो सड़क तीन लेन से दो लेन तक संकरी हो गई। संभवत: रफ्तार अधिक होने के कारण डॉ. पंडोले कार पर नियंत्रण नहीं रख पाईं और वह पुल के किनारे से टकरा गई। राष्ट्रीय राजमार्ग 48 की देखरेख करने वाले भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के परियोजना निदेशक सूरज सिंह ने इंडियन एक्सप्रेस को बताया कि राजमार्ग छह लेन वाला है, लेकिन गुजरात-मुंबई मार्ग पर दो-दो लेन के दो पुल हैं। वाहन चालकों को थोड़ा सा मोड़ लेना पड़ता है। संभवत: डॉ. पंडोले से यहीं चूक हो गईं। तत्कालीन बॉम्बे से ताल्लुक रखने वाले पारसी परिवार में 4 जुलाई, 1968 को जन्मे साइरस मिस्त्री ने 1990 में लंदन विश्वविद्यालय से सिविल इंजीनियरिंग किया। उन्होंने बाद में लंदन बिजनेस स्कूल में अध्ययन किया और लंदन विश्वविद्यालय से प्रबंधन में अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी मास्टर्स किया।

## पीएम मोदी...

आर्थिक शक्ति में विश्वास करते थे। उनके परिवार और दोस्तों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। ईश्वर साइरस मिस्त्री की आत्मा को शांति प्रदान करें। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि साइरस मिस्त्री के दुर्भाग्यपूर्ण निधन के बारे में जानकर गहरा दुख हुआ। उनके परिवार के सदस्यों के प्रति हार्दिक संवेदना। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने साइरस मिस्त्री के निधन पर दुख जताया और दुर्घटना की जांच के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि हादसे के बारे में जानकर वह स्तब्ध हैं। देश के सबसे बड़े उद्योगपति गौतम अदाणी ने कहा कि साइरस मिस्त्री के निधन की खबर सुनकर वह स्तब्ध और दुखी हैं। सबसे अच्छे सज्जनों में से एक, जिन्हें मैं जानता हूं, वह अपनी पीढ़ी के सबसे अच्छे व्यापारिक दिमाग रखने वाले व्यक्ति थे। उद्योगपति हर्ष गोयनका ने भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि जीवन दीये के भीतर तेल की तरह है। इसे मापा जा सकता है, लेकिन यह जिस गति से जलता है वह इस बात पर निर्भर करता है कि लौ कितनी तेज और भयंकर है। कोई भविष्यवाणी नहीं कर रहा है कि दीपक कब मर सकता है। साइरस की मौत बिल्कुल अप्रत्याशित है। उन्हें गहरा दुख हुआ है। सायरस मिस्त्री के निधन पर टाटा ग्रुप ने दुख जताया है और उन्हें श्रद्धांजलि दी है।

## रैली से...

किया, देश में भविष्य का डर, महंगाई का डर और बेरोजगारी का डर बढ़ता जा रहा है। इसके कारण नफरत बढ़ती जा रही है। नफरत से लोग बंटते हैं और देश कमजोर होता है। भाजपा और आरएसएस के नेता देश को बांटते हैं तथा जानबूझकर देश में भय और नफरत पैदा करते हैं। गांधी ने किसी का नाम लिए बिना कहा, इस डर और नफरत का फायदा किसको मिल रहा है? क्या गरीब आदमी को फायदा मिल रहा है? पूरा का पूरा फायदा हिंदुस्तान के दो उद्योगपति उठा रहे हैं। बाकी उद्योगपतियों से पूछ लो, वो भी बताएंगे कि सिर्फ दो व्यक्तियों का फायदा हुआ है। सब कुछ इन्हीं दो व्यक्तियों के हाथों में जा रहा है। उन्होंने पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस और खाद्य वस्तुओं के दाम बढ़ने का हवाला देते हुए कहा, मोदी जी कहते हैं कि 70 साल में कांग्रेस ने क्या किया तो हम बताना चाहते हैं कि कांग्रेस ने महंगाई इतनी कभी नहीं बढ़ाई। कांग्रेस नेता ने कहा, नरेंद्र मोदी जी प्रधानमंत्री हैं, लेकिन दो उद्योगपतियों के समर्थन के बिना वह प्रधानमंत्री नहीं हो सकते, मीडिया के समर्थन के बिना वह प्रधानमंत्री नहीं हो सकते। राहुल गांधी का कहना था, मीडिया पर दो उद्योगपतियों का नियंत्रण है...हमारे लिए सब रास्ते बंद हैं, हमारे लिए सिर्फ एक ही रास्ता बचा है, वो रास्ता है- जनता के बीच जाकर जनता को देश की सच्चाई बताना और जनता की बात को सुनना व समझना।

## राहुल और...

और राहुल कांग्रेस के नए अध्यक्ष के चयन में म्यूजिकल चेयर का खेल खेल रहे हैं। राहुल के उस बयान का जिक्र करते हुए जिसमें उन्होंने कहा कि देश पर दो उद्योगपतियों का एकाधिकार है, भाजपा नेता ने कहा कि यह कांग्रेस है जो दो लोगों की पार्टी है, जबकि देश सभी का है। पात्रा ने राहुल द्वारा कथित रूप से संविधान और लोकतंत्र के अन्य स्तंभों- न्यायपालिका, चुनाव आयोग और मीडिया पर हमला करने पर कड़ी आपत्ति जताई। राहुल ने कहा था कि न्यायपालिका उद्योगपतियों के दबाव में काम कर रही है और मीडिया बिक गया है। भाजपा नेता ने राहुल की कथित टिप्पणियों के लिए सुप्रीम कोर्ट से उनके खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि यह सीधा-सीधा अवमानना का मामला है।

## आजाद ने...

बोला जा सके। हालांकि, आजाद ने कहा कि उनकी पार्टी का एजेंडा तय हो गया है और जम्मू कश्मीर को विकास तथा समृद्धि की नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लक्ष्य को प्राप्त करने में जनता को उनका समर्थन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य के पूर्ण दर्जे का अर्थ है कि राज्यपाल होंगे, उप राज्यपाल नहीं और विधानसभा के पास विधेयक पारित करने के अधिकार होने चाहिए। आजाद ने कहा, बाहरी लोगों को जम्मू या कश्मीर में जमीन नहीं खरीदने दी जानी चाहिए और उन्हें नौकरियां नहीं मिलनी चाहिए। जम्मू कश्मीर में कितने रोजगार के अवसर हैं? यह सागर में थोड़े से पानी के समान हैं और यदि इनका राष्ट्रीय स्तर पर विज्ञापन दिया जाएगा तो हमें थोड़ा सा पानी भी नहीं मिलेगा। आजाद ने कांग्रेस के साथ अपने पांच दशक पुराने संबंध 26 अगस्त को तोड़ दिए थे।

## केरल की...

में नहीं हों। इसलिए यह सही नहीं था कि मैं इसे एक व्यक्ति के रूप में प्राप्त करती क्योंकि मुझे यह उस चीज के लिए मिल रहा था, जो वास्तव में एक सामूहिक प्रयास था। इसलिए, मैंने पुरस्कार स्वीकार नहीं करने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि मैंने उन्हें धन्यवाद दिया और विनम्रतापूर्वक यह कहते हुए पुरस्कार लेने से इनकार कर दिया कि मुझे इसे व्यक्तिगत रूप से प्राप्त करने में कोई दिलचस्पी नहीं है।

## अशोक गहलोत...

अधिसूचना जारी होगी। इसके बाद 24 सितंबर से नामांकन दाखिल किए जा सकते हैं और यदि एक से अधिक उम्मीदवार हुए तो 17 अक्टूबर को मतदान होगा। गहलोत और थरूर, मुलाकात से पहले पार्टी की महंगाई पर हल्ला-बोल रैली में भी शामिल हुए।

## झारखंड के...

गठबंधन के विधायकों को नवा रायपुर के एक आलीशान रिजॉर्ट ले जाया गया था। अधिकारी ने बताया कि कांग्रेस और झामुमो के नेताओं के अलावा 30 विधायकों को लेकर विशेष विमान ने रायपुर के स्वामी विवेकानंद हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी,जो शाम को करीब छह बजे रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर उतरा। हेमंत सोरेन सोमवार को विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान विश्वास मत हासिल करेंगे। सत्तारूढ़ संप्रग गठबंधन के कुल 32 विधायकों को 30 अगस्त को रायपुर के मेफेयर गोल्फ रिजॉर्ट ले जाया गया था। इनमें से चार बृहस्पतिवार को हुई कैबिनेट बैठक में हिस्सा लेने के लिए रांची लौटे थे। झारखंड विधानसभा में झामुमो के 30, कांग्रेस के 18 और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) का एक विधायक है, वहीं, मुख्य विपक्षी दल भाजपा के 26 विधायक हैं।

## चिड़ियाघर में...

कीचड़ स्नान का आनंद लेते हैं और वे अपने दोस्तों के साथ कीचड़ में खूब सारी मस्ती करते हैं। पैनल द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट में व्यवहार संवर्धन के महत्व पर प्रकाश डाला गया है। विशेष रूप से हाथियों में, जिनमें बोरियत जल्द ही सामाजिक तनाव, आक्रामकता और असामान्य व्यवहार की ओर ले जाती है। वास्तव में, पशु चिकित्सक विशेषज्ञों के अनुसार, चिड़ियाघर के आगंतुक भी आसानी से पहचान सकते हैं कि क्या हाथी ऊब गया है और उसके पास करने के लिए पर्याप्त गतिविधियां नहीं है। चिड़ियाघर के हाथियों को व्यस्त रखने का एक और तरीका यह है कि उन्हें भोजन खोजने और खाने के लिए तैयार करने के साथ-साथ उन्हें उपयुक्त खिलौनों के साथ समय बिताने की अनुमति दी जाए।

# आदर्श जेल अधिनियम लाएगा केंद्र : शाह

भाषा। अहमदाबाद



**केंद्रीय गृह मंत्री** अमित शाह ने रविवार को कहा कि केंद्र सरकार अगले छह माह में ब्रिटिश कालीन कानून में संशोधन कर आदर्श जेल अधिनियम लाएगी जिसके लिए राज्य सरकारों के साथ विस्तृत चर्चा चल रही है। उन्होंने सभी राज्य सरकारों से 2016 में केंद्र द्वारा लाई गई आदर्श जेल नियमावली को तत्काल अपनाने की अपील की और कहा कि जेलों के संबंध में हमारे विचारों के पुनर्मूल्यांकन एवं जेल सुधारों को आगे ले जाने की जरूरत है। उन्होंने यहां छठी अखिल भारतीय जेल ड्यूटी बैठक का उद्घाटन करने के बाद कहा कि केवल 11 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों ने यह नियमावली अपनाई है।

शाह ने कहा, इस जेल नियमावली के बाद हम अब आदर्श जेल अधिनियम लाने जा रहे हैं जो ब्रिटिश काल से चल रहे कानून में जरूरी बदलाव करेगा। फिलहाल हम राज्यों के साथ चर्चा कर रहे हैं और मुझे यकीन है कि छह महीने में यह आ जाएगा। उन्होंने कहा कि देश में जेलों को अत्याधुनिक बनाने के लिए आदर्श जेल कानून लाया जाएगा। शाह ने जेलों में भीड़ के मुद्दे के समाधान की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि इन मुद्दों का समाधान किए बिना जेल प्रशासन में सुधार नहीं किया जा सकता।

गृह मंत्री ने राज्यों से हर जिला जेल में अदालतों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस की सुविधा प्रदान करने का भी अनुरोध किया। उन्होंने कट्टरपंथ एवं मादक पदार्थ के धंधे को बढ़ावा देने वाले कैदियों को अलग से रखने का प्रबंध करने की जरूरत पर बल दिया और कहा कि नई जेल नियमावली जेलों में गिरोहों को नियंत्रित करने संबंधी मुद्दे से भी निपटती है। उन्होंने कहा, मेरा विश्वास है कि जेल प्रशासन आंतरिक सुरक्षा की एक अहम शाखा है। हम जेल प्रशासन की उपेक्षा नहीं कर सकते। जेलों के बारे में समाज की धारणा बदलने की जरूरत है। जेल में बंद सारे कैदी स्वभाव से अपराधी नहीं होते हैं। शाह ने कहा कि दंड की प्रक्रिया बहुत महत्वपूर्ण है लेकिन समाज में कैदियों के पुनर्वास के तौर-तरीके ढूंढ़ना भी जेल प्रशासन की जिम्मेदारी है।

# मेघालय की एमडीए सरकार को समर्थन जारी रखने पर भाजपा जल्द फैसला करेगी

**शिलांग।** भाजपा की मेघालय इकाई के प्रभारी एम चुबा आओ ने कहा है कि पार्टी जल्द ही फैसला करेगी कि राज्य में नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) नीत एमडीए सरकार को अपना समर्थन जारी रखना है या नहीं। राज्य में मुख्यमंत्री कोनराड के संगमा के नेतृत्व वाली मेघालय लोकतांत्रिक गठबंधन (एमडीए) सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच भाजपा ने यह बयान दिया है। भाजपा नेता एम चुबा आओ ने कहा कि पार्टी के भीतर इसको लेकर विचार-विमर्श किया जा रहा है और सत्तारूढ़ गठबंधन से बाहर आना है या नहीं इस पर अंतिम फैसला एक महीने के भीतर लिया जाएगा। गौरतलब है कि मेघालय में भाजपा के दो विधायक हैं और वह राज्य में नेशनल पीपुल्स पार्टी के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार की सहयोगी है। एम चुबा आओ ने शनिवार शाम को यहां पार्टी की एक बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, हम एक महीने के भीतर निर्णय लेंगे कि हम समर्थन जारी रखेंगे या वापस लेंगे। विभिन्न स्तरों पर चर्चा चल रही है। हम अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के साथ फिर से इस पर चर्चा करेंगे। राज्य की 60 सदस्ईय विधानसभा में सत्तारूढ़ मेघालय लोकतांत्रिक गठबंधन (एमडीए) के पास कुल 48 विधायक हैं, जिनमें एनपीपी के 23 विधायक भी शामिल हैं। जबकि विपक्षी तृणमूल कांग्रेस के 12 विधायक हैं। एनपीपी के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार के कई आरोपों का जिक्र करते हुए भाजपा नेता ने कहा कि पार्टी नेतृत्व को इस संबंध में कई शिकायतें मिली हैं। उन्होंने कहा, हमारे कार्यकर्ताओं को सबूत इकट्ठा करने का निर्देश दिया गया है। अगर जरूरत पड़ी तो केंद्रीय एजेंसियां आरोपों की जांच करेंगी।



जम्मू में पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद का जम्मू एअरपोर्ट पर कार्यकर्ता स्वागत करते हुए।

# बिहार दौरे के दौरान सांप्रदायिक अशांति फैलाने की कोशिश करेंगे शाह : जदयू

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जदयू ने रविवार को आरोप लगाया कि इस महीने के अंत में राज्य के दौरे पर आ रहे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह उस दौरान सांप्रदायिक अशांति फैलाने की कोशिश करेंगे। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने यहां कहा, जब अमित शाह यहां होंगे तो वह बिहार और देश भर में सांप्रदायिक अशांति फैलाने की कोशिश करेंगे। लेकिन बिहार के लोग सतर्क हैं और वह (भाजपा) सांप्रदायिक ध्रुवीकरण को भुनाने में सक्षम नहीं होंगे। शाह का 23-24 सितंबर को पूर्णिया और किशनगंज का दौरा करने का कार्यक्रम है। दोनों जिले अल्पसंख्यक बहुल हैं। पिछले ही महीने भाजपा का साथ छोड़कर नीतीश ने राजद और कांग्रेस आदि पार्टियों के साथ गठजोड़ करके राज्य में महागठबंधन की नई सरकार बनाई है। राज्य में राजनीति बदलाव के बाद भाजपा के प्रमुख रणनीतिकार माने जाने वाले अमित शाह पहली बार बिहार आ रहे हैं।

हालांकि जदयू नेता ललन ने जोर देकर कहा कि भाजपा का सफाया हो जाएगा और जदयू, राजद, कांग्रेस और वाम दलों के महागठबंधन को अगले लोकसभा चुनाव में राज्य में सभी 40 सीटों पर जीत मिलेगी। उन्होंने यह भी दावा किया कि भाजपा अपने शुरुआती बिंदू पर वापस आ जाएगी जब उसने केवल दो सीटें जीतीं थीं। गौरतलब है कि भाजपा के फिलहाल 300 से ज्यादा सांसद हैं, लेकिन 1984 में उसके पास लोकसभा में महज दो सीटें थीं। उन्होंने जोर देकर कहा, यह संभव है। उनका (भाजपा) वोट शेयर 38 प्रतिशत था। कल्पना कीजिए कि यदि शेष 62 प्रतिशत एक साथ आ जाते हैं तो क्या होगा। एक बार गति प्राप्त करने के बाद संयुक्त विपक्ष को कुल वोट शेयर का 75 प्रतिशत मिल सकता है। ललन के इस बयान से महज एक दिन पहले जदयू ने अपनी राष्ट्रीय कार्यकारिणी में नीतीश कुमार को विपक्षी एकता हासिल करने के लिए सभी निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया है।

# गणेश के विभिन स्वरूपों को दर्शाती है एलोरा की गुफाओं में बनी कलाकृतियां

**औरंगाबाद।** देश में सर्वाधिक पूजे जाने वाले देवताओं में से एक भगवान गणेश के विभिन्न स्वरूपों को महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले में स्थित यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल एलोरा गुफाओं में भली भांति दर्शाया गया है। एलोरा में पांचवीं से दसवीं शताब्दी के बीच बनी कलात्मक आकृतियां हैं जिनमें हिन्दुओं के सबसे महत्वपूर्ण देवताओं में से एक को यक्षों के बीच नृत्य करते हुए या अपने पिता भगवान शिव के नटराज स्वरूप की तरह दिखाया गया है। औरंगाबाद शहर से 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित एलोरा 34 कंदराओं का समूह है जिसमें हिन्दू, बौद्ध और जैन मतों से संबंधित कलाकृतियां हैं।

पहले निर्मित गुफाओं में भगवान गणेश को एक स्वतंत्र देवता के रूप में नहीं दिखाया गया है बल्कि उन्हें देवताओं के समूह के एक भाग के रूप में प्रदर्शित किया गया है। भारतीय संस्कृति की अध्एता शैली पालांडे दातार ने पीटीआई-भाषा से कहा, पहले बनी गुफाओं में हमें भगवान गणेश शिव का नृत्य करते नटराज स्वरूप जैसे दिखते हैं। इससे उनकी स्थिति यक्ष और अन्य गणों के साथ शिव के गण के रूप में नजर आती है। छठवीं शताब्दी में गणेश का स्वरूप ऐसा था।

उन्होंने कहा कि छठवीं और सातवीं शताब्दी की गुफाओं में गणेश को सप्तमातृका या माता के रूप में सात देवियों (ब्राह्मणी, वैष्णवी, शिवदूती या इंद्राणी, नरसिंहि, चामुंडा, कौमारी और वर्षी) जैसा प्रदर्शित किया गया है तथा उन्हें स्वतंत्र देवता जैसा नहीं दिखाया गया है। रामेश्वर गुफा के नाम से लोकप्रिय गुफा संख्या 25 में भगवान शिव और देवी पार्वती के जीवन का एक वृत्तांत दर्शाया गया है और उसमें गणेश को दिखाया गया है।

पालांडे दातार ने कहा, शिव के इस चित्र में गणेश की उपस्थिति से उनके नाम साक्षी विनायक को समझा जा सकता है जिसका अर्थ है कई घटनाओं का प्रत्यक्षदर्शी या साक्षी। कैलास के गर्भगृह के समीप सोम स्कन्द की मूर्ति है जिसमें शिव परिवार दिखाया गया है लेकिन इसमें गणेश उपस्थित नहीं हैं। उन्हें शैव पंचायतन के रास्ते में परिक्रमा करते समय शैव समूह में बड़ी मूर्ति के रूप में देखा जा सकता है।

# रक्षामंत्री आज मंगोलिया और जापान की पांच दिवसीय यात्रा पर रवाना होंगे

भाषा। नई दिल्ली

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह** सोमवार को मंगोलिया और जापान की पांच दिवसीय यात्रा पर रवाना होंगे। इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के साथ भारत के रक्षा और सुरक्षा संबंधों का विस्तार करना है। पूरे घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले लोगों ने बताया कि जापान में राजनाथ और विदेश मंत्री एस जयशंकर अपने जापानी समकक्षों के साथ टू प्लस टू प्रारूप में विदेश और रक्षा मंत्री स्तरीय संवाद करेंगे। उन्होंने बताया कि राजनाथ पांच से सात सितंबर तक मंगोलिया की यात्रा पर होंगे, जबकि आठ और नौ सितंबर को उनका जापान दौरा प्रस्तावित है।

माना जा रहा है कि टू प्लस टू प्रारूप में भारत और जापान के बीच आठ सितंबर को वार्ता होगी। यह संवाद जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के वार्षिक भारत-जापान शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए नई दिल्ली आने के पांच महीने बाद हो रहा है। नई दिल्ली में हुए इस सम्मेलन में किशिदा ने अगले पांच साल के दौरान भारत में पांच खरब एन (करीब 3.20 लाख करोड़ रुपए) का निवेश करने का लक्ष्य घोषित किया था।

घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले लोगों ने बताया कि टू प्लस टू संवाद के दौरान द्विपक्षीय रक्षा और सुरक्षा सहयोग को और बढ़ाने के तौर-तरीकों पर विचार-विमर्श के साथ-साथ हिंद प्रशांत क्षेत्र के घटनाक्रम पर भी चर्चा होने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि जापानी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विदेश मंत्री योशिमासा हयाशी और रक्षा मंत्री यसुकाजू हमादा करेंगे। यह बातचीत जापान के पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत शिंजो आबे के राजकीय अंतिम संस्कार से तीन हफ्ते पहले होगी। आबे का राजकीय अंतिम संस्कार 27 सितंबर को तोक्यो में किया जाएगा।

# आधुनिक तकनीक के जरिए छात्रों को राह दिखा रहे हैं दो शिक्षक

**चंडीगढ़।** बरनाला के शिक्षक हरप्रीत सिंह को अपने जीर्ण-शीर्ण स्कूल भवन को स्मार्ट बनाने में एक दशक से अधिक का समय लगा, जो अब राज्य के पहले ऐसे स्कूल होने का गर्व कर सकता है जहां छोटे बच्चों के लिए किंडरगार्टन खंड, भाषा प्रयोगशाला और प्रोजेक्टर के साथ एलईडी स्क्रीन हैं। अब वे राज्य के उन दो शिक्षकों में शामिल हैं जिन्हें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा पांच सितंबर को शिक्षक दिवस पर दिए जाने वाले राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चुना गया है। दूसरे मनसा सरकारी स्कूल के प्रधानाचार्य अरुण कुमार गर्ग हैं, जिन्होंने कोरोना वायरस महामारी के समय छात्रों को गणित में मुफ्त व्याख्यान देने के लिए एक यूट्यूब चैनल शुरू किया था। बरनाला जिले के बिहला गांव के एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय के प्रधान शिक्षक हरप्रीत सिंह (43) का कहना है कि उन्होंने 2009 में अपने जर्जर स्कूल भवन को स्मार्ट बनाने की पहल की थी। उनका कहना है कि पिछले कुछ वर्षों में स्कूल की इमारत पर 39 लाख रुपए खर्च किए गए हैं। उन्होंने भी स्कूल के बुनियादी ढांचे के लिए पैसे का योगदान दिया। सिंह ने बताया, यह एक बहुत पुराना स्कूल भवन था। ग्रामीणों और प्रवासी भारतीयों (एनआरआई) के सहयोग से एक नया स्कूल भवन बनाया गया। उन्होंने कहा कि छात्रों को बेहतर तरीके से सीखने के लिए नई शिक्षण तकनीकों को लाया गया। उन्होंने कहा, डिजिटल शिक्षा प्रदान करने के लिए कक्षाओं में प्रोजेक्टर के साथ एलईडी स्क्रीन लगाई गई हैं। स्कूल में भाषा प्रयोगशाला भी स्थापित की गई है और यह छात्रों के उच्चारण में सुधार करने में मदद करती है।



नई दिल्ली में उड़ीसा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने पूर्व सीजेआई एन.वी. रमण को लाइफ टाइम अचीवमेन्ट पुरस्कार देते हुए।

# न्यायालयों को कुछ स्थितियों में विपक्ष की भूमिका भी निभानी चाहिए : एन वी रमण

भाषा। नई दिल्ली

**भारत** के पूर्व प्रधान न्यायाधीश एन. वी. रमण ने रविवार को कहा कि अदालतों को निष्पक्ष होना चाहिए और उसके फैसलों से लोकतंत्र में सुधार होना चाहिए, लेकिन कुछ स्थितियों में अदालतों से विपक्ष की भूमिका निभाने या उसकी जगह लेने की अपेक्षा की जाती है। कैपिटल फाउंडेशन सोसाइटी से न्यायमूर्ति वी आर कृष्ण अय्यर पुरस्कार प्राप्त करने के बाद अपने सम्बोधन में न्यायमूर्ति रमण ने कहा कि 1960 और 1970 के दशक आधुनिक भारतीय इतिहास में सबसे चुनौतीपूर्ण अवधि थे। उन्होंने कहा, इस काल ने संसद और न्यायपालिका के बीच संघर्ष देखा। संसद ने अपना वर्चस्व बनाए रखने के लिए कोशिश की, जबकि उच्चतम न्यायालय का प्रयास संवैधानिक सर्वोच्चता बरकरार रखने के लिए था।

पूर्व सीजेआई ने कहा कि अदालतों ने यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है कि संवैधानिक अधिकारों ने अपना अर्थ नहीं खोया है। उन्होंने कहा कि अदालतों ने इस विचार को सुदृढ़ किया है कि न्याय समुदाय के कल्याण के साथ व्यक्तिगत जरूरतों को संतुलित करने की मांग करता है, जिसके परिणामस्वरूप देश लिखित संविधान द्वारा शासित सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में फल-फूल रहा है।

आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले के पोन्नावरम गांव में एक किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले न्यायमूर्ति रमण 26 अगस्त को 48वें सीजेआई के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश एके पटनायक की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया, जिन्हें लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया था।

न्यायमूर्ति रमण ने कहा कि उनके लिए भारतीय न्यायपालिका में मेरे अनुभव विषय पर व्याख्यान देना उचित नहीं है, क्योंकि वह हाल ही में प्रधान न्यायाधीश के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। उन्होंने इसके बदले 72 वर्षों में भारतीय न्यायपालिका की यात्रा विषय पर व्याख्यान दिया। न्यायमूर्ति रमण ने कहा कि न्यायपालिका को जनहित याचिका प्रणाली के दुरुपयोग सहित कई सवालों की जांच करने की जरूरत है। उन्होंने न्यायपालिका को बढ़ते मुकदमों सहित विभिन्न उभरती चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करने की आवश्यकता भी जताई।

# कानून मंत्री ने अभिव्यक्ति की आजादी की कमी संबंधी टिप्पणी के लिए पूर्व न्यायाधीश की आलोचना की

**नई दिल्ली।** कानून मंत्री किरण रिजीजू ने उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बी एन श्रीकृष्ण की उनकी अभियक्ति की आजादी में कमी संबंधी टिप्पणी के लिए आलोचना की है। रिजीजू ने कहा कि जो लोग बिना पाबंदी के निर्वाचित प्रधानमंत्री की निंदा करते हैं, वे अभिव्यक्ति की आजादी को लेकर विलाप कर रहे हैं।

एक राष्ट्रीय अखबार में प्रकाशित न्यायमूर्ति (अवकाश प्राप्त) श्रीकृष्ण के साक्षात्कार को लेकर किए गए ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए रिजीजू ने कहा, जो लोग हमेशा बिना किसी पाबंदी के निर्वाचित प्रधानमंत्री की निंदा करने के लिए बोलते हैं, वे अभिव्यक्ति की आजादी को लेकर विलाप कर रहे हैं। वे कांग्रेस द्वारा लागू किए गए आपातकाल के खिलाफ कभी नहीं बोलेंगे। वे कुछ क्षेत्रीय पार्टियों के मुख्यमंत्रियों की आलोचना करने की हिम्मत कभी नहीं करेंगे। शीर्ष अदालत के पूर्व न्यायाधीश ने कहा था कि आज चीजें बहुत ही खराब हैं। उन्होंने कहा था, मैं स्वीकार करता हूं, अगर मैं चौक पर खड़ा होकर कहूं कि मैं प्रधानमंत्री का चेहरा पसंद नहीं करता तो कोई आकर मेरे खिलाफ छापेमारी की कार्वाई कर सकता है, बिना किसी कारण के मुझे गिरफ्तार कर जेल में डाल सकता है। यह ऐसा कुछ है, जिसका हम सभी नगारिकों को विरोध करना चाहिए। रिजीजू ने शनिवार को सिलसिलेवार ट्वीट कर कहा कि वह नहीं जानते कि क्या उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश ने वास्तव में ऐसा कहा है। मंत्री ने किसी का नाम लिए बिना कहा, अगर यह बयान सच है तो यह उस संस्था की प्रतिष्ठा को कम करता है, जिसकी वे सेवा कर सेवानिवृत्त हुए हैं।

# मिस्त्री की मृत्यु ने दुर्घटनाओं में होने वाली मौत की ओर फिर से ध्यान खीचा

**नई दिल्ली।** टाटा सन्स के पूर्व अध्यक्ष साइरस मिस्त्री की रविवार को मुंबई के पास एक सड़क हादसे में हुई मृत्यु ने देशभर में ऐसी दुर्घटनाओं में हर साल बड़ी संख्या में लोगों की मौत होने से जुड़े आंकड़ों की ओर फिर से ध्यान आकृष्ट किया है। हाल में जारी राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल भारत में सड़क दुर्घटनाओं में 1.55 लाख से अधिक लोगों की जान चली गई। इसका मतलब है कि प्रतिदिन औसतन 426 लोगों की, या हर घंटे 18 लोगों की मौत हुई। यह किसी एक वर्ष में सड़क दुर्घटनाओं में हुई मौत के अब तक के सर्वाधिक मामले हैं।

मिस्त्री (54) की मुंबई के पास पालघर में रविवार को एक सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना उस वक्त हुई जब मिस्त्री की कार एक डिवाइडर से टकरा गई। उस समय मिस्त्री मर्सिडीज कार में अहमदाबाद से मुंबई लौट रहे थे। एनसीआरबी के भारत में दुर्घटनाओं में मृत्यु तथा आत्महत्या के मामले-2021 शीर्षक के तहत आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल पूरे देश में 4.03 लाख सड़क दुर्घटनाओं में 3.71 लाख लोग घायल हो गए।

केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत कामकाज करने वाले एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले साल सड़क दुर्घटनाओं में हुई मौत के सर्वाधिक मामले आए थे, वहीं सड़क दुर्घटनाओं और घायल हुए लोगों की संख्या इससे पहले के सालों के मुकाबले कम हुई है। आंकड़ों से पता चलता है कि 2021 में प्रति हजार वाहनों पर मृत्यु के मामलों की दर 0.53 थी, जो 2020 के 0.45 तथा 2019 के 0.52 की दर से अधिक थी, लेकिन 2018 की 0.56 तथा 2017 की 0.59 दर से कम थी। देश में 2020 में ज्यादातर समय कोविड-19 की वजह से लॉकडाउन लगा रहा था और उस साल देश में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या 3.54 लाख रही।

# 2021 में सड़क दुर्घटनाओं में 1.55 लाख लोगों की मौत, किसी एक वर्ष में सर्वाधिक

**नई दिल्ली।** पिछले साल भारत में सड़क दुर्घटनाओं में 1.55 लाख से अधिक लोगों की जान चली गई। इसका मतलब है कि औसत रोजाना 426 लोगों की या हर घंटे 18 लोगों की मौत हुई। यह किसी कलैंडर वर्ष में अब तक दर्ज दुर्घटनाओं में मौत के सर्वाधिक मामले हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के भारत में दुर्घटनाओं में मृत्यु तथा आत्महत्या के मामले-2021 मद के तहत आंकड़ों के अनुसार पिछले साल पूरे देश में 4.03 लाख सड़क दुर्घटनाओं में 3.71 लाख लोग घायल हो गए। गृह मंत्रालय के तहत कार्यरत एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार पिछले साल सड़क दुर्घटनाओं में मौत के सर्वाधिक मामले आए थे, सड़क दुर्घटनाओं और घायल हुए लोगों की संख्या इससे पहले के सालों के मुकाबले कम हुई है। 2021 में प्रति हजार वाहनों पर मृत्यु के मामलों की दर 0.53 थी जो 2020 में 0.45 तथा 2019 में 0.52 की दर से अधिक थी लेकिन 2018 की 0.56 तथा 2017 की 0.59 दर से कम थी।

# राजमार्गों पर गति सीमा नीति को सख्ती से लागू करने की जरूरत: पवार ने मिस्त्री के निधन पर कहा

भाषा। मुंबई, कोलकाता

**राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा)** के प्रमुख शरद पवार ने रविवार को कहा कि साइरस मिस्त्री की सड़क दुर्घटना में मौत स्तब्ध करने वाली है। साथ ही उन्होंने राजमार्गों पर गति सीमा नीति को सख्ती से लागू करने का आह्वान किया। टाटा संस के पूर्व चेयरमैन साइरस मिस्त्री की महाराष्ट्र के पालघर में रविवार को हुई एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वह 54 वर्ष के थे। मिस्त्री के निधन पर शोक जताते हुए पवार ने कहा, पिछले कुछ वर्षों में सड़कों की स्थिति में काफी सुधार हुआ है। हालांकि, तेज गति से वाहन चलाना आजकल आम बात होती जा रही है। उन्होंने कहा, साइरस मिस्त्री उद्योग की युवा पीढ़ी का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। वह लंबे समय तक टाटा समूह के निदेशक मंडल में रहे। बाद में उन्हें टाटा समूह का प्रमुख बनाया गया। वह मृदु भाषी थे। उन्हें बहुत थोड़े समय के लिए टाटा का नेतृत्व करने का अवसर मिला और उन्होंने अच्छा काम किया।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, साइरस मिस्त्री के असामयिक निधन से स्तब्ध हूं। शोकाकुल परिवार के प्रति मेरी संवेदना। मैं भगवान से प्रार्थना करती हूं कि उन्हें इस दुख को सहने की शक्ति दे। उनकी आत्मा को शांति मिले। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट किया, साइरस मिस्त्री जी के आकस्मिक निधन की खबर से स्तब्ध हूं। यह देश के कारोबारी समुदाय के लिए एक बहुत बड़ी क्षति है। शोक संतप्त परिवार के प्रति मेरी संवेदनाएं।

# मिस्त्री ने सम्मान के लिए टाटा समूह से लड़ी थी जंग

**मुंबई।** टाटा संस का चेयरमैन नियुक्त होने के पहले तक साइरस मिस्त्री अधिक जाना-पहचाना चेहरा नहीं थे। उस समय तक वह सिर्फ अपने पारिवारिक कारोबार तक ही सीमित थे। वर्ष 2012 में जब मिस्त्री सिर्फ 44 साल की उम्र में टाटा संस के चेयरमैन बनाए गए तो वह शापूरजी पलोनजी ग्रुप की कंपनियों की अगुवाई कर रहे थे। इतनी कम उम्र में उन्होंने 100 अरब डॉलर से अधिक कारोबार वाले टाटा समूह के मुखिया के तौर पर रतन टाटा जैसे दिग्गज की जगह ली थी। ऐसी चर्चा थी कि टाटा समूह की प्रतिनिधि कंपनी टाटा संस की बागडोर संभालने को लेकर मिस्त्री अनिच्छुक थे। लेकिन खुद रतन टाटा ने उन्हें इस चुनौती को स्वीकार करने के लिए मना लिया था।



टाटा संस के चेयरमैन के तौर पर वह चार साल तक पद पर रहे और अक्टूबर 2016 में उन्हें अचानक ही पद से हटा दिया गया। अंदरूनी मतभेदों के बाद न सिर्फ मिस्त्री को चेयरमैन पद से हटाया गया बल्कि खुद रतन टाटा ने कुछ समय के लिए इसकी कमान संभाली। बाद में एन चंद्रशेखरन को टाटा संस का चेयरमैन बना दिया गया। बॉम्बे हाउस के फैंटम कहे जाने वाले पलोनजी शापूरजी मिस्त्री भी उस समय अपने बेटे साइरस की मदद नहीं कर पाए थे। साइरस ने टाटा संस के निदेशक मंडल पर गंभीर आरोप लगाए थे। उस समय तीखा मोड़ ले लिया जब साइरस मिस्त्री ने चेयरमैन पद से अपनी बर्खास्तगी को अदालत में चुनौती दी। उनका कहना था कि टाटा संस का निदेशक मंडल कुछ महीने पहले तक उनके काम की तारीफ कर रहा था लिहाजा उन्हें अचानक हटाए जाने के कारण बताए जाएं।

टाटा संस में सर्वाधिक 18 प्रतिशत की हिस्सेदारी रखने वाले मिस्त्री परिवार ने इस विवाद के गहराने के बाद अपनी समूची हिस्सेदारी की बिक्री तक की पेशकश कर दी थी। इससे टाटा संस के मूल्यांकन को लेकर अटकलें लगने लगी थीं। टाटा समूह की कमान संभालने के दौरान मिस्त्री महत्वपूर्ण फैसलों के क्रियान्वयन के लिए काफी हद तक एक समूह कार्यकारी परिषद पर निर्भर थे। इस परिषद में टाटा समूह के भीतर से चुने हुए प्रतिनिधियों के अलावा अकादमिक जगत के भी लोग थे। उस समय मिस्त्री को एक ऐसा गंभीर बैक-रूम कार्यकारी माना गया जो तीक्ष्ण बुद्धि रखता है। स्वाभाव से एकांत पसंद मिस्त्री अपने काम के जरिए ही बोलने में यकीन रखते थे। इस वजह से उनके बारे में बहुत कम जानकारी ही सामने आ पाती थी। बॉम्बे हाउस में पदासीन रहते समय मीडिया को एक भी साक्षात्कार नहीं दिया था पद से हटते ही वह खुलकर बोलने लगे। बॉम्बे डाइंग के नुस्ली वाडिया और राकांपा प्रमुख शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले के अलावा मिस्त्री का साथ देने के लिए कॉरपोरेट जगत का कोई भी बड़ा नाम सामने नहीं आया था।

# वरिष्ठ अमेरिकी राजनयिक इस सप्ताह आएंगे भारत

● दिल्ली में होगी अमेरिका भारत टू प्लस टू अंतरसत्रीय बैठक, समुद्री सुरक्षा वार्ता

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका** का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को प्रगाढ़ करने और स्वतंत्र एवं खुले, लचीले और सुरक्षित हिंद-प्रशांत क्षेत्र को समर्थन देने के लिए, सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा के वास्ते सोमवार से भारत का दौरा करेगा। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के सहायक विदेश मंत्री के नेतृत्व में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल पांच से आठ सितंबर तक भारत का दौरा करेगा। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व डोनाल्ड लू करेंगे। मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि इसका उद्देश्य अमेरिका-भारत व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को प्रगाढ़ करना है। मंत्रालय ने कहा कि लू पूर्वी एशियाई और प्रशांत मामलों के ब्यूरो के लिए उप सहायक विदेश मंत्री कैमिली डावसन के साथ क्वाड के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में शामिल होंगे और अमेरिका-भारत टू प्लस टू अंतरसत्रीय बैठक के लिए हिंद-प्रशांत सुरक्षा मामलों के रक्षा सहायक मंत्री एली रैटनर के साथ समुद्री सुरक्षा वार्ता में शामिल होंगे।विदेश मंत्रालय ने कहा, प्रतिनिधिमंडल वरिष्ठ भारतीय अधिकारियों के साथ उन तरीकों पर चर्चा करेगा कि कैसे अमेरिका और भारत एक स्वतंत्र एवं खुले, जुड़े, समृद्ध, लचीले और सुरक्षित हिंद-प्रशांत क्षेत्र का समर्थन करने के लिए अपने सहयोग का विस्तार कर सकते हैं तथा जहां मानवाधिकारों का सम्मान हो। भारत, अमेरिका और कई अन्य विश्व शक्तियां संसाधन संपन्न क्षेत्र में चीन के बढ़ते सैन्य युद्धाभ्यास की पृष्ठभूमि में एक स्वतंत्र, खुले और समृद्ध हिंद-प्रशांत को सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर देने की बात कर रही हैं। चीन पूरे दक्षिण चीन सागर पर अपना दावा करता है, वहीं ताइवान, फिलीपीन, ब्रुनेई, मलेशिया और वियतनाम भी इसके कुछ हिस्सों पर दावा करते हैं। बीजिंग ने दक्षिण चीन सागर में कृत्रिम द्वीप और सैन्य प्रतिष्ठान बनाए हैं। लू महिला उद्यमियों के साथ अमेरिका-भारत महिला आर्थिक सशक्तीकरण गठबंधन के तहत एक कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। इस आयोजन का उद्देश्य कार्यबल में महिलाओं की सार्थक भागीदारी के माध्यम से आर्थिक सुरक्षा बढ़ाना है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह वरिष्ठ व्यावसायिक अधिकारियों के साथ एक गोलमेज चर्चा में भी शामिल होंगे।पिछले महीने, अमेरिकी वित्त मंत्रालय के उप मंत्री वैली अडेमो ने भारत का दौरा किया और भारतीय नीति निर्माताओं के साथ यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बीच खाद्य असुरक्षा और उच्च ऊर्जा कीमतों जैसी वैश्विक चुनौतियों से संयुक्त रूप से निपटने के तरीकों पर चर्चा की।अडेमो ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्रा, वित्त सचिव अजय सेठ, विदेश सचिव विजय क्वात्रा और पेट्रोलियम सचिव पंकज जैन से मुलाकात की थी।अमेरिकी वित्त मंत्रालय द्वारा 26 अगस्त को एक विज्ञप्ति में कहा गया कि अडेमो ने क्वाड और हिंद-प्रशांत आर्थिक ढांचे जैसे मंचों के माध्यम से पहले से ही मजबूत अमेरिका-भारत संबंधों को और गहरा करने के महत्व को भी रेखांकित किया।

## भारतीय मूल की प्रोफेसर को इमर्जिंग लीडर इन हेल्थ एंड मेडिसिन स्कॉलर चुना गया

**ह्यूस्टन।** भारतीय मूल की प्रोफेसर स्वाति अरूर को नेशनल अकैडमी ऑफ मेडिसिन (एनएएम) ने वर्ष 2022 के लिए इमर्जिंग लीडर इन हेल्थ एंड मेडिसिन स्कॉलर चुना है। अरूर टेक्सास विश्वविद्यालय में एमडी एंडरसन कैंसर सेंटर में जेनेटिक्स की प्रोफेसर और उपाध्यक्ष हैं। एमडी एंडरसन की स्थापना 2016 में हुई थी और अरूर इस प्रतिष्ठित समूह में शामिल की जाने वाली फैकल्टी की पहली सदस्य हैं। स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार को लेकर उनका जुनून तब से जगजाहिर है जब वह 1991-1994 में दिल्ली विश्वविद्यालय में स्नातक कर रही थीं और उन्होंने एचआईवी पीड़ित बच्चों की बेहतर देखभाल के लिए एक गैर सरकारी संगठन की शुरुआत की थी। अरूर ने 2001 में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) से माइक्रोबायलॉजी में पीएचडी किया और इसके बाद कनेक्टिकट विश्वविद्यालय से परास्नातक की पढ़ाई की।



जार्डन वेली में अटेक करने की तैयारी करती इसरायल की सेना




वेनिस फिल्म फेस्टिवल में फिल्म लेइमिनस्टा के कलाकार फोटो पोज देते हुए

## भारतीय थल सेना प्रमुख जनरल पांडे पांच दिन की यात्रा पर नेपाल पहुंचे

भाषा। काठमांडू

**भारत** के थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे रविवार को यहां पांच दिन की आधिकारिक यात्रा पर पहुंचे, जिसमें वह देश के शीर्ष सैन्य और असैन्य नेतृत्व के साथ विचार-विमर्श करेंगे। नेपाल के उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल बाल कृष्ण कारकी ने यहां त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने पर जनरल पांडे की अगवानी की। जनरल पांडे को इस यात्रा के दौरान सोमवार को काठमांडू में एक समारोह में राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी नेपाली सेना के जनरल की मानद उपाधि प्रदान करेंगी। यह परंपरा 1950 में शुरू हुई थी। इसके तहत भारत भी नेपाली सेना प्रमुख को भारतीय सेना के जनरल की मानद उपाधि प्रदान करता है। नेपाल के सेना प्रमुख जनरल प्रभुराम शर्मा ने पिछले साल नवंबर में भारत के सेना प्रमुख के निमंत्रण पर भारत का दौरा किया था। उन्हें इस यात्रा के दौरान भारतीय सेना के जनरल की मानद उपाधि प्रदान की गई थी। जनरल पांडे इस दौरान वह पड़ोसी देश के असैन्य और सैन्य अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर विचार-विमर्श करेंगे। जनरल पांडे की काठमांडू में होने वाली चर्चा में अग्निपथ योजना के तहत भारतीय सेना में नेपाल के गोरखा जवानों को शामिल किए जाने का विषय भी आ सकता है। खबरों के अनुसार, नेपाल ने भारत से कहा है कि नई योजना के तहत भर्ती मौजूदा प्रावधानों के अनुरूप नहीं है।जनरल पांडे इस यात्रा में राष्ट्रपति भंडारी तथा प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा से मुलाकात करेंगे और नेपाल के सेना प्रमुख जनरल प्रभुराम शर्मा से व्यापक चर्चा के साथ ही नेपाल के वरिष्ठ सैन्य एवं असैन्य नेताओं के साथ भी बैठक करेंगे।अपनी इस यात्रा में वह नेपाली सेना के मुख्यालय का भी दौरा करेंगे, जहां वह शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देंगे और बल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत करेंगे।

## ग्लोबल स्टूडेंट प्राइज के अंतिम 10 में भारतीय मानसिक स्वास्थ्य प्रचारक शामिल

भाषा। लंदन

**पोषण** से लेकर मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करने वाली भारत की एक छात्रा को चेग डॉट ओआरजी ग्लोबल स्टूडेंट प्राइज 2022 के लिए शीर्ष अंतिम 10 की सूची में शामिल किया गया है। इसके तहत 100,000 अमेरिकी डॉलर का पुरस्कार दिया जाता है। गोवा में बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस की छात्रा अनघा राजेश को 150 देशों से मिलीं 7,000 से अधिक प्रविष्टियों में से चुना गया है। वह एक शोधकर्ता, कथाकार हैं और समुदाय निर्माण के क्षेत्र में काम करती हैं, जिन्होंने पोषण से लेकर मानसिक स्वास्थ्य और उद्यमिता तक कई योजनाओं पर काम किया है। गैर-लाभकारी संगठन योर्स माइंडफुल की संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के रूप में उनका लक्ष्य मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में जागरूकता, समावेश और पहुंच की खाई को पाटना है। राजेश ने इस सप्ताह अंतिम प्रतियोगियों की सूची में अपने नाम की पुष्टि के बाद कहा, योर्स माइंडफुल में अपनी टीम के साथ मैं यह सुनिश्चित करने का प्रयास करती हूं कि हर जगह युवाओं की व्यक्तिगत मानसिक स्वास्थ्य संसाधनों तक पहुंच हो।

मैं दुनिया भर के अन्य सभी शीर्ष 10 अंतिम सूची के प्रतियोगियों को भी बधाई देना चाहती हूं, जो हमारी दुनिया को बेहतर बनाने में मदद कर रहे हैं। युवा लोगों की आवाज सुनी जानी चाहिए। योर्स माइंडफुल के माध्यम से राजेश पूरे भारत, संयुक्त अरब अमीरात, अफ्रीका और ब्रिटेन के 40 युवाओं की एक टीम के साथ काम करती हैं, जो मानसिक स्वास्थ्य समावेशन की वकालत करते हैं। इस साल की शुरुआत में योर्स माइंडफुल ने महिला कार्यकर्ताओं के लिए मलाला फंड के साथ साझेदारी की। एडटेक चेग के सीईओ और अध्यक्ष डैन रोसेनस्विग ने कहा, अब, पहले से कहीं अधिक, अनघा जैसे छात्र अपनी कहानियों को बताने और अपनी आवाज सुनाने में सुक्षम हुए हैं। आखिरकार, हमें उनके सपनों, उनकी अंतर्दृष्टि का हमारी दुनिया के सामने आने वाली चुनौतीपूर्ण एवं तत्कालिक चुनौतियों से निपटने के लिए उनकी रचनात्मकता का इस्तेमाल करने की आवश्यकता है। इन प्रतियोगियों में भारतीय मूल की अमेरिकी गीतांजलि राव और कनाडा की केनिशा अरोड़ा भी शामिल हैं। सूची में मलेशिया से एलेसिया आसा, यूक्रेन से इगोर क्लिमेंको, ब्राजील से लुकास तेजेडोर, घाना से माथियास चार्ल्स याबे, यूएई से माया ब्रिजमैन, ऑस्ट्रेलिया से नाथन गुएन और अर्जेंटीना से निकोलस अल्बर्टो मोनजोन शामिल हैं।

# हवाईअड्डों पर सीआईएसएफ के 3,000 पद हुए खत्म

भाषा। नई दिल्ली

**सरकार** ने भारतीय हवाईअड्डों पर सुरक्षा ढांचे में बड़ा बदलाव करते हुए 3,000 से अधिक सीआईएसएफ पदों को खत्म कर दिया है। अब उनकी जगह हवाईअड्डों पर गैर-संवेदनशील ड्यूटी निजी सुरक्षा गार्ड करेंगे। नागर विमानन मंत्रालय तथा गृह मंत्रालय की तरफ से संयुक्त रूप से तैयार 2018-19 कार्य योजना को अब देश भर के 50 असैन्य हवाईअड्डों पर लागू किया जा रहा है। इसका क्रियान्वयन नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) मिलकर करेंगे। विमानन सुरक्षा के नियामक संगठन बीसीएएस की योजना के मुताबिक, सीआईएसएफ के कुल 3,049 विमानन सुरक्षा पदों को खत्म कर दिया गया है और उनकी जगह पर 1,924 निजी सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाएंगे। इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरे और सामान के स्कैनर जैसी स्मार्ट निगरानी तकनीकों का भी इस्तेमाल किया जाएगा। एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने कहा, इस नए सुरक्षा ढांचे से विमानन क्षेत्र में 1,900 से अधिक नौकरियां पैदा होंगी। इससे सीआईएसएफ के मानव संसाधन भी बढ़ेंगे जिससे यह बल सुरक्षा दायरे में आने वाले नए हवाईअड्डों और मौजूदा हवाईअड्डों पर सुरक्षा ड्यूटी की बढ़ती जरूरतों को पूरा कर सकेगा। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था से हवाईअड्डों के संचालकों का विमानन सुरक्षा पर होने वाला खर्च भी कुछ कम होगा। एक विश्लेषण में पाया गया है कि कई गैर-संवेदनशील कामों के लिए सशस्त्र सीआईएसएफ जवानों की जरूरत नहीं है और ऐसे काम निजी सुरक्षाकर्मी भी कर सकते हैं जबकि कुछ क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाकर निगरानी की जा सकती है। बीसीएएस के संयुक्त महानिदेशक जयदीप प्रसाद ने पीटीआई-भाषा से कहा कि निजी सुरक्षा एजेंसियों और उनके कर्मियों को मंजूरी बीसीएएस देगा और वे विमानन सुरक्षा के लिए बने नियमों से संचालित होंगे। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि दिल्ली, मुंबई तथा अन्य हवाईअड्डों पर गैर-संवेदनशील ड्यूटी के लिए निजी सुरक्षाकर्मी लगाए गए हैं। इनमें कतार प्रबंधन, एयरलाइन कर्मियों और यात्रियों को सुरक्षा सहायता और टर्मिनल क्षेत्र के भीतर कुछ स्थानों पर निगरानी जैसे काम शामिल हैं। इसके साथ ही अधिकारी ने यह साफ किया कि हवाईअड्डा में प्रवेश पर यात्रियों के विवरण की जांच, यात्रियों की जांच, तोड़फोड़-रोधी अभियान, आगे की जांच और सभी आतंकवाद-रोधी सेवाएं सीआईएसएफ पहले की ही तरह देती रहेगी।

# पहली तिमाही में जीडीपी वृद्धि उम्मीद से कम, चिंता का कारण: सुब्बाराव

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय** रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर डी सुब्बाराव ने रविवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में वृद्धि दर उम्मीद से कम रही है, जो निराशा और चिंता का कारण है। चालू वित्त वर्ष 2022-23 की अप्रैल-जून तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 13.5 प्रतिशत रही है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में अर्थव्यवस्था कोविड-19 महामारी की वजह से बुरी तरह प्रभावित रही थी। सुब्बाराव ने कहा कि अप्रैल-जून तिमाही में उन्हें वृद्धि दर के 13.5 प्रतिशत से अधिक रहने का अनुमान था। उन्होंने पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में कहा, अर्थव्यवस्था ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 13.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जो किसी अन्य परिस्थिति में बहुत खुशी की बात होती। इसके साथ ही उन्होंने कहा, मौजूदा हालात में यह निराशा और चिंता का कारण बन गया है। उन्होंने कहा कि इस तिमाही में बड़ी छलांग की उम्मीद थी। सुब्बाराव ने कहा कि पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद की यह वृद्धि दर चिंता का कारण बन गई है क्योंकि प्रमुख संकेतकों के विपरीत, वास्तविक वृद्धि दर कम रही है। इससे आगे की तिमाहियों में वृद्धि दर में और गिरावट की आशंका भी पैदा होती है। आरबीआई के पूर्व गवर्नर ने कहा, "यह निराशाजनक है क्योंकि पिछले साल की पहली तिमाही के महामारी के डेल्टा लहर के कारण बुरी तरह प्रभावित रहने से इस साल की पहली तिमाही में अर्थव्यवस्था के जोरदार वापसी की उम्मीद थी" उन्होंने कहा कि अल्पावधि में देश में वृद्धि पूर्वानुमान उच्च जिंस कीमतों, वैश्विक मंदी की आशंका, आरबीआई द्वारा मौद्रिक सख्ती और एक असमान मानसून से प्रभावित हो सकते हैं। असमान मानसून से फसल उत्पादन, विशेष रूप से चावल का उत्पादन प्रभावित हो सकता है। आरबीआई ने अप्रैल-जून 2022 तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 16.2 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया हुआ था। वहीं समूचे वित्त वर्ष के लिए उसने 7.2 फीसदी की वृद्धि का अनुमान जताया है।

### सरकार को व्यवसाय नहीं करना चाहिए, कराधान से औद्योगिक वृद्धि नहीं हो सकती: मारुति चेयरमैन

**नई दिल्ली।** सरकार को व्यवसाय नहीं करना चाहिए, क्योंकि सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां अक्षम हैं और अपनी वृद्धि के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं जुटा सकती हैं। मारुति सुजुकी इंडिया के चेयरमैन आर सी भार्गव ने यह बात कही। उन्होंने एक साक्षात्कार में पीटीआई-भाषा को बताया कि सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों को वृद्धि के लिए हर समय समर्थन की जरूरत है और पूंजी निवेश के लिए सरकार से धन की जरूरत है। उन्होंने कहा, मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि सरकार को व्यवसाय में नहीं होना चाहिए। किसी भी सूरत में नहीं। उनसे पूछा गया था कि तत्कालीन सरकारी स्वामित्व वाली मारुति उद्योग लिमिटेड के मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड में बदलने के उनके अनुभव के मद्देनजर क्या सरकार को व्यवसाय करना चाहिए। मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड अब जापान के सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन के स्वामित्व में है। उन्होंने आगे कहा, सच्चाई यह है कि सरकार द्वारा चलाई जाने वाली कंपनियां कुशल नहीं हैं। उनके पास उत्पादकता नहीं है। वे मुनाफा पैदा नहीं करती हैं। वे संसाधन नहीं जुटाती हैं। वे बढ़ती नहीं हैं। उन्हें वृद्धि के लिए हर वक्त सरकार के समर्थन की जरूरत रहती है। भार्गव ने जोर दिया, आप कराधान से औद्योगिक वृद्धि नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि औद्योगिक वृद्धि आंतरिक संसाधनों से होती है और किसी भी कंपनी को धन का सृजन करना चाहिए और धन का क्षरण नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों का समर्थन करने के लिए करदाताओं के धन का इस्तेमाल होता है। उन्होंने तत्कालीन मारुति उद्योग लिमिटेड का हवाला देते हुए कहा कि उस समय हमें कई गैर-मूल्य वर्धित गतिविधियां करनी होती थीं, जिन्होंने कंपनी को आगे बढ़ने से रोका। भार्गव ने हालांकि कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की विफलता सिर्फ भारत में नहीं हुई, बल्कि रूस, ब्रिटेन, फ्रांस और जापान में भी ऐसा देखने को मिला।

## ईडी की जांच के दायरे में आए किसी भी मर्चेंट से हमारा जुड़ाव नहीं: पेटीएम

भाषा। नई दिल्ली

**डिजिटल** भुगतान मंच पेटीएम की संचालक कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड ने रविवार को उन मर्चेंट से किसी भी तरह का संबंध होने से इनकार किया जो चीनी कर्ज ऐप मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच के दायरे में हैं।कंपनी ने कहा कि ईडी ने जिन कोष पर भी रोक लगाई हैं उनमें से कोई भी समूह या समूह की किसी कंपनी से संबंधित नहीं है। पेटीएम ने शेयर बाजारों को दी गई सूचना में कहा, कुछ मर्चेंट के खिलाफ जारी जांच के सिलसिले में ईडी ने उन मर्चेंट से जुड़ी जानकारियां मांगी थी जिन्हें हम भुगतान समाधान देते हैं। हम यह स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि ए मर्चेंट स्वतंत्र निकाय हैं और इनमें से कोई भी हमारे समूह की इकाई नहीं है। ईडी ने शनिवार को कहा था कि चीनी नागरिकों के नियंत्रण वाले ऐप आधारित त्वरित ऋण आवंटन में कथित अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में ऑनलाइन भुगतान मंचों रेजरपे, पेटीएम और कैशफ्री के बेंगलुरु स्थित परिसरों पर छापेमारी की गई है। पेटीएम ने कहा, ईडी ने कुछ मर्चेंट निकायों की मर्चेंट आईडी से कुछ राशि पर रोक लगाने का निर्देश दिया था। हम बताना चाहते हैं कि इनमें से कोई भी कोष, जिन पर रोक लगाने का निर्देश दिया गया है वह पेटीएम या हमारे समूह की किसी भी कंपनी से संबंधित नहीं है। प्रवर्तन निदेशालय ने कहा कि छापेमारी में चीन के व्यक्तियों द्वारा नियंत्रित इन कंपनियों के मर्चेंट आईडी और बैंक खातों में जमा 17 करोड़ रुपए जब्त किए गए हैं। एजेंसी ने आरोप लगाया कि ए कंपनियां भारतीय नागरिकों के फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल करके उन्हें फर्जी तरीके से निदेशक बनाती हैं जबकि इन कंपनियों का नियंत्रण एवं परिचालन चीन के लोग करते हैं। उसने बताया कि जांच के दायरे में आई ए कंपनियां भुगतान सेवा कंपनियों और बैंकों से जुड़ी मर्चेंट आईटी या खातों का इस्तेमाल करके अपराध का धन जुटा रही थीं और इन कंपनियों ने जो पते दिए थे, वे भी फर्जी हैं।

## अडाणी को एनडीटीवी के शेयर हासिल करने के लिए आयकर विभाग की मंजूरी जरूरी नहीं: समूह

भाषा। नई दिल्ली

**अडाणी** समूह का मानना है कि एनडीटीवी में हिस्सेदारी हासिल करने के लिए कर अधिकारियों की मंजूरी जरूरी नहीं है और उसके ऐसा करने पर आयकर विभाग की तरफ से कोई प्रतिबंध नहीं है। इस संबंध में अडाणी समूह ने एक बयान जारी किया और कर विशेषज्ञों ने इस बात का समर्थन भी किया है। अडाणी समूह ने बीते दिनों एक कम चर्चित फर्म वीसीपीएल का अधिग्रहण किया, जिसने एक दशक से अधिक समय पहले एनडीटीवी के संस्थापकों को वारंट के बदले में 403 करोड़ रुपए से अधिक का ऋण दिया था। कर्ज न चुकाने की सूरत में वीसीपीएल को समाचार समूह में 29.18 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने की अनुमति मिली थी। अडाणी ने वीसीपीएल के इस अधिकार का प्रयोग किया है, लेकिन एनडीटीवी का कहना है कि इस तरह के अधिग्रहण पर आयकर अधिकारियों ने रोक लगा दी है। अडाणी समूह ने एक बयान में कहा कि विश्वप्रधान कमर्शियल प्राइवेट लिमिटेड (वीसीपीएल) ने बताया कि आयकर विभाग के आदेश केवल एनडीटीवी में आरआरआरपी होल्डिंग प्राइवेट लिमिटेड (एनडीटीवी के एक प्रवर्तक) के शेयरों पर लागू होते हैं और इससे किसी भी तरह वीसीपीएल को इक्विटी शेयरों का आवंटन प्रतिबंधित नहीं होता है। समूह ने वीसीपीएल से मिले जवाब का हवाला देते हुए कहा कि आयकर विभाग के आदेश केवल आरआरपीआर के खिलाफ जारी किए गए हैं और ऐसा उक्त एनडीटीवी शेयरों पर आरआरपीआर के निरंतर स्वामित्व को सुरक्षित करने के लिए किया गया। आयकर विभाग के आदेश व्यक्तिगत रूप से प्रणय रॉय और राधिका रॉय के खिलाफ जारी नहीं किए गए हैं। इस मुद्दे पर कर विशेषज्ञों ने भी अडाणी समूह का समर्थन किया है। नांगिया एंडरसन एलएलपी के पार्टनर विश्वास पंजियार ने कहा कि एनडीटीवी द्वारा अपनाई गई स्थिति आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 281 के प्रावधानों की त्रुटिपूर्ण व्याख्या पर आधारित लगती है। इसी तरह के विचार साझा करते हुए सुदित के पारेख एंड कंपनी एलएलपी की पार्टनर अनीता बसरूर ने कहा कि धारा 281 तब लागू होती है, जब किसी संपत्ति का हस्तांतरण होता है या जब किसी संपत्ति पर शुल्क लगाया जाता है। उन्होंने कहा कि मौजूदा मामले में वीसीपीएल द्वारा रखे गए वारंट को आरआरपीआरएच के इक्विटी शेयरों में परिवर्तित किया जा रहा है। यह कोई हस्तांतरण नहीं है, बल्कि लेकिन नए शेयर जारी किए जा रहे हैं।


ICICI Bank

**शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी**

[ नियम 8 (6) का परंतुक देखें ]

**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियम, 2002 की धारा 8(6) के साथ अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्जदार एवं जमानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है, उनका **भौतिक कब्ज़ा** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा **"जहाँ है, जैसी है", "जैसी है, वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है"**, के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :-

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | पंकज शर्मा (कर्जदार), मोनिका शर्मा, (जमानतदार) LBGUR00002370762 | फ्लैट नंबर 109, टाइप एस एचआईजी- 2, पहली मंज़िल, महागुन मेन्शन, प्लॉट नंबर 1/4 पर, वैभव खंड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद और/ या फ्लैट नंबर 109, ब्लॉक मिलानो, टाइप एस, एचआईजी 2, महागुन मेन्शन, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, क्षेत्रफल- 2585 वर्ग फीट | रु. 1,29,07, 714.85 (अगस्त 30, 2022 तक) | रु. 1,05,00, 000/- / रु. 10,50, 000/- | सितंबर 12, 2022 को दो. 01:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | सितंबर 27, 2022 सु. 11:00 बजे से दो. 12:00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट **(URL Link https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **सितंबर 26, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर इस संरक्षित सम्पत्ति की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** में **सितंबर 26, 2022** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज सहित **सितंबर 26, 2022** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **सितंबर 26, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।

संपत्ति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **9372730494/ 7304914763** पर संपर्क करें।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसियाँ **1. मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड, 2. ओगीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड**, इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न हैं।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। बिक्री की विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।

तिथि : सितंबर 05, 2022
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# ढोल-नगाड़ों के बीच बप्पा की विदाई

## भव्य शोभायात्रा के साथ लालबाग का राजा की प्रतिमूर्ति का लक्ष्मीकुण्ड मे हुआ विसर्जन

## नासिक के कलाकारों ने काशी के आमजनो का मनमोहा

## श्री काशी मराठा गणेश उत्सव समिति का पांच दिवसीय आयोजन का हुआ अवसान

पायनियर समाचार सेवा ।वाराणसी





**आसभैरो** अग्रवाल भवन मे स्थापित मुम्बई के सुप्रसिद्ध लालबाग का राजा की प्रतिमूर्ति श्री गणेश जी का रविवार पांचवा सुबह श्री गणेश जी प्रियभोग मोदक के साथ महाआरती समिति अध्यक्ष सुहास पाटिल, महामंत्री अन्ना मोरे, कोषाध्यक्ष हनुमान शिंदे महंत संतोष दास ने की ।दोपहर भव्य शोभायात्रा श्री गणेश जी की आसभैरो से निकला जो विभिन्न प्रकार के फूलो सें सुसज्जित रथ पर लालबाग का राजा को समिति वरिष्ठ संरक्षक माणिक राव पाटिल संरक्षक संतोष पाटिल ने आरूढ़ कराया,तथा आरती की गयी, शोभायात्रा मे शामिल भक्तगण पारम्परिक वेशभूषा में रहे, महाराष्ट्र नासिक के अस्सी सदस्यीय दल ढोल ताशा पर रास्ते विभिन्न कलाओ का प्रदर्शन कर काशी के आमजन का मनमोह लिया! शोभायात्रा आसभैरो से शुरू होकर चौक,बासफाटक, गोदौलिया, गिरिजाघर, लक्सा होते हुए लक्ष्मीकुण्ड पहुंचा, समिति अध्यक्ष सुहास पाटिल ने श्री गणेश जी को अगले वर्ष फिर आने का निमंत्रण दिया तथा आरती की,साथ मे विसर्जन सम्पन्न हुआ। शनिवार को सांय हल्दी कुमकुम, फैंसी डेस,डांस प्रतियोगिता मे 98 प्रतिभागी शामिल हुए। समारोह का संचालन चक्रवती विजय नावड,धन्यवाद प्रकाश महामंत्री अन्ना मोरे ने किया।

**गणेश उत्सव में पत्रिका ज्ञानगंगा के नवीन अंक का भी हुआ लोकार्पण :** नूतन बालक गणेशोत्सव समाज सेवा मंडल द्वारा मनाए जा रहे 114 वें गणेशोत्सव के चतुर्थ दिन प्रातः वेदमूर्ति वीरेश्वर नारायण दातार व पंडित हेमंत जोशी जी के आचार्यत्व में भगवान गणेश का षोडशोपचार पूजन व भगवान गणेश का काजू से सहस्त्रनामार्चन किया गया । मुख्य यजमान ऋत्विक रामकृष्ण बापट व अनंत राम बक्षी थे । सायं संस्थापित संस्था गणेश विद्या मंदिर कन्या इंटरमीडिएट कॉलेज का वार्षिकोत्सव प्रदेश सरकार में आयुष मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' के मुख्य आथित्य में मनाया गया । इस अवसर पर विद्यालय की पत्रिका ज्ञानगंगा के नवीन अंक का भी लोकार्पण हुआ । वार्षिक उत्सव कार्यक्रम की प्रस्तुति गणेश वंदना, सरस्वती वन्दना, कुलगीत, स्वागत नृत्य, गणेश वंदना, भजन, कव्वाली, नारी सशक्तिकरण पर आधारित नृत्य व गांधी जी पर आधारित लघु नाटिका प्रस्तुत की गई थी । इसमें अभिषेक, आदर्श, अदिति, आदित्य, आकांक्षा, अनन्या, अंजलि, अंश, आन्या, बेबी डाली, गौरी, जान्हवी, खुशबू, खुशी, कोमल, लक्ष्मी, मानसी, मुस्कान, परिधि, पियूष, प्रभावती, प्रिया, पूजा, राहुल, रोहित, संध्या, सलोनी विश्वकर्मा, सेजल, श्रद्धा, श्रेया, सीमा सोना, तान्या और वैष्णवी ने भाग लिया । रात्रौ डॉक्टर रामचंद्र कृष्ण भागवत व अभय माणके जी के निर्णायकत्व में कनिष्ठ पद्यगान प्रतियोगिता और तत्पश्चात स्वर्गीय सौ. रमाबाई पुराणिक स्मृति वरिष्ठ पद्यगान प्रतियोगिता आयोजित की गई । इस अवसर पर भगवान गणेश का विशेष श्रृंगार जूही, बेला, गुलाब के फूलों से किया गया ।

## स्वामी हरसेवानन्द पब्लिक स्कूल में मनाया गया शिक्षक-दिवस समारोह



**वाराणसी**। कोरोना काल की कठिन परिस्थितियों में बेपटरी हो गयी विद्यार्थियों की रेल को बड़े ही सलीके से पटरी पर लाकर दौड़ाने का कार्य शिक्षक समुदाय ने किया। जिससे इनकी महती भूमिका परिलक्षित होती है। यह उद्गार स्वामी हरसेवानन्द पब्लिक स्कूल के प्रबन्धक बाबा प्रकाशध्यानानन्द ने व्यक्त किया, मौका था शिक्षक-दिवस समारोह का। समारोह की शुरूआत स्वामी हरसेवानन्द पब्लिक स्कूल बनपुरवां के प्रांगण में शिक्षाविद् डॉ0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन से हुई। इन विपरीत परिस्थितियों में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन कर विद्यालय प्रबन्धन ने एक नई उर्जा का संचार किया। उक्त कार्यक्रम में सभी शाखाओं के शिक्षक, शिक्षिका व शिक्षणेत्तर कर्मचारी शामिल होकर आयोजन का लुत्फ उठाते नजर आये। प्रबन्धन की ओर से आमंत्रित सभी शिक्षक, शिक्षिका व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को पुष्पाहार, अंगवस्त्रम् व उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वाराणसी, मीरजापुर, सोनभद्र की सभी शाखाओं से आये लगभग 250 शिक्षकों के समूह को सम्मानित कर उन्हें सम्बोधित करते हुए प्रबन्धक बाबा प्रकाशध्यानानन्द ने कहा कि विगत वर्षों से आयी शैक्षणिक जगत की खामोशी को तोड़कर फिर से भारत को विश्वगुरू बनाने की दिशा में शिक्षकों को पहल करनी होगी। क्योंकि शिक्षक शैक्षणिक व्यवस्था में मेरूरज्जु के समान कार्य करते हैं।

## डिजिटल यात्रा को सक्षम बनाने के लिए विशेष पहल

**वाराणसी।** जैसा कि हमारे डिजिटल यात्रा को और अधिक डिजिटल रूप से जुड़ने के लिए तथा विभिन्न प्रकार के खेल गेम और पढ़ाई संबंधित विभिन्न प्रकार की जानकारियां हमें भी वी ऐप के माध्यम से मिलती रहती हैं और अब इसी कड़ी में खेल के भी विभिन्न प्रारूप से जुड़ सकते है। उपभोक्ताओं की बदलती ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने वी ऐप पर वी गेम्स के तहत मल्टीप्लेयर एवं कॉम्पीटेटिव गेमिंग कंटेंट का लॉन्च किया है। आने वाले समय में इसकी लोकप्रियता और अधिक बढ़ेगी बल्कि हमारी डिजिटल यात्रा को और अधिक सक्षम बनाने में भी योगदान देगी।

## नीति मोहन बनीं सारेगामापा लिटिल चौंप्स की जज

**वाराणसी।** पछले आठ सीजन्स को मिले जबर्दस्त रिस्पॉन्स के बाद अब ज़ी टीवी अपने पॉपुलर नॉन-फिक्शन शो सारेगामापा लिटिल चौंप्स का 9वां सीज़न लॉन्च करने जा रहा है।आगामी सीज़न के जजों के रूप में बॉलीवुड के लेजेंडरी सिंगर-कंपोज़र शंकर महादेवन और जाने-माने म्यूज़िक कंपोज़र अनु मलिक के नाम की घोषणा करने के बाद अब पॉपुलर सिंगर नीति मोहन भी इस पैनल में शामिल हो गई हैं। जहां नीति कुछ शोज़ की जज रह चुकी हैं और उन्होंने मेरी जान, नैनों वाले ने, तूने मारी एंट्रियां, मेरे यारा, जिया रे और फितूर जैसे कई कमाल के बॉलीवुड गाने गाए हैं, वहीं ज़ी टीवी पर उनका पहला रियलिटी शो होगा। इतना ही नहीं, यह पहली बार है, जब नीति अपनी प्रेग्नेंसी के बाद किसी शो में नजर आएंगी।नीति मोहन ने कहा, ''मैं देश भर से आए सुपर टैलेंटेड लिटिल चौंप्स से मिलने के लिए बेहद उत्साहित हूं क्योंकि वो इतनी कम उम्र में अपनी गायन कुशलता से सभी को प्रभावित करने के लिए जाने जाते हैं।

## ग्रामीण और शहरी लोगों के लिए विशेष सुविधा का शुभारंभ

**वाराणसी।** जैसा कि वर्तमान परिदृश्य में लोगों को अपनी विभिन्न प्रकार की नई तकनीक और नई बेजोड़ अनुभव प्रदान करने के लिए बिगविंग के उद्घाटन पर बात करते हुए श्री आत्सुशी ओगाता, ने एक विज्ञप्ति में बताया की हम अपने उपभोक्ताओं को सही मायनों में बेजोड़ अनुभव प्रदान करने के लिए होण्डा बिगविंग का विस्तार करते हुए आज हमें आजमगढ़ में बिगविंग का उद्घाटन करते हुए बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। इस नए प्रीमियम आउटलेट के माध्यम से हम होण्डा की रोचक मोटर साइकलों उपभोक्ताओं के करीब लाना चाहते हैं और उन्हें प्रीमियम मोटरसाइकलों की मिड-साइज़ रेंज के साथ लाभान्वित करना चाहते हैं।

## आप के राज्यसभा सदस्य और सपा के पूर्व विधायक समेत 14 के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल

**सुलतानपुर।** आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह और समाजवादी पार्टी (सपा) के पूर्व विधायक अनूप संडा समेत 14 लोगों पर वर्ष 2008 में रास्ता जाम कर बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करने के एक मामले में आरोप पत्र दाखिल किया गया है। सिंह के अधिवक्ता मदन सिंह ने रविवार को बताया कि एमपी-एमएलए अदालत के न्यायाधीश योगेश कुमार यादव के समक्ष सिंह और पूर्व विधायक अनूप संडा समेत 14 लोगों पर बिजली विभाग के खिलाफ गलत तरीके से धरना-प्रदर्शन कर अव्यवस्था फैलाने के मामले में शनिवार को आरोप पत्र दाखिल किया गया। इस दौरान सिंह अदालत में हाजिर रहे। गौरतलब है कि वर्ष 2008 में स्थानीय नेता रहे संजय सिंह, सपा के विधायक रहे अनूप संडा और जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव समेत 36 लोगों के खिलाफ शहर के जमाल गेट के सामने सड़क पर बैठकर बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करने के आरोप में मामला दर्ज कराया गया था।

## भाजपा के पूर्व विधायक राम नरेश रावत का निधन

**बाराबंकी।** रायबरेली की बछरावां सीट से भाजपा के पूर्व विधायक रामनरेश रावत का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 60 वर्ष के थे। रावत के पुत्र और भाजपा युवा मोर्चा की बाराबंकी इकाई के मंत्री अरुण रावत ने रविवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि बछरावां से भाजपा के पूर्व विधायक व उनके पिता रामनरेश रावत का तीनाचार सितंबर की दरमियानी रात करीब दो बजे दिल्ली के मैक्स अस्पताल में निधन हो गया। लीवर की बीमारी से परेशान रावत का इलाज मैक्स अस्पताल में चल रहा था। बेहद मृदुभाषी और सरल स्वभाव के लिए काफी लोकप्रिय रहे राम नरेश रावत बाराबंकी जिले के दौलतपुर गांव के मूल निवासी थे। रावत ने 2017 में बछरावां सीट से भाजपा के टिकट पर जीत हासिल की थी। उन्हें 2022 के विधानसभा चुनाव में पार्टी ने टिकट नहीं दिया था और यह सीट भाजपा के सहयोगी अपना दल (सोनेलाल) के खाते में चली गई थी। टिकट न मिलने के बावजूद रामनरेश रावत क्षेत्र में सक्रिय रहे और भाजपा और आम लोगों के कार्यक्रमों में शिरकत करते रहे। पूर्व विधायक के निधन पर बछरावां के साथ-साथ बाराबंकी में भी जनता शोकाकुल है।

## दंपति ने 11 वर्षीय बेटी को नहर में फेंका, दोनों गिरफ्तार

**मेरठ।** मेरठ जिले में अपनी 11 वर्षीय बेटी के चरित्र पर शक होने के कारण उसे नहर में फेंकने के आरोप में एक दंपति को गिरफ्तार किया गया है। बच्ची को अभी तक बरामद नहीं किया जा सका है और पुलिस उसकी तलाश कर रही है। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) केशव कुमार ने रविवार शाम पीटीआई-भाषा को बताया कि यह मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिस ने गंगानगर निवासी बबलू और उसकी पत्नी रूबी को गिरफ्तार कर लिया है। कुमार के अनुसार, पुलिस दंपति को उस स्थान पर लेकर गई, जहां से उन्होंने बेटी को धक्का देने की बात स्वीकारी है। उन्होंने बताया कि बच्ची की तलाश रविवार सुबह से जारी है, लेकिन अभी तक वह नहीं मिल सकी है। बच्ची पांचवीं कक्षा में पढ़ती थीं। पुलिस के अनुसार, बच्ची को नहर में फेंके जाने की वजह पूछने पर दंपति ने बताया कि उनकी बेटी लड़कों से बात करती थी और आपत्तिजनक इशारे करती थी, इसलिए उन्होंने यह कदम उठाया। इस बीच, गंगानगर थाना पुलिस ने बताया कि बबलू मेरठ में ही एक दोपहिया कंपनी में काम करता है। पुलिस ने बताया कि पहले बबलू ने अपनी बेटी के लापता होने का मामला दर्ज कराया था और कहा था कि वह एक सितंबर की शाम रूबी को दवा दिलाने के लिए घर से निकला और उसकी बेटी भी साथ जाने की जिद करने लगी। पुलिस के अनुसार, बबलू और रूबी ने कहा कि वे अपनी बेटी को मोटरसाइकिल पर बैठाकर करीब एक किलोमीटर दूर बर्गर की एक दुकान पर लेकर गए और बर्गर दिलाने के बाद उन्होंने उसे वहीं से घर वापस भेज दिया, लेकिन जब वह घर नहीं पहुंची, तो उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज करते हुए बच्ची की तलाश शुरू की। जांच में सतर्कता दल को भी लगाया गया था। सतर्कता दल शनिवार रात बबलू के घर पहुंचा और उसने दंपति को थाने लाकर सख्ती से पूछताछ की, जिसके बाद दोनों ने सच बता दिया। बबलू और रूबी ने कहा कि उनकी बेटी की संगत गलत थी, इसलिए जब वह नहीं मानी तो उन्होंने उसे नहर में धक्का दे दिया।

**पत्नी की कुल्हाड़ी से काट कर हत्या करने के आरोप में पति गिरफ्तारः** फतेहपुर । जिले की सदर कोतवाली क्षेत्र के चौफेरवा गांव में एक व्यक्ति ने शनिवार की रात कुल्हाड़ी से काट कर कथित रूप से अपनी पत्नी की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। नगर क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक (सीओ) वीर सिंह ने रविवार को बताया कि शहर कोतवाली क्षेत्र के चौफेरवा गांव के रहने वाले रामविशाल (52) ने घर के बाहर चारपाई पर सो रही अपनी पत्नी जमुना देवी (50) के सिर पर कुल्हाड़ी से कई वार किया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। उन्होंने बताया कि आरोपी पति को गिरफ्तार कर अपराध में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद कर ली गई है। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिएभेज कर पुलिस आगे की कार्वाई कर रही है।

## अपहरण कर नाबालिग के साथ दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**भदोही ।** भदोही-प्रयागराज सीमा पर जिले के ऊंज थाना क्षेत्र से सोलह साल की नाबालिग किशोरी का कथित रूप से अपहरण कर उसके साथ बलात्कार करने के मामले में पुलिस ने रविवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। ऊंज थाने के प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार राय ने बताया कि थाना क्षेत्र निवासी 16 साल की किशोरी का कुछ दिनो पर पहले संदीप कुमार (23) ने अपहरण कर लिया था। घटना के वक्त वह शौच के लिए गई थी। उन्होने बताया कि परिजनो ने खोजबीन के बाद दस दिन पहले ही आरोपी के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कराया था। थाना प्रभारी ने बताया कि सर्विलांस की मदद से शनिवार रात को पुलिस ने प्रयागराज मे एक कमरे से किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया। उन्होने बताया कि पूर्व मे दर्ज अपहरण के मामले मे अब दुष्कर्म, मारपीट, धमकी समेत पॉक्सो कानून के प्रावधान भी जोड़ दिए गए है। उन्होने बताया कि आज किशोरी की मेडिकल जांच कराने के साथ अदालत मे बयान दर्ज कराया गया। राय ने बताया कि मौके से फरार आरोपी संदीप कुमार को रविवार शाम प्रयागराज के भीटी से गिरफ्तार कर लिया गया।

## मुठभेड़ में गोली लगने से घायल इनामी बदमाश गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ जिले के हथिगवां क्षेत्र में बछ्न्दामऊसुनियावां मार्ग पर पुलिस से हुई मुठभेड़ में गोली लगने से घायल एक वांछित इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस ने तीनाचार सितंबर की मध्यरात्रि को हथिगवां थाना क्षेत्र के बछ्न्दामऊसुनियावां मार्ग पर मोटरसाइकिल से आ रहे 25 हजार रुपए के इनामी बदमाश राम सिंह यादव (30) को रोकने की कोशिश की तो उसने पुलिस पर गोलियां चलानी शुरू कर दी। उन्होने बताया कि जवाबी कार्वाई मे वह बदमाश गोली लगने से जख्मी हो गया। उसे गिरफ्तार कर स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूत्रों ने बताया कि यादव हिस्ट्रीशीटर बदमाश है।

## मगरमच्छ ने महिला को शिकार बनाया

**बहराइच।** बहराइच के कतर्नियाघाट वन्यजीव विहार इलाके में रविवार सुबह घाघरा नदी से पानी भर रही एक महिला पर मगरमच्छ ने हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। वन विभाग के अधिकारी ने यह जानकारी दी। कतर्नियाघाट वन्यजीव विहार के प्रभागीय वनाधिकारी आकाशदीप बधावन ने पत्रकारों को बताया कि बकरियां चरा रही एक महिला की मगरमच्छ के हमले में मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार, थाना सुजौली अंतर्गत कतर्नियाघाट क्षेत्र की सदर बीट में रामवृक्ष पुरवा गांव निवासी सीमा सिंह (48) रविवार सुबह घाघरा नदी किनारे बकरियां चराने गई थी। इसी दौरान वह बकरियों को पिलाने के लिए नदी से पानी भरने गई, तभी एक मगरमच्छ ने उसे दबोच कर पानी में खींच लिया। उन्होंने बताया कि शोर सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीणों ने महिला को मगरमच्छ के चंगुल से छुड़ा तो लिया, लेकिन तब तक मगरमच्छ ने महिला का एक पैर पूरी तरह खा लिया था और उसकी मौत हो चुकी थी। लोगों की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। बधावन ने बताया ककि मृतक महिला का पोस्टमार्टम कराने एवं अन्य आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को नदी के किनारे जाते वक्त सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

**बांदा में अपराधी ने फांसी लगाकर आत्महत्या की:**बांदा। जिले की देहात कोतवाली क्षेत्र के जारी गांव में एक अपराधी ने फांसी लगाकर कथित रूप से आत्महत्या कर ली। देहात कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) बृजेश सिंह ने रविवार को बताया कि जारी गांव में शनिवार की रात उदयभान सिंह (42) ने अपने घर में पंखे की हुक से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि उदयभान के खिलाफ हत्या और अपहरण के कई मुकदमे दर्ज हैं और वह कुछ दिन पहले ही जमानत पर जेल से बाहर आया है। सिंह ने बताया कि उदयभान की पत्नी संजू सिंह ने सात साल पहले गोली मार कर आत्महत्या कर ली थी। परिजन उदयभान की आत्महत्या की वजह नहीं बता पाए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

## रिश्वत मांगने के आरोप में पुलिस चौकी प्रभारी निलंबित

**बलिया।** बलिया जिले में एक मामले से कथित तौर पर आरोपित का नाम हटाने के लिए रिश्वत मांगने का ऑडियो सार्वजनिक होने के बाद सोनाडीह पुलिस चौकी के प्रभारी को निलंबित कर दिया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी ने रविवार को बताया कि जिले की सोनाडीह पुलिस चौकी पर तैनात प्रभारी दिनेश शर्मा को शनिवार शाम निलंबित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि शर्मा के विरुद्ध कथित तौर पर रिश्वत की बातचीत करने का आडियो सोशल मीडिया पर शनिवार को सार्वजनिक होने के मामले में कार्वाई की गई है। इस मामले में जांच के आदेश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि सार्वजनिक हुए ऑडियो में कथित रूप से शर्मा मोबाइल फोन पर एक व्यक्ति से 20 हजार रुपए रिश्वत मांगते सुनाई दे रहे हैं। उभांव थाना क्षेत्र के सोनाडीह गांव की सरस्वती देवी नामक महिला ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर आरोप लगाया है कि पुलिस चौकी प्रभारी दिनेश शर्मा ने उसके भाई मंगलेश का नाम एक मामले से हटाने के लिए 20 हजार रुपए रिश्वत की मांग की और 18 हजार रुपए ले भी लिए हैं।

## खुद को जिंदा साबित करने के लिए अधिकारियों के यहां चक्कर लगा रहा ओमप्रकाश

**शाहजहांपुर।** जिले के सरकारी रिकार्ड में मृत घोषित करीब 70 वर्षीय एक व्यक्ति खुद को जिंदा साबित करने के लिए दर-दर भटक रहा है। जिले के तिलहर थाना क्षेत्र के फतेहपुर निवासी ओमप्रकाश का कहना है कि वह खुद को जिंदा साबित करने के लिए पिछले एक साल से सरकारी दफ्तरों का चक्कर लगा रहा है। ओमप्रकाश ने शनिवार को थाना दिवस में अधिकारियों के सामने पेश होकर कहा, साहब मैं ओमप्रकाश हूं, जीवित हूं अभी मरा नहीं, परंतु अधिकारियों ने तो हमें जीते जी मार डाला, अब ना तो कोई आर्थिक मदद आ रही है और ना ही बैंक से मेरा पैसा निकल रहा है। जिसके चलते खेत की सिंचाई नहीं कर सके और गन्ने की फसल सूख रही है। उन्होंने कहा, सरकारी अभिलेखों में एक वर्ष पहले ही उन्हें मृत घोषित कर दिया गया और जब वह वृद्धावस्था पेंशन का पैसा बैंक निकालने गए तो वहां बताया गया कि आप की मौत हो चुकी है ऐसे में खाते से पैसा नहीं निकल सकता। इसके बाद उनके गन्ने का बकाया पैसा चीनी मिल से आया परंतु वह भी नहीं निकल पाया और वह अधिकारियों के चक्कर लगाते लगाते थक चुके हैं। तिलहर के तहसीलदार ज्ञानेंद्र सिंह ने पीटीआईभाषा को रविवार को बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है और उन्होंने एक टीम को ओमप्रकाश के गांव भेजा है जो पूरे मामले की जांच करेगी। सिंह ने कहा कि यदि ओमप्रकाश को अभिलेखों में मृत दर्शाया गया है तो उन्हें पुनः जीवित दिखाया जाएगा तथा जिस स्तर पर भी यह गड़बड़ी हुई उनके विरुद्ध विधिक कार्वाई की जाएगी।

## जन-जन तक जल पहुंचाने का संकल्प

आलोक निगम। बांदा



**जन.जन** तक जल पहुंचाना है, जल संरक्षण अपनाना है की थीम पर जनपदीय जल संरक्षण गोष्ठी एतिहासिक दुर्ग कालिंजर में आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गिरराज गोयलए निदेशकए जल शक्ति मंत्रालय व विशिष्ट अतिथि श्री उमाशंकर पाण्डेयए भारत सरकार से राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त जल योद्धा एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुराग पटेल द्वारा की गई। सर्वप्रथम सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इसके पश्चात् मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को बुके देकर एवं बैच अलंकरण कर स्वागत किया गया।

मुख्य अतिथि निदेशक गिरराज गोयल ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा कि आज कालिंजर के इस अजेय दुर्ग पर भगवान नीलंकण्ठ ने अपने आर्शीवाद से मुझे जनपदीय जल संरक्षण गोष्ठी में बोलने का अवसर दिया है। जब मुझे जनपद में जल संरक्षण गोष्ठी का प्रस्ताव जिलाधिकारी द्वारा भेजा गया तभी मैंने सोचा था कि मैं उक्त गोष्ठी में जरूर जाऊंगा और जल ग्राम जखनी भी देखूगां। उन्होंने कहा कि प्यासे बुन्देलखण्ड की तकदीर को बदलने के लिये जो ठानी है। वह जरूर साकार होगा। जिलाधिकारी अनुराग पटेल ने बांदा को पानीदार बनाकर सभी का दिल जीत लिया है और आने वाली पीढ़ी को बचाने के लिये जो कार्य किया जा रहा है वह इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा। हम लोग बरसात के पानी को रोकते नहीं और वह नदीए नाले से समुद्र में चला जाता है और पेड़ काटे जा रहे है तथा भूमिगत जल का दोहन कर रहे है। इन सभी बातों को सोचना चाहिए और यह चिंता का विषय है। पूरे विश्व में मात्र 2०5 प्रतिशत ही पानी पीने योग्य है और पूरे विश्व में 17 प्रतिशत आबादी भारत की है। हमारे देश में 81 प्रतिशत पानी किसानों को कृषि के लिये जरूरत पड़ती है। हम जब पैसों की चिन्ता करते हैं और सोचते है कि कितना खर्च करें। ठीक उसी प्रकार हमें पानी के लिये चिन्ता करने की जरूरत है। इसी को देखकर प्रधानमंत्री जी ने अटल भूजल योजना लांच की गई है।विशिष्ट अतिथि उमाशंकर पाण्डेय द्वारा कार्यक्रम को सम्बोधित किया गया। जिलाधिकारी अनुराग पटेल द्वारा कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा कि ऐतिहासिक दुर्ग कालिंजर को विकसित करने का प्रसाय किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही जल गोष्ठी की तरह कालिंजर विकास गोष्ठी करेंगे और उसमें कालिंजर को विकसित करने के लिये जन सामान्य से सुझाव प्राप्त किया जायेगा। जल्द ही कालिंजर देश ही नहीं पूरे प्रदेश में पर्यटन के क्षेत्र में उभरेगा। जिलाधिकारी अनुराग पटेल निदेशकए जल शक्ति मंत्रालयए भारत सरकार को अंगवस्त्र व मुमेन्टों भेट की गई एवं श्रीमती मीराबाई पटेलए जिला पंचायत सदस्य द्वारा मुख्य अतिथि को तलवार भेंट की गई। कार्यक्रम में मंच का संचालन श्री इन्द्रवीर सिंह द्वारा किया गया।

# भारत पर भारी पड़ा पाक, रिजवान चमके

## ● सुपर चार चरण में 5 विकेट से हारी टीम इंडिया

**भाषा।** दुबई



**सलामी** बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान के अर्धशतक और मोहम्मद नवाज के साथ उनकी अर्धशतकीय साझेदारी से पाकिस्तान ने एशिया कप टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के सुपर चार चरण के रोमांचक मुकाबले में रविवार को यहां भारत को पांच विकेट से हरा दिया। भारत के 182 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान ने रिजवान (51 गेंद में 71 रन, छह चौके और दो छक्के) और करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेलने वाले नवाज (20 गेंद में 42 रन, छह चौके, दो छक्के) के बीच तीसरे विकेट की 73 रन की साझेदारी से एक गेंद शेष रहते पांच विकेट पर 182 रन बनाकर जीत दर्ज की। रिजवान और नवाज के आउट होने के बाद आसिफ अली (16) और खुशदिल शाह (नाबाद 14) ने टीम की जीत सुनिश्चित की। भारत के लिए रवि बिश्नोई (26 रन पर एक विकेट) और अर्शदीप सिंह (27 रन पर एक विकेट) ने उम्दा गेंदबाजी की लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। भारत ने कोहली की 44 गेंद में चार चौकों और एक छक्के से 60 रन की पारी से सात विकेट पर 181 रन बनाए। कप्तान रोहित शर्मा (28) और लोकेश राहुल (28) की सलामी जोड़ी ने भारत को तेज शुरुआत दिलाते हुए 5.1 ओवर में 54 रन जोड़े। पाकिस्तान की तरफ से लेग स्पिनर शादाब खान सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 31 रन देकर दो विकेट चटकाए। बाएं हाथ के स्पिनर मोहम्मद नवाज ने किफायती गेंदबाजी करते हुए 25 रन देकर एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए रिजवान और बाबर आजम (14) दोनों ने भुवनेश्वर के पहले ओवर में चौके से खाता खोला। बाबर ने भुवनेश्वर के अगले ओवर में एक और बाउंड्री लगाई लेकिन लेग स्पिनर बिश्नोई की गेंद पर रोहित शर्मा को कैच दे बैठे। हार्दिक पंड्या के अगले ओवर में रिजवान ने दो जबकि फखर जमां (15) ने एक चौका मारा। रिजवान ने अर्शदीप सिंह पर पारी का पहला छक्का जड़ा। पाकिस्तान ने पावर प्ले में एक विकेट पर 44 रन बनाए। फखर ने युजवेंद्र चहल पर चौका जड़ा लेकिन अगली गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में लांग आन पर कोहली को आसान कैच दे बैठे। नवाज ने चहल पर चौके से खाता खोला और फिर पंड्या और बिश्नोई पर छक्के मारे। रिजवान ने अर्शदीप की गेंद पर दो रन के साथ 37 गेंद में अर्धशतक बनाया और 13वें ओवर में टीम के रनों का सैकड़ा पूरा किया। नवाज ने पंड्या और चहल पर दो-दो चौकों के साथ रन गति में इजाफा किया। पाकिस्तान को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 47 रन की दरकार थी। रोहित ने भुवनेश्वर की गेंदबाजी में वापसी कराई और उन्होंने कप्तान को निराश नहीं करते हुए नवाज को लांग आफ पर हुड्डा के हाथों कैच करा दिया। पंड्या के अगले ओवर में रिजवान भी गेंद को हवा में लहराकर लांग आफ पर सूर्यकुमार को कैच दे बैठे। अर्शदीप ने बिश्नोई की गेंद पर शॉर्ट थर्ड मैन पर आसिफ अली का कैच टपकाया। आसिफ ने जीवनदान का फायदा उठाते हुए 19वें ओवर में भुवनेश्वर पर छक्का और चौका जड़ा।

### स्कोरबोर्ड

**भारतः** लोकेश का नवाज बो शादाब 28,रोहित का खुशदिल बो राउफ 28,कोहली रन आउट 60,सूर्यकुमार का आसिफ बो नवाज 13 , पंत का आसिफ बो शादाब 14, पंड्या का नवाज बो हसनैन 00,हुड्डा का नवाज बो शाह 16,भुवनेश्वर नाबाद 00, बिश्नोई नाबाद 08,**अतिरिक्तः** 14,**कुलः** 20 ओवर में सात विकेट परः 181 रन,**विकेट पतनः**1-54, 2-62, 3-91, 4-126, 5-131, 6-168, 7-173,**गेंदबाजीः** नसीम 4-0-45-1,हसनैन 4-0-38-1,राउफ 4-0-38-1,नवाज 4-0-25-1, शादाब 4-0-31-2

**पाकिस्तान** : रिजवान का सूर्यकुमार बो पंड्या 71,बाबर का रोहित बो बिश्नोई 14,जमां का कोहली बो चहल 15, रिजवान का हुड्डा बो भुवनेश्वर 42, शाह नाबाद 14,अली पगबाधा बो अर्शदीप 16, अहमद नाबाद 02,**अतिरिक्तः** 08,**कुलः**19.5 ओवर में पांच विकेट परः 182 रन,**विकेट पतनः**1-22, 2-63, 3-136, 4-147, 5-180,**गेंदबाजीः**भुवनेश्वर 4-0-40-1,अर्शदीप 3.5-0-27-1, बिश्नोई 4-0-26-1,पंड्या 4-0-44-1,चहल 4-0-43-1

# 36वें राष्ट्रीय खेलों का रंगारंग उद्घाटन

## ● शाह ने गुजरात के खेल ढांचों में तेजी से बढ़ोतरी के लिए पीएम के नेतृत्व को श्रेय दिया

**भाषा।** अहमदाबाद






**केंद्रीय** गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गुजरात ने खेल की दुनिया में महत्वपूर्ण स्थान हासिल किया और ऐसा कोई खेल नहीं है जिसके लिए राज्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर का टूर्नामेंट आयोजित नहीं किया जा सके। वह 36वें राष्ट्रीय खेलों के उद्घाटन समारोह के मौके पर सभा को संबोधित कर रहे थे जिनकी मेजबानी गुजरात कर रहा है। उन्होंने कहा, मैं पूरे देश के लोगों को बताना चाहूंगा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में गुजरात ने पिछले एक दशक में खेल के बुनियादी ढांचे के निर्माण में सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। ऐसा कोई खेल नहीं बचा है जिसके लिए गुजरात में अंतरराष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंट का आयोजन नहीं किया जा सके। दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम नरेंद्र मोदी स्टेडियम के करीब बनने वाली स्पोर्टस सिटी अहमदाबाद को शायद दुनिया का सबसे बड़ा स्टेडियम और स्पोर्ट्स सिटी रखने वाला शहर बना देगी। शाह ने कहा कि भारतीय खिलाड़ियों के पदक जीतने की संख्या में भी काफी बढ़ोतरी हुई है जिसमें ओलंपिक और एशियाई खेल शामिल हैं। 36वें राष्ट्रीय खेल गुजरात 2022 29 सितंबर से 12 अक्टूबर तक यहां आयोजित किए जाएंगे जिन्हें रविवार को शाम यहां ईकेए एरीना ट्रांसस्टेडिया में राजनीति और खेलों की दुनिया की मशहूर हस्तियों की मौजूदगी में आधिकारिक रूप से लांच किया गया। इस कार्यक्रम में खेलों के गान और शुभंकर के साथ वेबसाइट और मोबाइल एप का भी अनावरण किया गया। अहमदाबाद, गांधीनगर, सूरत, वडोदरा, राजकोट और भावनगर राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी करेंगे जबकि ट्रैक साइकिलिंग स्पर्धा नई दिल्ली में कराई जाएगी। 28 राज्यों और आठ केंद्र शासित प्रदेशों के करीब 7000 खिलाड़ियों के 36 प्रतियोगिताओं में भाग लेने की उम्मीद है जिनमें पारंपरिक ओलंपिक के ज्यादातर खेल शामिल हैं। वहीं स्वदेश खेल जैसे मलखंब और योगासन भी पहली बार इनमें शामिल किए जाएंगे। पिछली बार राष्ट्रीय खेल 2015 में केरल में आयोजित किए गए थे।

### बायर्न म्युनिख व यूनियन बर्लिन के बीच ड्रॉ रहा

**बर्लिन।** बायर्न म्युनिख को बुंडेस्लिगा फुटबॉल में यूनियन बर्लिन ने 1-1 से ड्रॉ पर रोकदिया जबकि फ्रेइबर्ग ने बाएर लीवरकुसेन को 3-2 से हराया। अब गोल औसत के आधार पर फ्रेइबर्ग अंकतालिका में शीर्ष पर है जबकि बोरुसिया डॉर्टमंड दूसरे स्थान पर है। बायर्न और यूनियन के समान अंक है लेकिन वे तीसरे और चौथे स्थान पर है। थॉमस म्यूलर दूसरे हाफ में सब्स्टीट्यूट के तौर पर बायर्न के लिए उतरे तो उन्होंने ओलिवर कान के 633 क्लब मैच खेलने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। अन्य मैचों में फ्रेंकफर्ट ने लीपजिग को 4-0 से हराया जबकि वेरडेर ब्रेमेन ने बोशम को 2 -0 से मात दी। शाल्के ने स्टुटगार्ट से 1-1 से ड्रा खेला और कोल्न ने वोल्फ्सबर्ग को 4- 2 से हराया।

### एमबाप्पे के दो गोल की मदद से पीएसजी जीता

**पेरिस।** शानदार फॉर्म में चल रहे काइलियान एमबाप्पे के दो गोल की मदद से पेरिस सेंट जर्मेन ने नांतेस को 3-0 से हराकर फ्रेंच फुटबॉल लीग में शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। पीएसजी को अगले सप्ताह चैम्पियंस लीग मैच में जुवेंटस से खेलना है। छह लीग मैचों में पांच जीत के साथ अपराजेय पीएसजी अब तक 24 गोल कर चुकी है। फ्रेंच चैम्पियन टीम को हालांकि करारा झटका लगा जब उसके पुर्तगाली मिडफील्डर विटिन्हा मैच के दौरान घायल हो गए। एक अन्य मैच में मार्शेले ने आक्सेरे को 2-0 से मात दी।

### बार्सीलोना ने सेविला को हराया, मैड्रिड भी जीता

**बार्सीलोना।** बार्सीलोना ने स्पेनिश लीग फुटबॉल में सेविला को 3-0 से हराया जिसमें रॉबर्ट लेवांडोवस्की, राफिन्हा और जुलेस कुउंडे ने गोल दागे। लेवांडोवस्की बायर्न म्युनिख से बार्सीलोना आने के बाद चार मैचों में पांच गोल कर चुके है जबकि पहले लीड्स के लिए खेलने वाले राफिन्हा का यह बार्सीलोना के लिए पहला गोल था। बार्सीलोना अब अंकतालिका में रीयाल मैड्रिड से दो अंक पीछे दूसरे स्थान पर है। मैड्रिड ने रीयाल बेटिस को 2-1 से हराया। मैड्रिड के लिए विनिशियस जूनियर और रौद्रिगो ने गोल दागे। वही एक अन्य मैच में रीयाल सोशिदाद ने एटलेटिको मैड्रिड से। 1-1 से ड्रॉ खेला।

# चोटिल कृष्णा की जगह शारदुल जुड़ेंगे

## ● भारत ए टीम की घोषणा

**भाषा।** नई दिल्ली





**तेज** गेंदबाज आल राउंडर शारदुल ठाकुर को बेंगलुरू में न्यूजीलैंड ए के खिलाफ चल रही तीन मैचों की श्रृंखला के लिए भारत ए टीम में चोटिल प्रसिद्ध कृष्णा की जगह शामिल किया गया। कृष्णा को पीठ की चोट के कारण श्रृंखला से हटना पड़ा जिससे इस 26 वर्षीय की जगह लेने के लिए ठाकुर को टीम में शामिल किया गया। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने पीटीआई से कहा, शारदुल ठाकुर को प्रसिद्ध कृष्णा की जगह लेने के लिए चुना गया जो न्यूजीलैंड ए के खिलाफ पहले मैच की पूर्व संध्या पर चोटिल (पीठ की चोट) हो गए। कृष्णा इस चोट के कारण पहले चार दिवसीय टेस्ट में हिस्सा नहीं ले सके जो रविवार को ड्रा पर छूटा। ठाकुर को पहले दलीप ट्रॉफी के लिए पश्चिम क्षेत्र की टीम में चुना गया था लेकिन अब भारत ए में चुने जाने के बाद सौराष्ट्र के चेतन सकारिया क्षेत्रीय टीम में उनकी जगह लेंगे। ठाकुर थाईलैंड में छुट्टियां मना रहे थे, अब वह जल्द से जल्द हुबली में भारत ए टीम से जुड़ेंगे। भारत ए और न्यूजीलैंड ए की टीम हुबली में आठ सितंबर से दूसरे और बेंगलुरू में 15 सितंबर से तीसरे मैच में एक दूसरे से भिड़ेंगी।

### ईरानी कप में एक से पांच अक्टूबर तक शेष एकादश की मेजबानी करेगा रणजी चैम्पियन सौराष्ट्र

**नई दिल्ली।** पूर्व रणजी ट्रॉफी चैम्पियन सौराष्ट्र ईरानी कप मे एक से पांच अक्टूबर तक शेष एकादश की मेजबानी करेगा। ईरानी कप 2019 के बाद घरेलू कैलेंडर मे वापसी करेगा। सौराष्ट्र ने मार्च 2020 मे बंगाल को हराकर अपना पहला रणजी ट्रॉफी खिताब जीता था लेकिन इसके बाद कोविड-19 महामारी के कारण पूरे देश मे लॉकडाउन लगा दिया गया था। मध्य प्रदेश ने इस सत्र में अपना पहला खिताब हासिल किया है लेकिन उनके अगले साल ईरानी कप मे खेलने की उम्मीद है। सौराष्ट्र क्रिकेट संघ (एससीए) ने एक बयान में कहा, टीम सौराष्ट्र 2019-20 सत्र मे 13 मार्च 2020 को रणजी ट्रॉफी चैम्पियन बनी। टीम सौराष्ट्र को तब 18 मार्च 2020 से एससीए स्टेडियम मे ईरानी ट्रॉफी खेलनी थी। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण रहा कि कोविड-19 महामारी के कारण ईरानी कप नही खेला गया। बीसीसीआई के घरेलू सत्र 2022-23 को पूर्ण स्तर पर आयोजित होते हुए देखकर अच्छा लग रहा है और ईरानी कप दो साल के बाद खेला जाएगा।

# सीधे सेटों में जीते नडाल, अगले दौर में

## ● अमेरिकी ओपन टेनिस

**भाषा।** न्यूयॉर्क



**रफेल नडाल** ने एकतरफा मुकाबले में फ्रांस के रिचर्ड गास्केत को 6-0, 6-1, 7-5 से हराकर अमेरिकी ओपन के चौथे दौर में प्रवेश कर लिया। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी नडाल को दूसरे दौर में मिली जीत के दौरान उनका ही रैकेट नाक पर लग जाने से चोट आई थी।

चार बार के चैम्पियन और 22 ग्रैंडस्लैम विजेता नडाल ने कहा कि अब उनकी चोट ठीक है।अब उनका सामना अमेरिका के फ्रांसिस टियाफो से होगा। वहीं आंद्रेइ रूबलेव ने चार घंटे से अधिक चले मैच में दुनिया के 19वें नंबर के खिलाड़ी डेनिस शापोवालोव को 6-4, 2-6, 7- 6, 6- 4, 7-से हराया। अब उनका सामना सातवीं रैंकिंग वाले कैमरन नॉरी से होगा। कार्लोस अलकारेज लगातार दूसरे अमेरिकी ओपन में चौथे दौर में पहुंचने वाले पीट सम्प्रास के बाद सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। सम्प्रास ने 1989 और 1990 में यह कमाल किया था। उन्नीस वर्ष के अलकारेज ने जेंसन ब्रूक्सबी को 6-3, 6-3, 6-3 से हराया। अब उनका सामना मारिन सिलिच और डेनियल इवांस के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। महिला वर्ग में जेसिका पेगुला ने क्वालीफायर युआन यूइ को 6-2, 6-7, 6- 0 से हराकर पहली बार अमेरिकी ओपन के चौथे दौर में प्रवेश किया। वहीं पेत्रा क्वितोवा ने गारबाइन मुगुरूजा को 5-7, 6-3, 7-6 से हराया। रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज इगा स्विएटेक ने लॉरेन डेविस को 6-3, 6- 4 से शिकस्त दी तो वहीं छठे स्थान की खिलाड़ी आर्यना सबलेंका ने क्लारा ब्यूरेल को 6-0, 6-2 से हराया। शनिवार को अन्य मैचों में दो बार की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन विक्टोरिया अजारेंका ने पेट्रा मार्टिक के खिलाफ 6-3, 6-0 से जीत दर्ज की। दो बार की ग्रैंडस्लैम उपविजेता कैरोलिना प्लिस्कोवा ने तोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता बेलिंडा बेनसिक को 5-7, 6-4, 6-3 से हराया। रैंकिंग में नौवें पायदान पर काबिज स्पेन की 19 साल की खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने गैर वरीयता प्राप्त जेंसन ब्रूक्सबी को 6-3, 6-3, 6-3 से हराया, सातवीं रैंकिंग के खिलाड़ी कैम नोरी ने होल्गर रूण को 7-5, 6-4, 6-1 से मात दी। पुरुषों के ड्रा में नौवें स्थान पर काबिज एंड्री रुबलेव ने 19वें नंबर के डेनिस शापोवालोव को 6 . 4, 2-6, 7-6 , 6-4, 7-6 से हराया। नंबर 11 यानिक सिनर ने ब्रैंडन नकाशिमा को 3-6, 6- 4, 6-1, 6-1 से पराजित किया। 2014 अमेरिकी ओपन चैंपियन मारिन सिलिच ने नंबर 20 डैन इवांस को 7-6 , 6-7, 6-2, 7-5 से हराकर अगले दौर का टिकट कटाया।

### यूपी के यशेश विश्व की दूसरी सबसे लंबी दूरी की साइकिल रेस में शामिल

**लखनऊ।** यूपी के साइकिलिस्ट 53 वर्षीय यशेश व्यास ने गत 7 से 12 अगस्त तक आयोजित लंदन एडिनबर्ग लंदन-2022 लांग डिस्टेंस साइकिलिंग रेस में प्रतिभाग किया। पेडल यात्री साइकिलिंग एसोसिएशन के सदस्य व पेशे से आर्किटेक्ट यशेश व्यास ने इस अवधि में 1540 किमी साइकिल चलाई।विश्व की दूसरी सबसे लंबी दूरी की साइकिल रेस में हिस्सा लेने वाले यूपी के पहले साइकिलिस्ट यशेश व्यास का इस रेस में प्रतिभाग करने के बाद लखनऊ आगमन पर पीसीए की टीम ने चौधरी चरण सिंह लखनऊ एयरपोर्ट पर स्वागत किया। इस अवसर पर पीसीए के सचिव आनंद किशोर पाण्डेय ने यशेश को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने विषम परिस्थितियों में प्रतिभाग किया।

### उन्नति, दर्शन इंडिया जूनियर इंटरनेशनल ग्रां प्री के फाइनल में हारे

**भाषा।** पुणे

**भारतीय** बैडमिंटन खिलाड़ी उन्नति हुड्डा और दर्शन पुजारी को इंडिया जूनियर इंटरनेशनल ग्रां प्री के क्रमशः महिला और पुरुष अंडर -19 के फाइनल में रविवार को यहां अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों से हार का सामना करना पड़ा। इस साल ओडिशा में बीडब्ल्यूएफ सुपर 100 टूर्नामेंट जीतने वाले सबसे कम उम्र के शटलर बनी 14 वर्षीय उन्नति को फाइनल में थाईलैंड की सरुनरक विटिडसर्न से 25-23 17-21 10-21 से हार का सामना करना पड़ा। मॉडर्न पीडीएमबीए खेल परिसर में पुरुषों के अंडर -19 फाइनल में दर्शन के चैम्पियन बनने के सपने को मुहम्मद हलीम अस सिद्दीक ने तोड़ा।

### बियानी ने मलेशिया शतरंज में स्वर्ण पदक जीता

**मुंबई।** छह साल की अनिष्का बियानी ने रविवार को कुआलालंपुर में मलेशिया आयु वर्ग रेपिड शतरंज चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता। धीरूबाई अंबानी स्कूल की पहली कक्षा की छात्रा अनिष्का ने लड़कियों के अंडर-छह ओपन वर्ग में संभावित छह में से चार अंक जुटाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता में आठ देशों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इससे पहले इस साल की शुरुआत में अनिष्का ने हैदराबाद में अखिल भारतीय फिडे रेटिंग शतरंज टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ अंडर सात खिलाड़ियों में से एक के रूप में क्वालीफाई किया था।

# तिलका का पहला, कुलदीप की नियंत्रित गेंदबाजी

## ● पहला अनाधिकृत टेस्ट ड्रा रहा

**भाषा।** बेंगलुरू



प्रतिभावान बल्लेबाज तिलक वर्मा ने अपना पहला प्रथम श्रेणी शतक लगाया जबकि कुलदीप यादव ने काफी नियंत्रित गेंदबाजी की जिससे रविवार को यहां भारत ए और न्यूजीलैंड ए के बीच पहला अनाधिकृत क्रिकेट टेस्ट ड्रा रहा। न्यूजीलैंड ए ने दूसरी पारी में चार विकेट पर 133 रन बनाए जिसके बाद मैच खत्म हो गया। इससे पहले भारत ए के कप्तान प्रियांक पंचाल ने पहली पारी छह विकेट पर 571 रन पर घोषित की थी। इसमें तिलक 183 गेंद में 121 रन बनाकर पारी के तीसरे शतकवीर रहे। भारतीय गेंदबाजी में शानदार चीज कुलदीप यादव की गेंदबाजी रही, उन्होंने दूसरी पारी में 22 ओवर में 38 रन देकर दो विकेट झटके। मैच ड्रा की ओर बढ़ रहा था लेकिन बाएं हाथ के इस कलाई के स्पिनर ने पहली पारी की तुलना में काफी नियंत्रण और सटीकता से गेंदबाजी की। पहली पारी में उन्होंने 34 ओवर में 119 रन देकर एक विकेट झटका था। उन्होंने न्यूजीलैंड ए के दांए हाथ के सलामी बल्लेबाज चाड बॉवेस (20 गेंद में पांच रन) को बेहतरीन बाएं हाथ की स्पिन गुगली से अपना शिकार बनाया। बॉवेस रक्षात्मक स्ट्रोक खेलने के लिए आगे हुए लेकिन गेंद टर्न होकर उनके बल्ले को चूमती हुई स्लिप में खड़े रूतुराज गायकवाड़ के हाथों में समां गई। उन्होंने मार्क चैपमैन को भी आउट किया लेकिन उन्होंने जिस तरह से अपनी गेंदों की गति में विविधता दी, यह देखना शानदार था। मैच में अहम चीज यह रही कि कुलदीप ने मैच में कुल 56 ओवर डाले। वह बचे हुए दो में से कम से कम एक टेस्ट में और खेलेंगे क्योंकि राहुल चाहर को भी एक मैच दिया जाएगा। इसके बाद कुलदीप उत्तर प्रदेश के लिए घरेलू क्रिकेट खेलने के बाद बांग्लादेश दौरे पर जाएंगे। तिलक ने भारत ए पदार्पण में चमकदार प्रदर्शन किया। अपने इस पहले अनाधिकृत टेस्ट से पहले उन्होंने केवल चार प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 90 रन का था।

### मुशफिकुर रहीम ने टी20 से संन्यास लिया

**भाषा।** ढाका

**बांग्लादेश के** विकेटकीपर मुशफिकुर रहीम ने क्रिकेट के लंबे प्रारूपों पर ध्यान देने के लिए रविवार को टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास की घोषणा की। बांग्लादेश के 35 वर्षीय पूर्व कप्तान हालांकि फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलना जारी रखना चाहते हैं। मुशफिकुर ने अपने ट्विटर पर लिखा, मैं खेल के टेस्ट और वनडे प्रारूपों पर ध्यान देने के लिए टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास की घोषणा करता हूं। उन्होंने कहा, मौका आने पर मैं फ्रेंचाइजी लीग खेलने के लिए उपलब्ध रहूंगा। दो प्रारूपों में गर्व से अपने देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए उत्सुक हूं।

### ओड़िशा एफसी ने आर्मी ग्रीन को हराया, ग्रुप चरण के सभी मैच जीते

**गुवाहाटी।** ओडिशा एफसी ने रविवार को यहां इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम में डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट में आर्मी ग्रीन टीम को।-0 से हराया। स्पेनिश फॉरवर्ड पेड्रो मार्टिन के 83वें मिनट में किए गए गोल की मदद से ओड़िशा एफसी ने पूरे तीन अंक हासिल किए। ओडिशा एफसी ने इस तरह ग्रुप डी में अपना अभियान सभी मैचों में जीत से समाप्त किया, उसके चार मैचों में 12 अंक हैं। अब ओड़िशा एफसी नॉकआउट मैचों के लिए कोलकाता जाएगी। आर्मी ग्रीन चार मैचों में चार अंक से तीसरे स्थान पर रही।

# जोनल एथलेटिक मीट में दौड़े छात्र



**लखनऊ।** कॉल्विन ताल्लुकेदार्स कॉलेज की आईएससी शाखा में आयोजित एएसआईएससी जोनल एथलेटिक मीट 2022 जोन ए और बी का समापन हो गया। इस एथलेटिक मीट में राजधानी के 15 विद्यालयों ने हिस्सा लिया। जोनल बी की प्रतियोगिताओं का लखनऊ पब्लिक कॉलिजिएट तथा समन्वयक राजीव गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर कॉलेज के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी अतिथियों का मन मोह लिया। कॉल्विन ताल्लुकेदार्स कॉलेज के प्रधानाचार्य अनूप राज ने भी एथलेटिक मीट को संबोधित किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर जोनल ए और बी के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया।

### यूपी स्टेट इंडोर फील्ड आर्चरी में चमके तीरंदाज



**लखनऊ।** इंडोर फ ील्ड आर्चर एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश व डिस्ट्रिक्ट इंडोर फील्ड आर्चर एसोसिएशन बाराबंकी के संयुक्त तत्वाधान में उत्तर प्रदेश स्टेट इंडोर फील्ड आर्चरी चैंपियनशिप 2022 का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में अंडर 17 और 19 के 100 से ज्यादा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रदेश के खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में अपनी निशानेबाजी से लक्ष्य भेदने के कौशल का प्रदर्शन किया। जिसमे अंडर14 बैम बू बो (सिंगल स्पॉट) में नवीन यादव प्रथम, अब्दुल्लाह बाबर द्वितीय, सार्थक सिन्हा तृतीय, फाइव स्पॉट में रवि सिंह प्रथम, आर्यन सिंह द्वितीय रहे। मिक्स स्पॉट में शहालम अंसारी प्रथम, रवि रंजन द्वितीय, आयुष्मान राजपूत तृतीय स्थान पर रहे, रिजर्व बो सिंगल स्पॉट में अथर्व सिंह प्रथम व हार्दिक शेखर द्वितीय स्थान पर रहे। इसी क्रम में बैमबो बो अंडर 17 (सिंगल स्पॉट) में रणविजय यादव प्रथम, देव सिंह द्वितीय, अजय कुमार गुप्ता तृतीय रहे, बेयर बो सिंगल स्पॉट में विवेक कश्यप प्रथम, अखंड प्रताप सिंह द्वितीय, हर्ष चौबे तृतीय स्थान पर रहे। बेयर बो फाइव स्पॉट में जतिन वर्मा प्रथम, अखंड प्रताप सिंह द्वितीय, नितेश कुमार सिंह तृतीय स्थान पर रहे, बैम बो सिंगल स्पॉट बालिका वर्ग में वैष्णवी साहू प्रथम व राजी गंभीर द्वितीय स्थान पर रहीं। रिजर्व बो फाइव स्पॉट में अजय प्रताप सिंह प्रथम, कुशाग्र श्रीवास्तव द्वितीय, सम्राट सिंह मौर्य तृतीय स्थान पर रहे। कंपाउंड बो (सिंगल स्पॉट) में देवांश गौर प्रथम व प्रखर सिन्हा द्वितीय स्थान पर रहे। सीनियर वर्ग में (सिंगल स्पॉट) मो. सहमीर खान प्रथम, मो. सरताज खान द्वितीय, वाजीहुद्दीन अंसारी तृतीय रहे। रिकर्व बो (फाइव स्पॉट) ऋषित श्रीवास्तव प्रथम व दिव्यांश जैन द्वितीय स्थान पर रहे। रिजर्व बो (मिक्स स्पॉट) में शिवम गुप्ता प्रथम, आदिल खान द्वितीय, कुशाग्र श्रीवास्तव तृतीय रहे। कंपाउंड बो (मिक्स स्पॉट) में मुकुल देव वर्मा प्रथम, अमित सिंह तोमर द्वितीय पर रहे। इसी क्रम में कंपाउंड बो (सिंगल स्पॉट) (महिला वर्ग) में मन्नत मिश्रा प्रथम रही। कंपाउंड सिंगल स्पॉट में देवांश गौर प्रथम व वेटरन वर्ग में रवि शेखर को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि एएसपी (दक्षिण) पूर्णेंदु सिंह थे।